news@group5.in | group5news | group5news
www.group5news.com
हिन्दी दैनिक
# ग्रुप-5 समाचार
सदैव आपके साथ...
www.group5news.com/epaper
लखनऊ || शनिवार || 01 मार्च , 2025
वर्षः 17 || अंकः 74 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें
» 08 न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का रेस्ट फॉर्मूला
» 07 निसान के सीईओ की होगी छुट्टी?
» 11 सलमान खान की सिकन्दर का धमाकेदार टीजर

## पुणे में सरकारी बस में रेप केस का आरोपी अरेस्ट

### गन्ने के खेत में छिपा था, पानी पीने गांव में आया, लोगों ने पुलिस को खबर कर दी

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे में खड़ी बस में 26 साल की महिला के साथ हुए रेप का आरोपी महाराष्ट्र के शिरूर तहसील के केगुनाट गांव से गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। क्राइम ब्रांच पुणे के डीएसपी निखिल पिंगले ने बताया- गन्ने के खेत से आरोपी को देर रात गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के पूरे प्रोसेस में गांववालों ने हमें मदद की। उन्होंने ही बताया कि आरोपी गुनात गांव में आया है। रात में उसने एक घर से पीने का पानी और खाना मांगा। इस दौरान लोगों ने



उसे पहचान लिया और जानकारी पुलिस को दे दी। आरोपी को पकड़ने में भी लोगों ने मदद की। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा- आरोपी बीती रात 1.10 बजे गुनात गांव से पकड़ा गया। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक स्पेशल वकील नियुक्त किया जाएगा। हम केस को जल्दी पूरा करने की कोशिश करेंगे। फिलहाल आगे की जांच के लिए आरोपी को पुणे भेज दिया गया है। आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे ने 25 फरवरी को सरकारी स्वारगेट डिपो में इस वारदात को अंजाम दिया था। उस पर 1 लाख रुपए का ईनाम था।

## संभल जामा मस्जिद में नहीं होगी रंगाई पुताई

### हाईकोर्ट का बड़ा आदेश, मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

**प्रयागराज (एजेंसी)।** संभल जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करवाने की अनुमति नहीं दी। आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया ने शुक्रवार सुबह अपनी रिपोर्ट सौंपी। एएसआई ने रिपोर्ट में कहा- मस्जिद की पेंटिंग अभी ठीक है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एएसआई की निगरानी में तत्काल साफ-सफाई कराने का आदेश



दिया। मस्जिद कमेटी को इस रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल करने का 4 मार्च तक का समय दिया। हाईकोर्ट 4 मार्च को इस मामले पर फिर सुनवाई करेगा। दरअसल, 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था- हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है। इस पर गुरुवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। गुरुवार को हाईकोर्ट ने मस्जिद पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए 3 सदस्यीय कमेटी गठित की थी।

# उत्तराखंड में टूटा बर्फ का पहाड़

**फंसीं 41 जिंदगी**

### 16 लोगों को निकाला, सड़क से बर्फ हटाने गए थे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली में शुक्रवार सुबह 8 बजे एवलांच की वजह से 57 मजदूर बर्फ में दब गए। घटना चमोली के माणा गांव में हुई। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन की टीम चमोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बर्फ हटाने का काम कर रही थी। उसी दौरान बर्फ का पहाड़ टूटा और मजदूर दब गए। अब तक 16 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। 41 को निकालने का काम जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और बीआरआई की टीमें मौके पर हैं। मौसम विभाग ने 28 फरवरी की देर रात तक उत्तराखंड में भारी बारिश (20 मिमी तक) का अलर्ट जारी किया है। चमोली के एसपी संदीप तिवारी ने बताया कि घटनास्थल पर लगातार बारिश और बर्फबारी हो रही है, इसलिए हम हेलीकॉप्टर नहीं भेज पा रहे हैं। आवाजाही मुश्किल है। सैटेलाइट फोन उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए हम उनसे बातचीत भी नहीं कर पा रहे हैं। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। एनडीआरएफ की एसपी रिधिमा अग्रवाल ने कमांडेंट के हवाले से बताया कि घटना बद्रीनाथ धाम के पास की है। एक टीम जोशीमठ से रवाना हो चुकी है। लामबगड़ में सड़क ब्लॉक है।

**तेलंगाना टनल हादसा**

# अंदर फंसे मजदूरों के जिंदा बचने की संभावना कम

### रेलवे की टीमें भी रेस्क्यू में जुटी, 22 फरवरी से 8 मजदूर फंसे हैं



**नागरकुर्नूल (एजेंसी)।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया था। घटना को 6 दिन बीत चुके हैं लेकिन टनल में फंसे 8 मजूदरों को अब तक नहीं निकाला जा सका है।

रेस्क्यू जारी है। शुक्रवार को साउथ सेंट्रल रेलवे की 2 टीमें भी रेस्क्यू के लिए पहुंचीं। टीम भारी धातुओं को प्लाज्मा कटर और ब्रॉक कटिंग मशीन जैसे आधुनिक उपकरणों से काटने रास्ते से हटा रही है। नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक भी मौके पर पहुंचे हैं।

ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार की मदद से मलबे में दबे मजदूरों ढूंढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, किसी भी मजदूर के जीवित मिलने की संभावना बहुत कम लग रही है। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि मलबा हटाने और लोहे की छड़ों की कटिंग का काम लगातार जारी है। टनल के पानी को बाहर निकालने का काम चल रहा है।

# सोच समझकर करें पीएमएलए

**यूएपीए में गिरफ्तारी की समीक्षा**

### *सुप्रीम कोर्ट का अदालतों को निर्देश, खींच दी न्यायिक समीक्षा की लक्ष्मण रेखा*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को स्पेशल कानूनों के तहत गिरफ्तारी की समीक्षा बहुत सोच-समझकर करनी चाहिए। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समाज के हित के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट) ,यूएपीए (अनलॉफुल ऐक्टिविटीज प्रिवेंश ऐक्ट), फॉरेन एक्सचेंज, कस्टम्स ऐक्ट और जीएसटी जैसे खास कानूनों के संदर्भ में की। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में कोर्ट को अपनी शक्ति का इस्तेमाल बहुत कम करना चाहिए। जस्टिस त्रिवेदी सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच का हिस्सा थीं। इस बेंच ने कस्टम और जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तारी का अधिकार देने वाले प्रावधानों को सही ठहराया। जस्टिस त्रिवेदी ने अपने



अलग फैसले में कहा कि ऐसे मामलों (स्पेशल ऐक्ट के तहत गिरफ्तारी) में कोर्ट को सिर्फ यह देखना चाहिए कि कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन हुआ है या नहीं। मतलब, क्या अधिकारी कानून के तहत अधिकृत था। एससी जज ने कहा कि स्पेशल ऐक्ट्स खास उद्देश्यों के लिए बनाए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, स्पेशल ऐक्ट्स के सख्त प्रावधानों को नरमी से देखने से कानून का मकसद पूरा नहीं होगा। पीएमएलए, कस्टम्स ऐक्ट या फेरा के तहत अपराध बहुत गंभीर हैं। ये अपराध देश की वित्तीय व्यवस्था और संप्रभुता को प्रभावित करते हैं। इसलिए इन कानूनों के प्रावधानों की व्याख्या इस तरह से होनी चाहिए जिससे उनके उद्देश्य पूरे हों, न कि विफल। यह फैसला जांच एजेंसियों खासकर ईडी के लिए फायदेमंद हो सकता है। फैसले में कहा गया है, अगर कोर्ट बार-बार अधिकारियों के काम में दखल देगा, तो इससे गलत काम करने वालों का हौसला बढ़ेगा। और पीड़ितों, जो कि पूरा समाज और देश है, के साथ न्याय नहीं होगा। इस फैसले से जांच एजेंसियों को ताकत मिलेगी, क्योंकि कोर्ट के दखल की संभावना कम होगी। स्पेशल ऐक्ट क्या होते हैं, ये ऐसे कानून होते हैं जो किसी विशेष परिस्थिति या अपराध से निपटने के लिए बनाए जाते हैं। इनमें अक्सर सख्त प्रावधान होते हैं। उदाहरण के लिए,पीएमएलए मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने के लिए है, यूएपीए आतंकवाद से और कस्टम्स ऐक्ट तस्करी से।

# देश में पहली बार पालतू बिल्लियों में फैला बर्ड फ्लू

- एमपी के छिंदवाड़ा से लिए सैंपल की रिपोर्ट पॉजीटिव
- मटन-चिकन और अंडे की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक

**छिंदवाड़ा (एजेंसी)।** छिंदवाड़ा में बर्ड फ्लू से पालतू बिल्लियों की मौत के बाद चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने इसे लेकर अलर्ट जारी किया है। 30 दिन के लिए मटन-चिकन और अंडों की खरीदी-बिक्री पर पाबंदी लगा दी गई है। साथ ही संक्रमित क्षेत्र की सभी मटन और चिकन की दुकानों को सील कर दिया गया है। दरअसल, जिले में पिछले दिनों करीब 18 बिल्लियों की मौत हो गई थी। जिसके बाद 15 जनवरी को 4 और 22 जनवरी को 3 बिल्लियों के सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरलॉजी भेजे गए थे। 31 जनवरी को आई रिपोर्ट में इनमें से दो पालतू बिल्लियों के सैंपल एच5एन1 (बर्ड फ्लू) पॉजीटिव मिले थे। देश में ऐसा पहली बार है, जब घरेलू बिल्लियों में बर्ड फ्लू पाया गया है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीएस पक्षवार ने बताया कि मृत बिल्लियों




को कच्चा मांस जिन दुकानों से खिलाया गया था, उन 2 दुकानों विक्की चिकन सेंटर और नावेल्टी सेंटर के यहां सैंपलिंग की गई, जिसमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। प्रभावित क्षेत्र में प्रोटोकॉल का पालन कर संबंधित क्षेत्र में मटन, मुर्गी और अंडों को नष्ट किया गया। साथ ही मार्केट में इनके क्रय विक्रय पर पाबंदी लगा दी गई थी।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल हो सुधारः भारत

- भारत ने यूएन के सदस्यों को लगाई कड़ी फटकार
- आतंकवादियों के रक्षक चीन को भी खूब सुनाया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारत ने गुरुवार 27 फरवरी को यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल के सहायक बॉडीज के कामकाज के तरीकों में तत्काल सुधार का आह्वान किया है। भारत ने यूएनएससी के निकायों में ज्यादा पारदर्शिता लाने का आग्रह किया है।



भारत ने आतंकवादी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट में डालने के प्रस्तावों को अस्वीकार करने या रोकने के फैसलों के बारे में बरती जाने वाली गोपनीयता की आलोचना की है। यूनाइटेड नेशंस में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने इस प्रथा को 'छिपा हुए वीटो' बताया है। उन्होंने तत्काल इसमें सुधार लाने का आह्वान किया है। आपको बता दें कि कई मौकों पर चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों का समर्थन किया।

# अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं, मोहल्ला क्लीनिक से शौचालय भी मिले गायब

### कैग रिपोर्ट में दिखी दिल्ली की 'आपदा', कई जगह एंबुलेंस भी नदारद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राजनीति में इस समय सबसे ज्यादा चर्चा कैग रिपोर्ट की हो रही है, रेखा सरकार की तरफ से विधानसभा सत्र के दौरान कुल 14 फाइलें पेश की गई हैं। वहां भी राजधानी की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कई हैरान कर देने वाले दावे हुए हैं। कैग की रिपोर्ट से पता चलता है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान कई अस्पतालों में आईसीयू बेड नहीं थे, एंबुलेंस की संख्या भी काफी कम, इसके ऊपर मोहल्ला क्लीनिक में शौचालय गायब रहे। कैग रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में 14 ऐसे अस्पताल हैं जहां अभी तक आईसीयू बेड नहीं है, 12 ऐसे अस्पताल सामने आए हैं जहां एंबुलेंस की कोई सुविधा नहीं। इसके ऊपर कई ऐसे मोहल्ला क्लीनिक पाए गए जहां कोई शौचालय




ही नहीं है। भारत सरकार से कोविड के दौरान जो फंड मिले थे, उसे लेकर भी कैग ने बड़ा दावा किया है। रिपोर्ट में पाया गया है कि उस पैसे को पूरी तरह इस्तेमाल ही नहीं किया गया। वो आंकड़े कहते हैं कि केंद्र से दिल्ली की आप सरकार को 787.91 करोड़ रुपये की राशि मिली थी। लेकिन आप सरकार मात्र 582.84 करोड़ रुपये ही खर्च कर पाएगी, यानी कि काफी पैसा इस्तेमाल ही नहीं हुआ। यह मायने इसलिए रखता है क्योंकि दिल्ली में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान काफी तबाही देखने को मिली थी।



# जन्म से हिंदू हूं, इसलिए महाशिवरात्रि कार्यक्रम में गया

- कर्नाटक डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बोले-अमित शाह भी थे शामिल
- कांग्रेस सचिव बोले- डिप्टी सीएम राहुल का मजाक उड़ाने वालों के साथ

**चेन्नई (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस नेताओं के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार 26 फरवरी को ईशा फाउंडेशन की तरफ से कोयंबटूर में आयोजित महाशिवरात्रि कार्यक्रम में गए थे। इसमें गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव पीवी मोहन ने शिवकुमार की कोयंबटूर यात्रा पर निशाना साधा। पीवी मोहन ने सोशल मीडिया पर लिखा- शिवकुमार एक ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण पर गए, जो राहुल गांधी का मजाक उड़ाता है। पीवी मोहन के आरोपों का जवाब देते हुए शिवकुमार ने कहा- मैं एक हिंदू हूं। मैं एक हिंदू के रूप में पैदा हुआ हूं और मैं एक हिंदू के रूप में मर जाऊंगा, लेकिन मैं सभी धर्मों से प्यार करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। शिवकुमार बोले- सद्गुरु जग्गी वासुदेव एक महान इंसान हैं शिवकुमार ने सद्गुरु के कार्यक्रम में जाने को लेकर कहा कि ईशा फाउंडेशन के सद्गुरु जग्गी वासुदेव आए



और मुझे (कोयंबटूर में शिवरात्रि समारोह के लिए) आमंत्रित किया। वे मैसूर से हैं। वे महान व्यक्ति हैं और मैं उनके ज्ञान और कद की प्रशंसा करता हूं, लेकिन कई लोग उनकी आलोचना करते हैं।

योगी सरकार का कुंभ का आयोजन सराहनीयः महाकुंभ के बारे में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। जिस तरह से उन्होंने (योगी सरकार) इसे आयोजित किया, मैं उसकी सराहना करता हूं। यह कोई छोटा काम नहीं है। यहां-वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं। ट्रेनों के कारण भी समस्याएं हो सकती हैं। मुझे खामियां निकालना पसंद नहीं है। यह बहुत संतोषजनक है। भाजपा से किसी तरह की साठगांठ नहींः भाजपा के साथ साठगांठ के आरोपों का जवाब देते हुए शिवकुमार ने इसे अपने खिलाफ साजिश बताया। उन्होंने कहा,कांग्रेस पार्टी में सभी को साथ लेकर चलने का सिद्धांत है। महात्मा गांधी, नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी यही किया।

# दो माह में शुरू होगा लखनऊ का वर्ल्ड क्लास गोमतीनगर रेलवे स्टेशन

## कई राज्यों के लिए चलेंगी नई ट्रेन, डुप्लीकेट पुष्पक एक्सप्रेस के साथ वंदे भारत भी दौड़ेगी

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** विश्व का सबसे अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन गोमती नगर रेलवे स्टेशन यात्रियों की लिए दो माह में खुल जाएगा। रेलवे प्रशासन ने रेलवे बोर्ड से कई राज्यों के लिए नई ट्रेनें गोमती नगर रेलवे स्टेशन से चलाने की डिमांड की है। इनमें लखनऊ जंक्शन से मुंबई के लिए चल रही पुष्पक एक्सप्रेस की तरह ही डुप्लीकेट पुष्पक एक्सप्रेस चलाने का भी प्लान है, जिससे मुंबई के यात्रियों को एक अच्छी ट्रेन और मिल सके। इसके अलावा भोपाल के लिए वंदे भारत ट्रेन भी मांगी गई है। कटरा के लिए भी ट्रेन गोमती नगर रेलवे स्टेशन से चलाई जाएगी। इसके अलावा लखनऊ से जगन्नाथपुरी के लिए भी इसी रेलवे स्टेशन से ट्रेन का संचालन होगा। कई अन्य राज्यों के लिए भी ट्रेनों की डिमांड की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि उम्मीद है जल्द ही कई नई ट्रेनों के प्रस्ताव पर मुहर लग जाएगी और जब गोमती नगर रेलवे स्टेशन शुरू होगा तो यहां से अच्छे खासे यात्रियों की तादाद ट्रेनों से सफर करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई लखनऊ से जब सांसद थे तो वे यहां एक वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने गोमती नगर रेलवे स्टेशन को चुना था और अपनी सांसद निधि से इस स्टेशन के डेवलपमेंट के लिए धनराशि भी दी थी। इसके बाद जब लखनऊ से राजनाथ सिंह सांसद बने तो उन्होंने अटल जी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को अपने हाथों में लिया और इसके बाद इस स्टेशन का कायाकल्प शुरू हुआ। कई सालों के बाद अब दो माह में यह वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा और इसे ओपन कर दिया जाएगा। इस विश्वस्तरीय स्टेशन से कई नई ट्रेनें संचालित की जाएंगी जो तीर्थ स्थलों के साथ ही लंबी दूरी के यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाएंगी। इन ट्रेनों में लखनऊ जंक्शन से हर रोज शाम को मुंबई रवाना होने वाली पुष्पक एक्सप्रेस की तरह गोमतीनगर स्टेशन से डुप्लीकेट पुष्पक एक्सप्रेस चलाने की पूर्वोत्तर रेलवे की योजना है। इस ट्रेन को दो माह में संचालित किया जा सकता है।




### भोपाल के लिए वंदे भारत

लखनऊ से भोपाल के लिए देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत भी चलाने की तैयारी है। रेलवे बोर्ड को गोमती नगर रेलवे स्टेशन से भोपाल के लिए वंदे भारत के डिमांड का प्रस्ताव भेजा गया है। अभी गोमती नगर रेलवे स्टेशन से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन होता है। इसके अलावा वंदे भारत ट्रेन गोरखपुर वाया लखनऊ होते हुए प्रयागराज जाती है। उसका आवागमन होता है। अब लखनऊ से सीधे भोपाल के लिए पहले वंदे भारत रेलवे स्टेशन गोमती नगर रेलवे स्टेशन से चलेगी।

### इन तीर्थ स्थलों के लिए ट्रेनें

लखनऊ से उड़ीसा स्थित जगन्नाथ पुरी और कश्मीर स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाते हैं। सीधी ट्रेन सेवाएं न होने के चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने लखनऊ से सीधे कटरा तक के लिए गोमती नगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलाने की बात कही थी। रेलवे बोर्ड ने हामी भी भर दी थी। अब इस पर जल्द मुहर लगेगी जिससे गोमती नगर रेलवे स्टेशन से सीधे कटरा के लिए श्रद्धालुओं को ट्रेन मिलेगी। इसके अलावा गोमती नगर से ही जगन्नाथ पुरी के लिए भी ट्रेन का संचालन शुरू होगा जिससे श्रद्धालु इन दोनों ही तीर्थ स्थलों को आराम से जा सकेंगे।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का दूसरा चरण दो महीने में पूरा हो जाएगा। अब यहां पर फिनिशिंग का काम चल रहा है। गोमती नगर रेलवे स्टेशन ऐसा स्टेशन होगा जो विश्व के रेलवे स्टेशनों को टक्कर देगा। भारत में तो शायद यह पहला वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन होगा। लखनऊ के चारबाग से संचालित होने वाली ट्रेनों के बाद अब गोमती नगर रेलवे स्टेशन ही ज्यादा ट्रेनें संचालित करने वाला रेलवे स्टेशन बनेगा। यहां ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा रही है। कई नई ट्रेनों का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। हाईस्पीड ट्रेनों के लिए तीसरी व चौथी लाइनें बनाने पर फोकस है। अगले माह में सात अमृत भारत स्टेशन बनकर तैयार हो जाएंगे।

**- गौरव अग्रवाल**
**डीआरएम, पूर्वोत्तर रेलवे**
**लखनऊ मंडल**

## कोहरे में कैंसिल ट्रेनें आज से होंगी फिर बहाल डबलडेकर समेत 22 ट्रेनें की गई थीं रद

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से सर्दी में कोहरे के चलते कैंसिल की गई ट्रेनों का संचालन शनिवार से बहाल हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने डबलडेकर सहित 22 ट्रेनें निरस्त की थीं। इसके अलावा उत्तर रेलवे की भी कई ट्रेनें निरस्त थीं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) पंकज सिंह ने बताया कि पहली दिसंबर से 28 फरवरी तक ट्रेनों को निरस्त किया गया था। इसमें लखनऊ जं.-आनन्द विहार टर्मिनल डबलडेकर एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस, गोरखपुर आनन्दविहार टर्मिनल एक्सप्रेस, लालकुआं आनन्दविहार टर्मिनल एक्सप्रेस, नकहा जंगल-गोमतीनगर एक्सप्रेस, गोमतीनगर नकहा जंगल एक्सप्रेस, कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम एक्सप्रेस, वाराणसी जं.-बहराइच एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें बहाल कर दी जाएंगी। इसके अलावा अगले एक सप्ताह के अंदर पाटलिपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, काठगोदाम दिल्ली एक्सप्रेस आदि गाड़ियां बहाल कर दी जाएंगी।

### आज से खुलेगा प्रयागराज संगम स्टेशन

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ के दौरान यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद कर दिया था। शनिवार से यात्रियों के लिए ये स्टेशन फिर से खोला जा रहा है। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि प्रयागराज जिला प्रशासन के निर्देश पर स्टेशन को बंद किया गया था। लखनऊ से जाने वाली ट्रेनों को फाफामऊ व प्रयाग जंक्शन स्टेशन तक ही लाया ले जाया जा रहा था। शनिवार से संचालन पहले की ही तरह शुरू हो जाएगा जिससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

## चालक परिचालकों को 10 हजार बोनस मिलने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** महाकुंभ में उत्कृष्ट संचालक पर सम्मानित होने पर परिवहन निगम के 10 हजार से ज्यादा चालक-परिचालकों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने सीएम का आभार व्यक्त किया हैं। बता दें कि महाकुंभ मेले में चालकों-परिचालकों की दिन-रात मेहनत को देखते हुए लखनऊ क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष आमिर जावेद ने बोनस देने की मांग की थी। इस दौरान उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह और महामंत्री सत्यनारायण यादव ने निगम प्रबंधन से बात करके बोनस देने का मुद्दा उठाया था। साथ ही परिवहन मंत्री से मिलकर जल्द ही मृतक आश्रित और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर ठोस आदेश जारी करने करने की गुहार लगाई थी। प्रदेश मीडिया प्रभारी रजनीश मिश्रा ने बताया कि संघ कर्मचारी हित के लिए लगातार काम कर रहा है। जिसका परिणाम आने वाले दिनों में कर्मचारियों को मिलेगा।

## परिवहन विभाग के दो उच्चाधिकारी सेवानिवृत

ग्रुप 5 संवाददाता





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर (प्रवर्तन) अशोक कुमार सिंह और डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर (लखनऊ जोन) सुरेंद्र कुमार शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इन दोनों अधिकारियों की सेवानिवृत्ति पर परिवहन विभाग की तरफ से उन्हें विदाई दी गई। इस मौके पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों सीनियर अधिकारियों के स्वर्णिम कार्यकाल को याद किया। बता दें, कि परिवहन विभाग के एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से रिटायर हुए अशोक कुमार सिंह ने साल 1991 में परिवहन विभाग से नौकरी की शुरुआत की थी। पहली पोस्टिंग उन्हें सिद्धार्थ नगर जनपद में मिली। इसके बाद साल 1991 से 2013 तक वे फैजाबाद, मेरठ, नोएडा, अलीगढ़, मुरादाबाद में एआरटीओ के पद पर तैनात रहे। इसके बाद वर्ष 2013 में आरटीओ बन गए। 2020 तक आरटीओ के पद पर रहे। इस दौरान वह मेरठ,आगरा, गाजियाबाद, लखनऊ के आरटीओ के रूप में तैनात रहे। साल 2020 में वे डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर का पदभार ग्रहण किया। वर्ष 2023 तक डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के पद पर बन रहे। वर्ष 2023 से 28 फरवरी 2025 तक वह एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के पद पर तैनात रहे । इसी पद से उनका रिटायरमेंट हुआ है। जबकि डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से रिटायर हुए सुरेंद्र कुमार ने साल 1997 में परिवहन विभाग से नौकरी की शुरुआत की थी। उसके बाद एक जनवरी 1998 को पहली पोस्टिंग हमीरपुर में मिली। इसके बाद 1998 से 2009 तक खीरी, मथुरा, आगरा में एआरटीओ पद पर तैनात रहे। 2009 से 2021 तक आरटीओ के रूप में मुरादाबाद, बंदा, मुरादाबाद, प्रयागराज, देवीपाटन मे तैनात रहे 2021डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर (प्रवर्तन) के पद पर मुख्यालय में तैनात हुए। 2022 में पदोन्नति डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर के पद पर हुई। 2023 में उनको डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर लखनऊ जोन के रूप में तैनाती मिली। इसी पद पद से वे सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर मुख्यालय में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों ने उनके स्वास्थ की कामना करते हुए विदाई दी।

## पत्नी को धोखा देकर की दूसरी शादी, बनायी अश्लील वीडियो



» करता रहा अप्राकृतिक दुष्कर्म
» मुकदमा दर्ज, पुलिस तफ्तीश में लगी
» सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके की घटना

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पति पर शारीरिक शोषण करने व झूठ बोलकर दूसरी शादी करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2018 में वह एक बेकरी में बतौर मैनेजर काम करती थी। जहां आने वाले ग्राहक राहुल मिश्रा से उसकी मुलाकात हुई। पीड़िता का आरोप है कि राहुल ने उसे अपना फोन नम्बर देते हुए बताया कि मैं 405 शिवा इम्पीरियर पान दरिबा चारबाग में रहता हूँ और श्याम बहार ट्रेडर्स का मालिक हूँ। आप मेरी फर्म में काम करो मैं तुम्हे यहां से दोगुनी सैलरी दूँगा। इसी बीच एक दिन पीड़िता की बेकरी मालिक से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई तो उसने वहां से नौकरी छोड़ दी। तब राहुल ने उससे कहा कि मैं तुम्हे 20 हजार रूपये सैलरी प्रतिमाह दूंगा। मेरा आफिस ट्रासपोर्टनगर में है, कल आना तुमको चलके दिखा देंगे। पीड़िता का आरोप है कि वह 01 सितंबर 2018 को राहुल के फ्लैट पर गई तो वह अपनी कार में बैठाकर ट्रासपोर्टनगर की तरफ चले और कुछ दूर चलने के बाद एक दुकान से दो कोल्ड्रिक की बोतल ली जिसमें से एक खुद पीने लगे और दूसरी पीड़िता को दे दी। पीड़िता ने जब कोल्ड्रिक पी ली तो उसे नशा चढ़ने लगा व नींद आने लगीं। तब आरोपित गाड़ी मोड़ कर वापस फ्लैट पर ले गया और पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जब पीड़िता होश में आई तो उसने विरोध किया तब आरोपित ने उसे धमकी दी कि अगर तुमने पुलिस में मेरी शिकायत की तो मैने तुम्हारी जो विडियो और फोटो बनाई है उसको पब्लिक में वायरल कर दूंगा। जिससे पीड़िता ने कहीं शिकायत नही की उसके आरोपित अक्सर उसको बुलाकर उसका यौन शोषण करता रहा। इसी बीच बहुत परेशान होने पर पीड़िता ने आरोपित से कहा कि मैं आत्महत्या कर लूंगी। तब आरोपित ने कहा कि मेरी शादी नही हुई है मैं तुमसे शादी कर लूंगा और अपने घरवालों से छुपाकर 21 फरवरी 2020 को पीड़िता के घर आकर उसके परिजनों के सामने इनगेजमेन्ट कर ली। उसके बाद 11 दिसम्बर 2020 को पीड़िता को रायबरेली जिले के शिवगढ़ में स्थित एक मन्दिर पर विवाह कर लिया। लेकिन विवाह करने के बाद आरोपित पीड़िता को बुरी तरह से मारने पीटने व आप्राकृतिक दुष्कर्म करने लगा, लेकिन पीड़िता सब सहती रही। 01फरवरी2024 को पीड़िता को पता चला कि राहुल मिश्रा कि पहली पत्नी है जो कुण्डरी रकाबगंज में रहती उनसे उनके दो बच्चे है। जब मैने(पीड़िता ने) उनसे पूछा कि आपने मेरी जिन्दगी क्यो बर्बाद की तो राहुल मिश्रा ने उसे बहुत मारा और मुंह पर तकिया रखकर जान से मारने की कोशिश की लेकिन पीड़िता किसी तरह से छुड़ाकर घर से बाहर रोड पर आकर अपनी जान बचाई। पीड़िता का आरोप है कि 20जनवरी2025 को फिर आरोपित ने उसे मारा पीटा व सादे कागजो पर हस्ताक्षर करा लिया । इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अन्जनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## खुदीराम बोस इन्क्लेव एवं चन्द्र शेखर आजाद इन्क्लेव आवासीय योजना के लकी ड्रा का आयोजन





ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी रियल स्टेट कम्पनी ओमेक्स द्वारा अपने ग्राहकों हेतु सस्ते आवास उपलब्ध कराने की नीति के अन्तर्गत ओमेक्स मेट्रो सिटी में खुदीराम बोस इन्क्लेव एवं चन्द्र शेखर आजाद इन्क्लेव योजना के लकी ड्रा का आयोजन किया गया। सीमित मकान हेतु अधिक से अधिक आवेदन फार्म प्राप्त हुए जिनका आवंटन लॉटरी पद्धति द्वारा आवेदनकर्ताओं में से उपलब्ध मकान के आधार पर चयन किया गया। इसी उपलक्ष्य पर ओमेक्स शुक्रवार को प्रातः 10 बजे, ओमेक्स मेट्रो सिटी, रायबरेली रोड, लखनऊ में लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया जिसको लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के उपस्थिति में सम्पन्न कराया गया। ओमेक्स मेट्रो सिटी सम्पूर्ण शहर से सुगमतापूर्वक जुड़ा हुआ है, इसके साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आउटर रिंग रोड भी इस टाउनशिप से होकर गुजरती है। यह टाउनशिप स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पार्क, मॉल मनोरंजन आदि सुविधाओं से सुसज्जित होगी। इस अवसर पर ओमेक्स लिमिटेड लखनऊ के बिज़नेस हेड, अंजनी कुमार पांडेय ने कहा कि हमें इस बात से खुशी मिलती है कि लखनऊवासियों ने ओमेक्स की परियोजनाओं पर भरोसा किया जिससे हम लोगों का उत्साह और बढ़ता है। हम लोगों की हमेशा से ही यह कोशिश रहती है कि अपने बहुमूल्य ग्राहकों हेतु इस तरह की परियोजना ला सकें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ पा सकें। लखनऊ में हम लोगों ने पिछले कई वर्षो से गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट जीवनशैली प्रदान कर यह साबित कर दिया है कि हम अपने ग्राहकों के हित के प्रति सजग हैं। हम लोगों से यह उम्मीद करते हैं कि पिछली सभी परियोजनाओं की तरह हमारी आने वाली परियोजनायें भी लोगों को खास पसंद आयेगी।

### ओमेक्स लिमिटेड के बारे में जाने

ओमेक्स लिमिटेड भारत की अग्रणी रियल स्टेट डेवलपमेंट कम्पनी है। इसकी स्थापना 1987 में हुई थी और वर्तमान में ओमेक्स की परियोजनाएं 8 राज्यों के 31 शहरों में फैली हैं। ओमेक्स द्वारा निर्मित आवासीय अपार्टमेंट, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, शॉपिंग मॉल आदि की विशेष माँग रहती है क्योंकि यहां निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाता।

## लिफ्ट मांगकर बाइक चालक की जेबकतरे ने काटी जेब

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** मडियांव के आईआईएम रोड स्थित यादव चौराहा के पास कैरियर हास्टिल में दवा लेने के बहाने जेबकतरे ने बाइक सवार से लिफ्ट मांगकर चालक की जेब काट ली। बाइक से उतरने के बाद पीड़ित का ध्यान पैंट के पीछे वाली जेब पर गया, तब उसे जानकारी हुई। पीड़ित बाइक चालक ने घैला पुलिस चौकी में तहरीर दी हैं। दुबग्गा थाना क्षेत्र के पावर हाउस चौराहा स्थित चार मंजिला कालोनी के ब्लॉक नंबर-9 निवासी भोला शर्मा फर्नीचर कारीगर है। उनके मुताबिक गुरुवार को वह यादव चौराहे के पास सहारा सिटी होम्स में फर्नीचर का काम करने गए थे। शाम करीब साढ़े चार बजे वह घर लौट रहे थे। कालोनी के गेट के पास लंगड़ाते हुए उसे एक व्यक्ति ने रोक लिया और लिफ्ट मांगते हुए बोला कि उसे कैरियर हास्पिटल में दवा लेने जाना है। भोला शर्मा ने उसकी मजबूरी देख बाइक पर लिफ्ट दे दी। पीड़ित ने बताया कि वह कैरियर हास्पिटल के पास उसे छोड़ दिया। उसके जाने के बाद उनका ध्यान पैंट की पिछली जेब पर गया, तो वह कटी मिली। जेब में रखी पर्स गायब थी। पर्स में 15 हजार रुपए रखे थे। पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद घैला चौकी पर तहरीर दी है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चोरों ने मेडिकल स्टोर संचालक के बंद घर से जेवर व नगदी किया पार

» महाशिवरात्रि पर पूजा समारोह में शामिल होने गया था परिवार

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** राजधानी के मड़ियांव स्थित फैजुल्लागंज में मेडिकल स्टोर संचालक के बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने 10 लाख रुपए कीमत के जेवर, दो लाख रुपए नगदी व बाइक चोरी कर ले गए पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। सुनील वर्मा फैजुल्लागंज स्थित जैन कॉलोनी के रहने वाले है वह अभि मेडिकल स्टोर चलाते हैं सुनील के मुताबिक 25 फरवरी को वह परिवार के साथ बहराइच स्थित ससुराल में महाशिवरात्रि पर आयोजित पूजा समारोह में शामिल होने गए थे। गुरुवार को वह घर लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा पड़ा था। सुनील के मुताबिक चोरों ने दो लाख नगदी, 10 लाख के जेवर व बाइक चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## खाना खाने गए युवक की बाइक चोरी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र मेदांता अस्पताल के पास मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले युवक की बाइक चोरी। ग्राम वा पोस्ट कटका थाना रामनगर जनपद बाराबंकी के रहने वाले सुधीर यादव के अनुसार वह मेदांता अस्पताल के पास स्थज मेडिसिन वाला मेडिकल स्टोर पर काम करता है।22 फरवरी की रात लगभग 10 बजे दुकान बंद कर स्टोर के मालिक के पिता की बाइक लेकर वहीं थोड़ी दूर पर स्थित शिव भोजनालय में खाना खाने गया था।जहां वह गाड़ी खड़ी कर खाना खाने लगा।जब खाना खाकर गाड़ी के पास आया तो उसकी बाइक गायब थी।पीड़ित ने अज्ञात चोर द्वारा बाइक चोरी कर ले जाने की शिकायत पुलिस से की है। जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सरोजनीनगर कोतवाली से सीज ट्रक चोरी



» मालखाना इंचार्ज ने ट्रक मालिक और चालक पर लिखाई रिपोर्ट
» गाड़ी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया गया है

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** सरोजनीनगर कोतवाली से सीज ट्रक चोरी हो गया इस मामले में थाने के मालखाना इंचार्ज ने ट्रक मालिक और उसके चालक पर गाड़ी चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बीती 23 फरवरी को खनन अधिकारी ने मौरंग लदे ट्रक (यूपी 32 एमएन 8959) को सीज कर सरोजनी नगर थाने में दाखिल कराया था। थाने के मालखाना प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि उस दौरान ट्रक चालक थाने आया और बोला कि हम अपना ट्रक कोर्ट से छुड़ा लेंगे। लेकिन ट्रक सुरक्षा के लिए ट्रक पर ही रहेंगे। थाना परिसर में जगह ना होने के कारण ट्रक को थाने की बाउंड्री के किनारे रोड पर खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार को देखा तो ट्रक वहां पर नहीं खड़ा मिला। इसके बाद प्रभारी ने ट्रक मालिक और उसके चालक पर थाने से ट्रक चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।सरोजनीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि ट्रक चालक उसी में रहकर अपने वाहन की रखवाली कर रहा था और वही चोरी छुपे ट्रक को यहां से लेकर चला गया है। उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही ट्रक को बरामद कर लिया जाएगा।

## भ्रष्टाचार में पाई गई संलिप्तता तो लाइनमैन से चेयरमैन तक को छोड़ेंगे नहीं : ऊर्जा मंत्री

### विजिलेंस टीम की छापेमारी में शामिल होंगी महिला कर्मचारी

ग्रुप 5 संवाददाता



**लखनऊ।** विधानसभा सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी के कई विधायकों ने ऊर्जा मंत्री से स्मार्ट मीटर, गलत बिलिंग, निजीकरण और विजिलेंस टीम की छापेमारी के दौरान कोई भी महिला कर्मचारी न होने की शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की जांच कराने की मांग की। विधायकों के सवालों पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार हमें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। किसी भी अधिकारी की शिकायत आती है तो तत्काल कार्रवाई की जाती है। जिन विधायकों ने भ्रष्टाचार को लेकर सवाल खड़े किए हैं वह अधिकारियों के नाम और साक्ष्य मुझे भेजें हम तत्काल कार्रवाई करेंगे। भ्रष्टाचार में संलिप्त होने वाले लाइनमैन से लेकर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन तक को हम छोड़ेंगे नहीं। सदन की कार्रवाई के दौरान सपा विधायक राजेंद्र प्रसाद चौधरी, विधायक नफीस अहमद और विधायक मोहम्मद फहीम ने गलत बिलिंग को लेकर सवाल किया कहा कि बड़े स्तर पर गलत बिलिंग की जा रही है। आम जनता को परेशान किया जा रहा है। जनता उपकेंद्रों और अधिकारियों के चक्कर काट कर थक रही है, लेकिन बिल नहीं सुधर पाता है। बिल सुधारने के नाम पर उनसे अतिरिक्त वसूली की जाती है। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं के नाम लेकर ऊर्जा मंत्री को बताया कि कितना-कितना बिल भेज दिया गया। इसके बाद ऊर्जा मंत्री ने सभी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि गलत बिलिंग की जैसी भी शिकायत सामने आती है हम उसे सुधरवाने का काम करते हैं। बिल ठीक करने के नाम पर कोई भी अधिकारी अगर रिश्वत मांगता है तो उसके बारे में हमें बताएं। हम जरूर कार्रवाई करेंगे। जहां तक गलत बिलिंग की बात है तो लगातार इसमें कमी आ रही है। ऊर्जा मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि जनवरी 2025 में पूरे प्रदेश से गलत बिलिंग की सिर्फ 0.7 फीसद शिकायत ही बची हैं, जबकि हर माह तीन करोड़ 55 लाख उपभोक्ताओं के बिल जारी किए जाते हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अगर लाइनमैन से लेकर चेयरमैन तक जिनमें एमडी भी शामिल हैं, कोई भी भ्रष्टाचार में संलिप्त पाया जाता है तो उसे हम बख्शेंगे नहीं।

### स्मार्ट मीटर पर खड़े किए सवाल

समाजवादी पार्टी के विधायकों ने स्मार्ट मीटर पर सवाल खड़े किए। कहा कि स्मार्ट मीटर इतनी तेज भागता है कि आम जनता उतना बिल चुका पाने में भी असमर्थ है। जो कंपनियां स्मार्ट मीटर लगा रही हैं मानकों पर खरी भी नहीं उतर रही हैं। स्मार्ट मीटर के साथ 5 प्रतिशत चेक मीटर लगाना आवश्यक है लेकिन यह ढाई परसेंट ही है। स्मार्ट मीटर की क्वालिटी काफी घटिया है। गोवा में जिस स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया, उत्तर प्रदेश में उसी को स्मार्ट मीटर लगाने की अनुमति दे दी गई। भला वह कंपनी कैसे सही काम करेगी? ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन स्मार्ट मीटर कंपनियों को ठेका दिया गया है उनकी कोई शिकायत आने पर जांच कराई जाएगी।

### विजिलेंस टीम में महिला कर्मचारियों की होगी तैनाती

सपा विधायक नफीस अहमद ने कहा कि बिजली चोरी पकड़ने के लिए जिस उपभोक्ता के घर में विजिलेंस टीम छापेमारी करने जाती है उस टीम के साथ कोई भी महिला कर्मचारी नहीं होती और टीम जबरन घरों में घुस जाती है। यह बिल्कुल भी सही नहीं है। घर में महिलाएं भी होती हैं और अगर रात में जबरन टीम घुसती है तो यह भला कहां से सही है? उन्होंने शिकायत की है कि विजिलेंस टीम छापेमारी के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली करने के लिए वीडियो बनाती है। फिर उन्हीं का एजेंट उपभोक्ता से मैनेज करने के लिए संपर्क करता है तो विजिलेंस टीम की भी जांच कराई जाए। ऊर्जा मंत्री ने विजिलेंस टीम में महिला कर्मचारियों के शामिल होने के विधायक नफीस अहमद के सुझाव का स्वागत किया। कहा कि हम ऐसा सुनिश्चित करेंगे कि हर टीम में छापेमारी के दौरान महिला कर्मचारी जरूर हों।

# डीजी हेडक्वॉटर शिकायत प्रकोष्ठ इंस्पेक्टर से ट्रैफिक दीवान ने की अभद्रता

» गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप
» जमकर हुई नोकझोंक पारा इलाके की घटना
» डीसीपी पश्चिम ने दिए जांच के आदेश
» डीसीपी ट्रैफिक को जांच रिपोर्ट का इंतजार



ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** पारा के बुद्धेश्वर में शुक्रवार सुबह कार से जा रहे डीजी हेडक्वाटर में शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात इंस्पेक्टर व ट्रैफिक दीवान से ट्रैफिक सिग्नल पर कार बढ़ाने को लेकर विवाद हो गया। कुछ देर बाद इंस्पेक्टर वर्दी पहनकर पत्नी के साथ चौराहे पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। इंस्पेक्टर ने ट्रैफिक दीवान पर मारपीट का आरोप लगाया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। डीसीपी पश्चिमी ने पूरे मामले के जांच के निर्देश दिए है। मूलरुप से आजमगढ़ निवासी 2001 बैच के इंस्पेक्टर रमेश कुमार भारती डीजी हेड क्वाटर में शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात है। वह परिवार के साथ सलेमपुर पतौरा में रहते है। इंस्पेक्टर के मुताबिक शुक्रवार सुबह सिविल ड्रेस में दुबग्गा की तरफ से मोहान रोड की ओर घर जा रहे थे। बुद्धेश्वर चौराहे पर सिग्नल के पास उन्होंने गाड़ी रोक दी। सिग्नल पर खड़ी गाड़ियों से उनकी कार थोड़ा आगे रुकी। यह देख ट्रैफिक दीवान अजीत राम ने कार की बोनट में हाथ पटककर अभद्रता करने लगा। विरोध पर ट्रैफिक दीवान उनसे उलझ गया। यह देख उन्होंने खुद को पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर होने की बात कहीं,तो वह उनका हाथ पकड़कर मारपीट करने लगा। यह आरोप लगाकर रमेश कुमार भारती ने पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह से मौखिक शिकायत की है। वहीं, ट्रैफिक दीवान अजीत राम का कहना है कि बुद्धेश्वर चौराहे पर एक सिपाही, होमागार्ड के साथ उनकी ड्यूटी लगाई गयी थी। चौराहे पर आठ सड़कों का ट्रैफिक आता है। ट्रैफिक का लोड़ होने पर वह मैनुअल ट्रैफिक का संचालन कर रहे थे। सुबह करीब 10बजे उन्होंने दुबग्गा की तरफ से वाहनों को रोका और मोहान रोड से आलमनगर की ओर ट्रैफिक को छोड़ा था। तभी इंस्पेक्टर की कार सिग्नल के आगे बढ़ने लगी। यह देख उन्होंने रुकने का इशारा किया। गाड़ी रुकती न देख उन्होंने कार की बोनल पर हाथ रखते हुए रोकने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर सिविल ड्रेस में थे। उन्होंने खुद का परिचय दिया और बहस करने लगे। लोगों के हस्ताक्षेप के बाद वह कार लेकर चले गए। करीब 11बजे इंस्पेक्टर अपनी हाईकोर्ट की अधिवक्ता पत्नी के साथ वर्दी पहनकर चौराहे पर पहुंचे फिर भीड़ इझ्ठा कर हंगामा करने लगे। दीवान ने इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की बात से इनकार किया है। उसका कहना है कि वह इंस्पेक्टर से पुलिस बूथ के अंदर बैठे दरोगा भारत सिंह से बात करने को कहा था। ट्रैफिक दीवान ने कहना है कि अगर वह मारपीट किया होगा, तो आईटीएमएस कैमरे से सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। डीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों ने कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। उनका कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। वहीं, डीसीपी ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## महाकुम्भ समापन के बाद मेला पुलिस व ड्यूटी में लगी पुलिस ने संगम में किया पवित्र स्नान



» पुलिस महानिदेशक ने दी शुभकामनाएं
» कड़ी मेहनत, मुस्तेदी, समन्वय स्थापित और लापरवाही नहीं करने पर डीजीपी ने सराहा
» दो वर्षो पूर्व से की जा रही थी तैयारी: डीजीपी

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** परिकल्पित दिव्य, भव्य, डिजिटल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ-2025 को पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में पुलिस ने अपने परिश्रम, निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पित सेवाभाव के साथ अन्य विभागो के समन्वय से सकुशल सम्पन्न कराने के बाद शुक्रवार को कुंभ मेला पुलिस एवं प्रयागराज पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संगम में पवित्र स्नान करके विधि विधान से माँ गंगा की पूजा अर्चना की गयी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा स्नान में परम्परागत रूप से आरक्षी से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक तक सभी के द्वारा सम्मिलित रूप से प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने बताया गया कि महाकुंभ के इस 45 दिन के आयोजन का बहुत ही सुखद अनुभव रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में इसकी तैयारी लगभग 2 वर्ष पूर्व से आरंभ कर दी गई थी। उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, फायर सर्विसेज, माउंटेड पुलिस, ट्रैफिक एवं जल पुलिस सभी के अधिकारियों द्वारा काफी मेहनत की गई। प्रतिदिन लगभग 16 से 18 घंटे इसी एक मकसद के साथ काम किया गया कि हम सभी लोगो को मिलकर महाकुंभ 2025 को सकुशल संपन्न कराना है और संकल्प पूरा हुआ। इसकी सराहना प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री ने भी किया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **20–03–2025** को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01902025 dated 27-02-2025 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 1 | 55/DEN-V-LKO/2024-25 | 2 | 56/DEN-V-LKO/2024-25 |
| | | 3 | 57/DEN-V-LKO/2024-25 | 3 | 58/DEN-V-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1 | मण्डल इन्जीनियर/पंचम के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न लोकशन्स पर सेस रिहेबिलेशन एवं दूसरे संबंधित कार्य। | | |
| | | 2 | मण्डल इन्जीनियर/पंचम के अधिकार क्षेत्र में अयोध्या–अकबरपुर खण्ड में एल सी नंबर 91 के बदले निकटवर्ती नहर से आरयूबी तक रिसाव को रोकने के लिए ग्राउटिंग (पीयू ग्राउटिंग) का कार्य। | | |
| | | 3 | मण्डल इन्जीनियर/पंचम के अधिकार क्षेत्र में दिन प्रतिदिन मेंटेनेस और दूसरे संबंधित कार्य के लिये नियमित तौर पर पी.वे. मैटेरियल की लीडिंग, लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य। | | |
| | | 4 | सहायक मण्डल इन्जीनियर/द्वितीय के अधिकार क्षेत्र में एस एस ई/कार्य/लाइन/लखनऊ के खण्ड में सर्विस बिल्डिंग और समपार गेट के भारी मरम्मत का कार्य। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 1,27,54,701.59 | 2. | Rs. 93,94,287.39 |
| | | 3. | Rs. 1,00,82,214.66 | 4. | Rs. 94,95,206.13 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | Rs. 2,13,800.00 | 2. | Rs. 1,87,900.00 |
| | | 3. | Rs. 2,00,400.00 | 4.. | Rs. 1,89,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1 एवं 2 एवं 4 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। | | |
| | | 3 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 06–03–2025 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20-03-2025 at 15:00 hrs. | | | |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 648/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सिपाही की बदसलूकी से नाराज वकीलों ने कोतवाली के बाहर किया हंगामा



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** आलमबाग कोतवाली में एक पक्ष की पैरवी करने गए वकीलों से कोतवाली में अभद्रता की गई। जिसके बाद कोतवाली के बाहर वकीलों ने जमकर हंगामा किया। सभी थाने के बाहर सड़क पर बैठे गए। जमकर नारेबाजी की। इनका आरोप है कि एक सिपाही द्वारा बदसलूकी की गई। सभी वकील इसी बात से नाराज थे। साथी वकीलों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी सिपाही को लाइन हाजिर नहीं किया गया, तो आगे की कार्रवाई का निर्णय लेंगे। सिपाही-दरोगा के माफी मांगने के बाद मामला शांत हो गया।आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में दो पक्षों में मामूली कहासुनी होने के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की जमकर पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद एक पक्ष की पैरवी करने पहुंचे वकील का आरोप था कि थाने में मौजूद दरोगा और सिपाही ने उससे अभद्रता की। वकील के साथ अभद्रता की जानकारी मिलते ही लखनऊ बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय यादव टीम के साथ पहुंच गए। बात न बनने पर थाने के बाहर सड़क पर बैठ कर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसीपी कैंट मौके पर पहुंचे। वे वकीलों से बातचीत कर मामला शांत कराया। हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह, एसीपी अभय प्रताप मल्ल ने वकीलों को समझाने का प्रयास किया। सिपाही दरोगा के माफी मांगने के बाद मामला शांत हो गया।

## किसान की जगह दूसरे व्यक्ति को पेशकर करा दी फर्जी रजिस्ट्री, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी में आरोपितों ने किसान की जगह दूसरे व्यक्ति को पेशकर रजिस्ट्री करा दी फर्जी तरीके से जमीन बेचने के आरोप में किसान ने मुकदमा दर्ज कराया पुलिस मामले की जाँच कर रही है। सुशांत गोल्फ सिटी बक्कास निवासी रईस मोहम्मद ने जमीन बटाई पर दी थी 28 नवंबर 2024 को खेत पहुंचने पर गार्ड नजर आए। पूछताछ करने पर पता चला कि जमीन एक कम्पनी ने खरीद ली है। रईस तत्काल मोहनलालगंज तहसील गए। कागज निकलवाने पर पता चला कि 16 अप्रैल को रईस अहमद के फर्जी आधार कार्ड के सहारे विकास सिंह को जमीन बेची गई। वहीं, विकास सिंह ने एक महीने बाद ही जमीन का सौदा हारिब एस्टेट एलएलपी कम्पनी को कर दिया। पीड़ित रईस के मुताबिक उनकी जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर जमीन की रजिस्ट्री हुई। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि रईस मोहम्मद की तहरीर पर विकास सिंह, हारिब एस्टेट के अधिकारी नीरज पाण्डेय, गवाह सत्यनारायण और रमेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कांवड़िये की मौत पर परिजनों ने कोतवाली के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

» 21 फ़रवरी को डीसीएम की टक्कर से हुआ था घायल
» आरोपी चालक को छोड़ने का आरोप, हंगामा, नारेबाजी
» सड़क पर कांवड़िया जुटने पर एसीपी मौके पर पहुंचे
» बीबीडी कोतवाली क्षेत्र की घटना


फाइल फोटो

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** राजधानी में 21फरवरी को अयोध्या रोड पर डीसीएम की टक्कर से गंभीर रूप से घायल कावड़िया की शुक्रवार को ईलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने उसका शव बीबीडी कोतवाली के सामने रखकर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। उनका आरोप था कि चौकी पुलिस ने चालक की गिरफ्तार करने की बजाय पकड़ी गई डीसीएम भी छोड़ दी। पुलिस ने परिजनों को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। उन्हें आगे रवाना किया। माहौल को देखते हुए बीबीडी थाना और कांवड़ यात्रा के मार्ग पर पुलिस को अलर्ट मोड़ पर कर दिया गया है। साथ ही रास्ते में रुकने वाले कांवड़ियों को यात्रा प्रारंभ करने के लिए अपील की।बहादुर पाल के मुताबिक वह कानपुर देहात के मंगलपुर निवासी है। उनका बेटा दरोगा पाल (25) वर्ष 20 फरवरी को गांव के लोगों के साथ कांवड़ लेकर लोधेश्वर महादेव मंदिर के लिए निकला था। बीबीडी विश्वविद्यालय के पास 21 फरवरी को रात की रात पीछे से डीसीएम ने टक्कर मार दी। जिसके पहिए के नीचे आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। भीड़ ने डीसीएम चालक को दौड़ाकर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया था। वहीं बेटे को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार तड़के उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से उसकी पत्नी ममता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पता चला कि चौकी पुलिस ने आरोपी चालक और डीसीएम को छोड़ दिया। जिसके चलते हम लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर थाने के सामने शव रखकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस समझौते का दबाव बना रही है। एसीपी विभूतिखंड राधारमण ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को शांत कराया। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को घर जाने की अपील की।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14231-SLR-F2-PYGS-BST-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14307-SLR-F1-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.03.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14217-SLR-R1-PYGS-CDG-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14307-SLR-F2-PYGS-BE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14307-SLR-R1-PYGS-BE-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

635/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## केजीएमयूकर्मी बन मरीजों से जेवर हड़पने वाला गिरफ्तार



» खुद को कर्मचारी बताकर की थी वारदात
» आरोपित ने तीन साल में चार घटनाएं की
» केजीएमयू में पहले भी की घटना

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** राजधानी के चौक स्थित केजीएमयू में आने वाले मरीजों को खुद को कर्मचारी बता ठगी करने वाले आरोपित को चौक पुलिस ने गिरफ्तार कर किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित ने तीन साल में करीब चार घटनाएं की है। आरोपित कभी गार्ड की वर्दी पहन कर तो कभी कर्मचारी बन कर धोखाधड़ी की वारदात करता था। पुलिस के मुताबिक़ बहराइच निवासी अबीदुल्लाह ने मुकदमा दर्ज कराया था 24 फरवरी को अबीदुल्लाह मां जमीला खातून का इलाज कराने के लिए केजीएमयू आए थे। ओपीडी का पर्चा बनवाने के लिए वह पूछताछ कर रहे थे। तभी गुरु प्रसाद आ गया। केजीएमयू कर्मी होने का झांसा देकर आरोपित ने अबीदुल्लाह को पर्चा बनवाने के लिए भेज दिया। वहीं, जमीला को बातों में उलझा कर पीआरओ ऑफिस के पास ले जाकर जेवर उतरवाए थे। केजीएमयू में आरोपित कई बार घटनाएं कर चुका है। 17 मार्च 2024 को गुरु प्रसाद ने गार्ड की ड्रेस पहन कर बाराबंकी विजयनगर निवासी रवींद्र कुमार की मां शांति से गहने हड़पे थे। वहीं 24 जून 2023 को सीतापुर निवासी रघुराई, 25 जून 2023 को अम्बेडकरनगर निवासी पंकज पाण्डेय और 17 जून 2023 को सुलतानपुर निवासी श्रीमता से धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार को केजीएमयू गेट के पास से चिनहट हरदासीखेड़ा निवासी गुरु प्रसाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपित के पास से हड़पे गए जेवर बरामद हुए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender - 27-2024-25 | | |
| कार्य का नाम | "प्रोविज़न ऑफ रोड सिग्नल एट इंटरलॉकेड एल.सी. गेट्स ओवर लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज़" | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,47,97,074.09 | निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | ₹2,24,000.00 | कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | | 24.03.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/ लखनऊ | |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सूचना सं. 106-सिग-टेन्डर-27/2024-25 दिनांक: 27.02.2025 651/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**लखनऊ नगर निगम**

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ–226001 (उ.प्र.)

ई–मेल : nnlko@up.nic.in

संख्या : 285/मु0अ0/24–25 दिनांक : 27.02.2025

**अति–अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु **दिनांक 06.03.2025** को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.03.2025** तक अपरान्ह **2:00** बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट **lmc.up.nic.in** से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा **दिनांक 06.03.2025** को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 06.03.2025** को अपरान्ह **4:00** बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% GST | कुल निविदा मूल्य (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नजरबाग/यदुनाथ सान्याल वार्ड के अन्तर्गत जोगेन्द्र पाठक अनिरूद्ध एडवोकेट के मकान से लखनऊ पाईप फिटिंग शाप तक सी.सी. द्वारा गली का सुधार कार्य। | 806352.00 | 80635.00 | 20दिवस | 806.00 | 145.00 | 951.00 |
| 2 | जे.सी.बोस वार्ड में दया निधान पार्क में समरसेबिल पम्प लगाने का कार्य। | 142196.00 | 14220.00 | 20दिवस | 142.00 | 26.00 | 168.00 |
| 3 | सरोजनीनगर वार्ड प्रथम के अन्तर्गत पंडितखेड़ा में विकास शुक्ला के मकान से आर.एस. सेंगर के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का नवनिर्माण कार्य। | 845423.00 | 84542.00 | 20दिवस | 845.00 | 152.00 | 998.00 |
| 4 | गोलागंज वार्ड के अन्तर्गत कच्चा हाता में सड़क का सुधार कार्य। | 228701.00 | 22870.00 | 20दिवस | 229.00 | 41.00 | 270.00 |
| 5 | अभियंत्रण खण्ड-1 के अन्तर्गत विद्यालयों के पास तम्बाकू मुक्त क्षेत्र की वाल पेन्टिंग व सीमांकन का कार्य। | 151266.00 | 15127.00 | 20दिवस | 151.00 | 27.00 | 178.00 |
| 6 | नजरबाग/यदुनाथ सान्याल वार्ड के अन्तर्गत जोगेन्द्र पाठक रोड लखनऊ पाईप एण्ड फिटिंग शाप से लाटूश रोड तक सी.सी. एवं नाली का सुधार कार्य। | 691075.00 | 69108.00 | 20दिवस | 691.00 | 124.00 | 815.00 |

**शर्ते :– 01.** निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
**02.** 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
**03.** शासनादेश संख्या- 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
**04.** आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/ नौ-5-19-149सा0 / 2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
**05.** कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
**06.** 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी।
**07.** किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
**08.** 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

## मंदिर समिति पर 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में स्थित बाबा नागेश्वर महादेव मंदिर समिति के चार सदस्यों के खिलाफ 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज हुआ। आरोपितों ने वर्ष 2013 से अक्तूबर 2024 के बीच अवैध तरीके से समिति के अकाउंट में जमा रुपये निकाल लिए। कैलाशपुरी निवासी अधिवक्ता राजनारायन शर्मा के मुताबिक कांशीराम ईको गार्डन के पास बाबा नागेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण वर्ष 2013 में शुरू हुआ था। मंदिर समिति में शामिल अजय श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, विकासदीप और आलोक सिंह शामिल थे। अधिवक्ता के मुताबिक मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं ने काफी दान दिया था। जो समिति के खाते में जमा किया गया। राजनारायन के मुताबिक वर्ष 2013 से अक्तूबर 2024 के बीच मंदिर कमेटी से अक्तूबर 2024 के बीच मंदिर कमेटी में शामिल रहे पदाधिकारियों ने हेराफेरी कर 30 लाख रुपये खाते से निकाल लिए। लेजर अकाउंट में इसकी इंट्री भी नहीं की गई। कई बार कहने के बाद भी खाते से निकाले गए रुपये कहां खर्च हुए। इसका ब्योरा भी प्रस्तुत नहीं किया गया। अधिवक्ता ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए आलमबाग कोतवाली में तहरीर दी थी। जिस पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। नतीजतन न्यायालय में अर्जी दायर की गई। इंस्पेक्टर आलमबाग कपिल गौतम के मुताबिक न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कार स्टार्ट करते ही सार्क सर्किट से लगी आग

ग्रुप 5 संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में शुक्रवार तड़के कार मालिक प्रयागराज अपनी ड्यूटी पर जाने को निकल रहे थे। तभी एक्सयूवी में इंजन में शार्ट सर्किट के बाद आग लग गई। बोनट से धुंआ निकलते कार मालिक ने सरोजनीनगर फायर स्टेशन को सूचना दी। दमकल एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया। आग से कार पूरी तरह से चल गई। घटना के वक्त तभी आग लग गई। सरोजनीनगर एल्डिको शौर्य निवासी शैलेश कुमार मिश्र ने बताया कि आजकल वह छुट्टी पर घर आए हुए थे। शुक्रवार तड़के प्रयागराज जाने के लिए कार से निकल रहे थे। गाड़ी स्टार्ट करते ही इंजन में आग लग गई। समय रहते कार से उतर जाने से अनहोनी होने से बच गई।

**हिन्दी दैनिक 'ग्रुप 5 समाचार' समाचार पत्र लखनऊ के प्रकाशक के संबंध में सूचना**

प्रारूप – 4 (नियम आठ देखिए)

1. **प्रकाशन का स्थान** - 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ।
2. **प्रकाशन अवधि** - दैनिक
3. **मुद्रक का नाम** - सैयद अहमर हसनैन
   **क्या भारत का नागरिक है** - हां
   **पता** - 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ।
4. **प्रकाशक का नाम** - सैयद अहमर हसनैन
   **क्या भारत का नागरिक है** - हां
   **(यदि विदेशी है तो मूल देश)**
   **पता** - 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ।
5. **संपादक का नाम** - सैयद अहमर हसनैन
   **क्या भारत का नागरिक है** - हां
   **पता** - 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ।
6. **उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार हों** - सैयद अहमर हसनैन - 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ।

*मैं सैयद अहमर हसनैन एतदद्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।*

दिनांक 01 मार्च 2025

ह0
(सैयद अहमर हसनैन)
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक

# महाकुंभ मेला संपन्न होने के बाद भी बड़ी संख्या में संगम स्नान कर रहे श्रद्धालु



**महाकुंभनगर।** धार्मिक समागम महाकुंभ 2025 बुधवार को संपन्न हो गया, लेकिन मेले के दौरान भारी भीड़ की वजह से संगम में डुबकी लगाने से वंचित रह गए श्रद्धालु अब भीड़ कम होने से यहां आ रहे हैं और संगम में स्नान कर रहे हैं। जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि आम दिनों की तुलना में संगम में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ है और लोग आनंद के साथ संगम में डुबकी लगा रहे हैं। जल पुलिस के साथ ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम भी सुरक्षा में तैनात है। साहनी ने कहा कि 45 दिनों तक चले महाकुंभ में रिकॉर्ड 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई, लेकिन कई लोग भारी भीड़ को देखते हुए यहां आने की हिम्मत नहीं जुटा सके और अब वे पुण्य लाभ अर्जित करने संगम आ रहे हैं। चेन्नई से आए आशीष कुमार सिंह ने कहा कि वह बृहस्पतिवार को रात साढ़े 11 बजे प्रयागराज पहुंचे और आज उन्होंने संगम में डुबकी लगाई। भीड़ की वजह से उन्होंने मेला समाप्त होने के बाद आने का मन बनाया। कक्षा 11 के विद्यार्थी सिंह ने बताया कि उनका जन्म बिहार में हुआ, लेकिन वह पले बढ़े चेन्नई में, इसलिए वह हिंदी और भोजपुरी के साथ ही तमिल भाषा में भी बात कर लेते हैं। वहीं, जयपुर से आए योगेंद्र गंगवार ने कहा कि वह भी मेले में आने से चूक गए क्योंकि बस और ट्रेनों में जगह नहीं थी। उन्होंने कहा कि अब वह बड़े आराम से जयपुर से प्रयागराज आए हैं और उनकी योजना दिन में संगम में डुबकी लगाने की है।(भाषा)

## महाकुंभ से भावुक होकर विदा हो रहे श्रद्धालु

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश में पिछले 45 दिनों से मंत्रोच्चार एवं भजन-प्रवचन से गुंजायमान महाकुंभनगर अब वीरानगी की ओर बढ़ रहा है। टेंट उखड़ रहे हैं और सामान ट्रैक्टरों पर लादे जा रहे हैं। ऐसे में हफ्ते महीने इस नगर में बिताने वाले लोग भावुक होकर विदा हो रहे हैं। महाकुंभनगर में 45 दिनों तक चला मेला महाशिवरात्रि स्नान के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। लाखों लोगों ने तो इसे अपना अस्थाई घर ही बना लिया था। महाकुंभ नगर के सेक्टर आठ में बैलों के संरक्षण के लिए शिविर लगाकर एक महीने से अधिक का प्रवास करने वाले राहुल शर्मा ने बहुत भावुक होकर कहा, वापस जयपुर जाने का मन नहीं कर रहा। यहां हुई अनुभूति को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यहां हर दिन एक नई ऊर्जा का संचार महसूस हुआ। जमीन पर सोया, लकड़ी की आग पर भोजन पकाकर खाया। यह सब महानगरों में कहां नसीब होता है। उन्होंने कहा, इस मेले ने मुझे देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की सेवा करने का अवसर दिया। एक ही जगह पर बिना बुलाए लोग आए। प्रयागराज की रहने वाली सलोनी निरंजन सेक्टर छह में एक स्विस कॉटेज में ठहरी थीं। टेंट उखड़ते देख दुखी मन से उन्होंने कहा, मैंने इसी टेंट में एक महीने का कल्पवास किया और अब इस घर को उजड़ता देख बहुत दुख हो रहा है। उन्होंने बताया, महाशिवरात्रि तक यहां जनसैलाब उमड़ा था और अब धीरे धीरे यह इलाका वीरान हो रहा है। सलोनी के पति निरंजन लाल और उनके परिवार के पंडा शंभूनाथ शर्मा भी इस दृश्य को देखकर भावुक हैं। शर्मा ने कहा, आप जहां भी नजर घुमाएं, हर स्थान बदलता हुआ दिखेगा। लोगों के घर वापस जाने के साथ टेंट सिटी, मंदिरों की प्रतिकृति, स्वास्थ्य शिविर सब कुछ खत्म हो रहा है। कुछ ही महीनों में यहां किसान सब्जियों की खेती करते दिखाई देंगे। इसी तरह, लोगों के दृष्टि दोष दूर करने और निशुल्क चश्मा वितरण के लिए सुर्खियों में रहे नेत्र कुंभ का भी टेंट उखाड़ा जा रहा है।(भाषा)

# नहीं हो सकेगा किसी सरकारी संस्था के अंदर धूम्रपान : अपर जिलाधिकारी

**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर डिस्ट्रिक्ट लेबल कमेटी की बैठक की। जिसमें एडीएम ने मादक व नशीले पदार्थों के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश देने साथ ही मादक पदार्थ से होने वाली हानि एवं दुष्परिणामों को लेकर जन सामान्य को जागरूक करने तथा सभी विभागों को जागरूकता कार्यक्रमों में सहयोग करने को कहा। एडीएम ने कहा कि नशे के विरुद्ध सघन अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय और कालेजों में विशेष अभियान चलाया जाए जिसमें नशा मुक्ति शपथ, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, निबंध एवं कविता प्रतियोगिताओं जैसे नाना प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, अगर किसी भी विद्यालय या कालेज के सामने तंबाकू या नशीले पदार्थ की दुकानें संचालित हो रही हैं तो उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। जनपद के औषधीय प्रतिष्ठानों पर नारकोटिक्स युक्त औषधियों का अनाधिकृत व्यक्तियों को विक्रय किया जाना दंडनीय अपराध है। नारकोटिक्स युक्त औषधि अनाधिकृत व्यक्तियों को विक्रय करते हुए पाए जाने पर नियमानुसार विधि कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस व आबकारी विभाग अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर रोक लगाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मदाक पदार्थ की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अन्य विभाग भी पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने नशीले पदार्थों के रोकथाम हेतु थाना इब्राहिमपुर, टांडा एवं अलीगंज में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। जिला कारागार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी संस्थानों में धूम्रपान पर प्रभावी तरीके से रोक लगाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सीओ सिटी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नाम व स्थान :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई – मड़ियाहू – जाफराबाद (48 किमी) दोहरीकरण, फाफामऊ स्टेशन (NR) से कुँवाडीह (NER) (10 किमी) के मध्य फ्लाइओवर एवं वाराणसी– पं. दीन दयाल उपाध्याय– तीसरी एवं चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध मे फाइनल लोकेशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य पूरा करने की अवधि | 05 (पाँच) माह | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 135.39 लाख |
| धरोहर राशि | रु. 2,17,700/– | | |
| ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 22.03.2025 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 22.03.2025 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। | | |

**विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र :** विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र **दिनाँक 28.02.2025** से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें व **दिनाँक 08.03.2025 से 22.03.2025 तक** ई–निविदा अपलोड की जा सकती है।

संख्या 32–टेण्डर/उपमुइंजी/नि0/वाराणसी दिनाँक : 27.02.2025 **642/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पार्क प्लस ने महाकुंभ में पांच लाख से अधिक वाहनों की पार्किंग की



**महाकुंभ नगर।** वाहन पार्किंग ऐप पार्क प्लस ने 45 दिनों तक चले महाकुंभ मेले में एआई युक्त स्मार्ट पार्किंग प्रबंधन प्रणाली की मदद से पांच लाख से अधिक वाहनों की पार्किंग का दावा किया है। पार्क प्लस के संस्थापक और सीईओ अमित लखोटिया ने कहा, महाकुंभ 2025 को भारत में एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन के रूप में जाना जाएगा जहां 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। पार्क प्लस ने मेले के दौरान पांच लाख से अधिक वाहनों की पार्किंग का प्रबंधन कर एक कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने कहा, हमारे एआई संचालित सिस्टम ने पार्किंग पैटर्न, पार्किंग के भरने की दर का सही अनुमान लगाने, ईवी चार्जिंग पैटर्न की पहचान करने और बेहतर पार्किंग अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लखोटिया ने बताया कि इस दौरान, कार मालिक अपनी कार पर लगे फास्टैग का उपयोग कर पार्किंग स्थल पर ही शुल्क भुगतान कर सके। मेला प्राधिकरण ने सभी 30 पार्किंग स्थलों के प्रबंधन के लिए पार्क प्लस को अनुबंधित किया था। उन्होंने बताया कि सभी पार्किंग स्थलों पर पार्क प्लस के सीसीटीवी कैमरे और स्कैनर लगे थे। इसके अलावा, पार्क प्लस ने पार्किंग स्थलों पर अन्य सुविधाएं जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन, जलपान, सुरक्षित शौचालय, चिकित्सा सहायता आदि की भी व्यवस्था की थी। (भाषा)

# टास्क फोर्स की बैठक में बीडीओ ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** विकास खंड सिरौलीगौसपुर सभागार में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में टास्कफोर्स की बैठक सम्पन्न हुई।खंड विकास अधिकारी आदिति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने संबोधित करते हुए कहाकि कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम एक मार्च से शुरू हो रहा है जो इससे प्रभावित हैं उन्हें चिन्हित किया जाए साथ ही साथ जो परिवार टीकाकरण से वंचित है टीम बनाकर के टीकाकरण कराया जाए। मौसम परिवर्तन के समय-साफ कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां फैलने लगती है ऐसे में साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए अपने हाथों को कई बार साबुन से अच्छी तरह से साफ करें लंबे समय से बुखार आने पर जांच अवश्य कराए जिससे समय से उपचार मिल सके। आप स्वस्थ रहें आपका परिवार स्वस्थ रहे। इस मौके पर सीडीपीओ अर्चना वर्मा, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, अभिषेक सिंह अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**एटा।** जिले में जलेसर-फिरोजाबाद मार्ग पर शुक्रवार तड़के दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृतकों में से एक की पहचान थाना सकरौली क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी शिवा के रूप में हुई है। शिवा की बहन की शादी शनिवार को होने वाली है। यह दुर्घटना सुबह करीब तीन बजे हुई। पुलिस ने बताया कि दूसरे मृतक की पहचान फिरोजाबाद जिले के नैनीगंज के मसरूलगंज निवासी अरबाज अली के रूप में हुई है। (भाषा)

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20401-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

634/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आगरा में एक निजी कंपनी के प्रबंधक ने आत्महत्या की, वीडियो में पत्नी पर लगाए आरोप

**आगरा।** मुंबई में एक निजी कंपनी में बतौर प्रबंधक कार्यरत, आगरा के एक युवक ने यहां कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के बाद उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है जिसमें उसने अपनी पत्नी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सदर क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनायक भोसले ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मुंबई की एक फर्म में मैनेजर और आगरा के डिफेंस कॉलोनी निवासी मानव शर्मा ने पिछले साल निकेता से शादी की थी। मानव ने 24 फरवरी की सुबह अपने घर पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उसके पिता नरेंद्र शर्मा द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, मानव (30) ने सुबह पांच बजे अपने कमरे में फांसी लगा ली। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 23 फरवरी को मानव और निकेता आगरा आए और मानव निकेता के साथ उसके माता-पिता के घर गया, जहां कथित तौर पर उसका अपमान किया गया। वह अपनी पत्नी को लेकर अपने घर वापस आया और आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या करने से पहले मानव ने अपने मोबाइल फोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए दोषी ठहराया। बृहस्पतिवार को दर्ज की गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद निकेता ने एक जवाबी वीडियो बयान जारी किया। (भाषा)

# वृद्धाश्रम में आयोजित किया गया विधिक जागरूकता शिविर, शेल्टर होम का एडीजे ने किया निरीक्षण




**अंबेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्रेषित प्लान ऑफ एक्शन 2024-25 के अनुपालन में राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार वृद्धाश्रम, अकबरपुर, में वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं अधिकार के सम्बन्ध में भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा वृद्धाश्रम एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज ज्योत्सना मणि यदुवंशी, अपर सिविल जज सीडि., एसी जेएम, अभिषेक सिंह, सिविल जज, जूडि, जेएम टाण्डा, जिवि से प्रा के कर्मचारी एवं पीएलवी तथा वृद्धाश्रम अकबरपुर से सत्यप्रकाश, प्रबन्धक, वृद्धाश्रम, अकबरपुर, एवं वृद्धजन द्वारा प्रतिभाग किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुये भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिये कई योजनायें तथा नीतियां शुरू की हैं इन योजनाओं का उद्देश्य देश भर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, कल्याण तथा उनकी स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है। उन्होने बुजुर्गों के अधिकारों के बावत बताया कि माता पिता व वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2007 एवं माता पिता व वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण (संशोधन) बिल 2019 के तहत अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक जो कि अपने आय अथवा अपनी संपत्ति के द्वारा होने वाली आय से भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं वे अपने व्यस्क बच्चों अधवा ऐसे संबंधित्तों से भरण पोषण प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते हैं जिनका उनकी सम्पत्ति पर स्वामित्व है अथवा जो कि उनकी सम्पत्ति के उत्तराधिकारी हो सकते हैं। प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का है यह अपने संबन्धितों से भी भरणपोषण की मांग कर सकता है जिनका उनकी सम्पत्ति पर स्वामित्तव है अथवा जो कि उनकी सम्पत्ति के उत्तराधिकारी हो सकते हैं। अपर जिला जज सचिव द्वारा नालसा द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किये जाने के कम में जारी सेवाओं जैसे टोल फ्री हेल्पलाईन नम्बर-15100 पर कॉल कर तत्काल विधिक सहायता व जानकारी लेने एवं विधिक सहायता हेतु शिकायत अथवा प्रार्थना पत्र को आनलाईन एलएस एमएस पोर्टल के माध्यम से निस्तारण करवाकर भी आप अपनी समस्याओं का निदान प्राप्त कर सकते है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.03.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.03.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.03.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.03.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०/ | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.03.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.03.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

628/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लोजपा खेल प्रकोष्ठ की हुई बैठक चलाया गया सदस्यता अभियान



**फतेहपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** फतेहपुर स्थित मिर्जापुर गांव मे शुक्रवार को लोजपा खेल प्रकोष्ठ का सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत रावत की उपस्थिति मे एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मंसाराम रावत ने की। प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत रावत ने लोकजनशक्ति पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को तेज करके राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाथों को मजबूत बनाना है।उत्तर प्रदेश मे यह सदस्यता अभियान प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पासवान के नेतृत्व में शुरू किया गया है। जिलाध्यक्ष विनय रावत ने बैठक मे उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने सभी को सदस्यता अभियान के प्रति जागरूक भी किया। बैठक में जिला प्रभारी जयप्रकाश रावत, प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार, जिला महासचिव अजय कुमार सिंह,जिला सचिव राम नरेश यादव, कुर्सी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इकलाख, विधानसभा प्रभारी राहुल कुमार और प्रदेश सचिव जितेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुत्री के प्रेमी ने शराब पिलाकर की थी कृष्णानंद की हत्या



**जैदपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** जैदपुर पुलिस ने रामू उर्फ कृष्णानंद हत्याकांड का खुलासा कर थाना क्षेत्र के मूर्तजीपुर गांव के प्रिंस वर्मा को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को भी संरक्षण में लिया गया है।जानकारी के अनुसार पुलिस ने रामू उर्फ कृष्णानंद हत्याकांड का शुक्रवार को खुलासा करते हुए आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन,हत्या में प्रयुक्त चाकू और लोहे का पाइप बरामद किया है। आरोपी प्रिंस वर्मा मृतक का पड़ोसी था। वह मृतक की बेटी से प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। करीब छह माह पहले मृतक की बेटी प्रिंस से मिलने गई थी। इस बात की जानकारी मिलने पर मृतक ने प्रिंस के घर जाकर उसे और उसके परिवार को गालियां दी थी। इसके बाद से प्रिंस और लड़की का मिलना-जुलना कम हो गया। जिसके चलते प्रिंस रामू से रंजिश रखने लगा। 22 फरवरी को रामू का अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था। प्रिंस ने इसी मौके का फायदा उठाया। उसने एक नाबालिग के साथ मिलकर रामू को शराब पिलाई। फिर मौका देखकर लोहे के पाइप से उसके सिर पर और चाकू से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस लाइन स्थित सभागार में प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया।

**विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि**

**सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 04217/04218 वाराणसी जं.-लखनऊ-वाराणसी जं. विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-**

| रेलगाड़ी संख्या | से | तक | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी जं. | लखनऊ | 28.02.2025 | 01.03.2025 से 31.03.2025 | 31 |
| 04218 | लखनऊ | वाराणसी जं. | 28.02.2025 | 01.03.2025 से 31.03.2025 | 31 |

• अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट : www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

668/2025

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षिप्त समाचार

## आपसी विवाद में लोडर पर लटके युवक की गिरने से मौत

**देहरादून, एजेंसी।** आपसी विवाद में लोडर पर लटके युवक की गिरने से मौत हो गई। युवक लोडर को रोकने के लिए खिड़की से लटका था। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ढ्रएसएसपी अजय सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में नकुड़ सहारनपुर के गांव भैरमऊ के रहने वाले सन्नी कुमार ने शिकायत की है। सन्नी ने बताया कि उनका छोटा भाई जोगिंद्र कुमार सात साल से देहरादून में रह रहा था। जोगिंद्र की यहां बड़ोवाला में हीरा सिंह मोहल्ला में योगी सर्विस सेंटर नाम से बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। वह सोमवार रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर रहा था। उसी वक्त एक लोडर वाहन चालक मोनू वहां आया। दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस पर मोनू वहां से लोडर लेकर जाने लगा। उसे पकड़ने के लिए जोगिंद्र लोडर की खिड़की पर लटक गया। मोनू ने लोडर रोकने के बजाय आगे बढ़ाता चला गया। करीब 500 मीटर आगे जाकर उसने जोगिंद्र को सड़क पर गिरा दिया। इससे जोगिंद्र को गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे बृहस्पतिवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## चारधाम यात्रा को सुगम बनाने की बाईपास योजनाएं प्रक्रियाओं में फंसीं, कैसे धरातल पर उतरेगी



**देहरादून, एजेंसी।** बाईपास का काम शुरू होने से पहले कई अनुमतियों का रास्ता तय करना बाकी है।वहीं, चारधाम यात्रा के समय वाहनों का दबाव बढ़ता है, तो ऋषिकेश में जाम लग जाता है। ऐसे में यहां पर बाईपास की योजना करीब 12 साल पहले बनी। इसके बाद तकनीकी कारणों के चलते बात आगे नहीं बढ़ सकी। चारधाम यात्रा को सुगम बनाने और शहरों में यातायात का दबाव कम करने के लिए बाईपास योजनाएं बनाई गई हैं, पर यह योजनाएं सरकारी प्रक्रियाओं में फंसी हुई है। महत्वाकांक्षी ऋषिकेश बाईपास का खाका एक दशक से अधिक समय पहले खींचा गया, पर पर अभी तक वह धरातल पर नहीं उतर सका है। इसी तरह श्रीनगर, चंपावत, लोहाघाट, पिथौरागढ़ बाईपास का काम शुरू होने से पहले कई अनुमतियों का रास्ता तय करना बाकी है।वहीं, चारधाम यात्रा के समय वाहनों का दबाव बढ़ता है, तो ऋषिकेश में जाम लग जाता है। ऐसे में यहां पर बाईपास की योजना करीब 12 साल पहले बनी। इसके बाद तकनीकी कारणों के चलते बात आगे नहीं बढ़ सकी। पिछले साल 17 किमी बाईपास की डीपीआर को तैयार कर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा गया है। मंत्रालय में इस पर स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी की बैठक होनी है, इसके बाद मंत्रालय से मोहर लगेगी। इसके बाद वन भूमि में काम करने के लिए वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू होगी। वन भूमि मिलने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**देहरादून, एजेंसी।** ग्राफिक एरा में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपना हुनर दिखाया। तीन दिवसीय एथलेटिक्स मीट का बृहस्पतिवार को शुभारंभ किया गया। इसमें 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर दौड़ के साथ रिले रेस, गोला फेंक व लंबी कूद जैसी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। पहले दिन 703 युवाओं ने 100 मीटर रेस, 416 ने गोला फेंक व 329 ने लंबी कूद में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 10 को लंबी कूद व 20 को गोला फेंक में अगले दौर के लिए चुना गया। छात्र-छात्राओं को अकाउंटिंग में प्रशिक्षण देने के लिए ग्राफिक एरा, बीकॉम आनर्स में सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट कोर्स शुरू करेगा।

# श्रद्धालुओं की बढ़ी मुश्किलें, महंगी हो सकती है चारधाम यात्रा, किराए को लेकर आएगा फैसला



**देहरादून, एजेंसी।**
चारधाम यात्रा इस बार श्रद्धालुओं की जेब पर कुछ अतिरिक्त भार डाल सकती है। इस वर्ष 30 अप्रैल को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही शुरू होने वाली चारधाम यात्रा में बसों और टैक्सी-मैक्सी कैब का किराया 10 से 20 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

इसके अलावा डीजल, बीमा राशि और अन्य खर्चों में वृद्धि का तर्क देते हुए चारधाम यात्रा में वाहनों का संचालन करने वाली संयुक्त रोटेशन ने सरकार के सामने किराये में वृद्धि करने की मांग रख दी है। संयुक्त रोटेशन का कहना है कि सरकार ने पौने तीन वर्ष पहले जुलाई-2022 में बसों समेत टैक्सी-मैक्सी का किराया तय किया था, जिसमें अब बदलाव किया जाए।

वहीं संयुक्त रोटेशन की मांग पर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने किराये में संशोधन पर मंथन शुरू कर दिया है। राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) जल्द इस प्रकरण में निर्णय ले सकता है। परिवहन विभाग की ओर से वर्ष-2022 में पहली बार चारधाम यात्रा के लिए वाहनों का किराया अलग से तय किया गया था।

प्रदेश में संचालित सामान्य व्यावसायिक वाहनों से अलग मानकर चारधाम यात्रा के वाहनों का किराया वाहन की श्रेणी के हिसाब से निर्धारित किया गया था। इसमें टैक्सी की कीमत के हिसाब से उसकी श्रेणी तय की गई है। आठ लाख रुपये तक कीमत की टैक्सी को साधारण, आठ से 15 लाख तक कीमत वाली टैक्सी को डीलक्स, 15 से 25 लाख रुपये तक की टैक्सी को लग्जरी जबकि 25 लाख रुपये से अधिक कीमत की टैक्सी को सुपर लग्जरी श्रेणी में रखा गया है।

श्रेणी के अनुसार, इनका किराया व प्रतीक्षा शुल्क भी निर्धारित किया गया था। संयुक्त रोटेशन पिछले वर्ष भी 10 प्रतिशत किराया वृद्धि की मांग पर अड़ा हुआ था, मगर लोकसभा चुनाव के चलते तब राज्य सरकार ने किराया वृद्धि करने से मना कर दिया था।

इस बार ट्रांसपोर्टर किराया वृद्धि करने की जिद पर अड़े हुए हैं। ऐसे में सरकार बीच का रास्ता निकाल सकती है, जिससे ट्रांसपोर्टरों को भी परेशानी न हो और यात्रियों की जेब पर भी अधिक अतिरिक्त बोझ न पड़े। वर्तमान व्यवस्था में परिवहन विभाग ने टैक्सी का न्यूनतम किराया किमी के हिसाब से तय किया हुआ है। इसमें 80 किमी से कम संचालन होने पर 80 किमी का किराया देना होता है, जबकि 80 किमी से ऊपर संचालन होने पर प्रति किमी के हिसाब से किराया लिया जा रहा। आठ घंटे तक कोई प्रतीक्षा शुल्क नहीं लिया जा रहा जबकि एक दिन में 200 किमी से अधिक संचालन पर भी प्रतीक्षा शुल्क नहीं है। डीजल की कीमत से लेकर बीमा, टैक्सी व उपकरण संबंधी खर्च में वृद्धि होने का दावा करते हुए ट्रांसपोर्टरों ने किराया वृद्धि की मांग की है। राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) ने जुलाई-2022 में सार्वजनिक वाहनों के लिए किराये की नई दरें लागू की थी। ट्रांसपोर्टरों की मांग पर उच्चाधिकारियों के साथ मंथन किया जा रहा है। विभाग के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा व सेवा प्राथमिकता है।

## ऑनलाइन गेमिंग एप पर दोस्ती युवती को पड़ी भारी, युवक ने बना ली अश्लील वीडियो

**देहरादून, एजेंसी।** दून की युवती को ऑनलाइन गेमिंग पर अज्ञात युवक से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। आरोपित ने युवती की इंस्टाग्राम आइडी का नंबर लेकर कुछ अश्लील वीडियो बनाई और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी।

इस मामले में डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साइबर पुलिस स्टेशन में दी तहरीर में युवती ने बताया कि जनवरी 2025 में उसकी मयंक नामक के युवक से ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर मुलाकात हुई थी।

आरोपित ने उसका विश्वास हासिल करने के बाद उसका मोबाइल नंबर, स्वजनों के मोबाइल नंबर, यूपीआइ नंबर हासिल कर लिया। वीडियो कॉलिंग के दौरान आरोपित ने उनकी कुछ अश्लील वीडियो भी बना ली और उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

आरोपित ने यह वीडियो कई युवकों को भेजे हैं, जोकि उनके स्वजनों व उसे परेशान कर रहे हैं। डालनवाला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज मेनवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

देहरादून। एक महिला ने एक किशोर पर उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि किशोर उनकी पुत्री को ट्यूबवेल के कमरे में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

राजपुर थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 फरवरी को उनकी पुत्री घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान क्षेत्र में ही रहने वाले वाला 16 वर्षीय किशोर उसे बहला फुसलाकर ट्यूबवेल वाले कमरे में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित ने घर आकर घटना के बारे में जानकारी दी। इस मामले में राजपुर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फेसबुक में दोस्ती के बाद एक महिला को हरिद्वार घुमाने के बहाने हरिद्वार निवासी युवक सूर्यधार मार्ग स्थित एक रिजॉर्ट में ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। रानीपोखरी थानाध्यक्ष विकेंद्र चौधरी ने बताया कि थाने में पुलिस को बुधवार शाम करीब 4.38 पर सूचना मिली कि सूर्यधार मार्ग स्थित एक रिजॉर्ट में महिला के साथ दुष्कर्म किया गया।

## प्रवासी पक्षी बदलने लगे ठिकाना, आसन रामसर साइट से छह प्रजातियों के परिंदे लौटे



**देहरादून, एजेंसी।** मार्च का पहला सप्ताह शुरू होने में तीन दिन शेष हैं। लेकिन, झील में प्रवास कर रहे रेड नेप्ड इबिस, वूली नेक्ड स्ट्रोक, फेरूजिनस पोचार्ड, ग्रेट क्रिस्टड ग्रेब, ओपन बिल, मालार्ड प्रजाति के पक्षी प्रवास काल पूरा करके अपने वतन वापस लौट गए हैं। मौसम में बदलाव और तापमान में हो रही वृद्धि के चलते आसन रामसर साइट में प्रवास करने वाले विदेश मेहमान अपने मूल स्थान लौटने लगे हैं। पहले चरण में छह प्रजातियों के परिंदों ने आसन स्थित अपने अस्थायी ठिकाने को अलविदा कह दिया है। रामसर साइट में हर साल सर्दी का मौसम शुरू होते ही साइबेरिया, यूरोप से लेकर रूस, अफगानिस्तान, ईरान, इराक समेत हिमालय के ऊंचाई वाले इलाकों से बड़ी संख्या में पक्षी पहुंचते हैं। यहां मार्च के पहले सप्ताह तक प्रवास करते हैं। हालांकि, अभी मार्च का पहला सप्ताह शुरू होने में तीन दिन शेष हैं। लेकिन, झील में प्रवास कर रहे रेड नेप्ड इबिस, वूली नेक्ड स्ट्रोक, फेरूजिनस पोचार्ड, ग्रेट क्रिस्टड ग्रेब, ओपन बिल, मालार्ड प्रजाति के पक्षी प्रवास काल पूरा करके अपने वतन वापस लौट गए हैं। पक्षी विशेषज्ञ अजय शर्मा ने बताया कि प्रवासी पक्षियों का प्रवास काल मौसम पर आधारित होता है। गर्मी बढ़ने के साथ ही उनके वापस लौटने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार फरवरी के दूसरे सप्ताह से ही तापमान बढ़ने लगा था।

## मारपीट व हत्या की कोशिश में बड़कोट नगर पालिकाध्यक्ष व साथी को जेल

**देहरादून, एजेंसी।** मंगलवार देर रात नगर पालिकाध्यक्ष विनोद डोभाल और उनके साथी अंकित रमोला ने प्रवीन रावत के वाहन को टक्कर मार दी। प्रवीन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पालिकाध्यक्ष और उनके साथी ने उन्हें मारने की कोशिश की। उत्तरकाशी में बड़कोट नगर पालिका के अध्यक्ष और उनके एक साथी पर युवक से मारपीट और हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों को पुरोला न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दीपक कठैत ने बताया कि मंगलवार देर रात नगर पालिकाध्यक्ष विनोद डोभाल और उनके साथी अंकित रमोला ने प्रवीन रावत के वाहन को टक्कर मार दी। प्रवीन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पालिकाध्यक्ष और उनके साथी ने उन्हें मारने की कोशिश की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पालिकाध्यक्ष विनोद डोभाल और उनके साथी अंकित रमोला पर मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। बुधवार को दोनों को पुरोला में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं, क्षेत्र में चर्चा यह भी है कि पालिकाध्यक्ष और प्रवीन रावत के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश थी। इसके चलते ही देर रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उत्तराखंड में दो मार्च को होगी सहायक अध्यापक पदों की भर्ती परीक्षा



**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) समूह-ग के तहत जनजाति कल्याण विभाग में सहायक अध्यापक के 27 पदों के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन दो मार्च को होगा। लिखित परीक्षा के लिए आयोग ने अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की  पर जारी कर दिए हैं।

आयोग के सचिव एसएस रावत ने बताया कि आयोग ने बीते आठ नवंबर 2024 को जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत सहायक अध्यापक प्राइमरी के 15 पदों और सहायक अध्यापक (एलटी) कम्प्यूटर शिक्षा के 12 पदों के आवेदन आमंत्रित किए थे। अब आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दो मार्च को दो पाली में होगी।

लिखित परीक्षा की पहली पाली प्रातः नौ बजे से 11 बजे तक सहायक अध्यापक प्राइमरी पदों के लिए होगी। दूसरी पाली दोपहर दो बजे से चार बजे तक सहायक अध्यापक (एलटी) कंप्यूटर शिक्षा के लिए ली जाएगी।

उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्देशित किया कि डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र पर बार कोड भी अंकित होना चाहिए। लिखित परीक्षा में सम्मालित अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र और पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

देहरादून। उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी नितियों एवं विचारों के आदान-प्रदान और अनुसंधान का विस्तार कर इसे मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों पर देशभर के शिक्षाविद दो दिन मंथन करेंगे। दो दिवसीय राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन एक व दो मार्च 2025 को दून विश्वविद्यालय में आयोजित होगा।

सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरुमीत सिंह करेंगे। आपको बता दें कि शिखर सम्मेलन का आयोजन विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान, दून विवि, उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग व उत्तराखंड विज्ञान व प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने बताया कि इस अवसर पर देशभर से शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों व प्रबुद्ध जन संस्थागत नेतृत्व व उच्च शिक्षा जगत में भारत केंद्रित शिक्षा, अनुसंधान का विस्तार करने पर फोकस होगा। साथ ही अनुसंधान को मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों पर अपनी राय रखेंगे। यह सम्मेलन शिक्षा नीतियों एवं प्रयासों में परिवर्तनकारी नवविचारों के प्रवाह का महाकुंभ साबित होगा। प्रो. सुरेखा डंगवाल ने आशा व्यक्त की कि सम्मेलन भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा और वर्तमान एवं आने वाली पीढ़ी के लिए एक सकारात्मक एवं सदृढ़ समाज की स्थापना करने में लाभकारी साबित होगा।

## उत्तराखंड में जमीन खरीदना हुआ मुश्किल, शासन से लेनी पड़ेगी इजाजत

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश में सख्त भू-कानून बनाने में सुभाष कुमार समिति की संस्तुतियां बड़ा आधार बनी हैं। मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों यानी एमएसएमई के लिए भूमि खरीद की अनुमति का अधिकार जिलाधिकारी से हटाकर शासन को दिया गया है।

थ्रस्ट सेक्टर के रूप में उद्योगों, अस्पतालों, चिकित्सा व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, पर्यटन की गतिविधियों, शिक्षण संस्थानों के रूप में निवेश की राह प्रदेश में हर कहीं खुली रखी गई है। इसमें नई शर्त यह जोड़ी गई है कि इसके लिए संबंधित विभागों से भूमि अनिवार्यता प्रमाणपत्र लिया जाएगा। निवेशक को कितनी भूमि की आवश्यकता है, इसका निर्धारण संबंधित विभागों के मानकों के आधार पर किया जाएगा।

सख्त भू-कानून के लिए विधानसभा में गत 21 फरवरी को उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2025 विधेयक पारित किया गया। नया भू-कानून प्रदेश के समस्त नगर निकाय और छावनी परिषद क्षेत्रों में लागू नहीं किया जाएगा।

बाहरी व्यक्ति यदि निकाय क्षेत्रों से बाहर आवास के लिए जमीन खरीदने का इच्छुक है तो एक ही बार 250 वर्ग मीटर भूमि खरीद पाएगा। इसके लिए शपथ पत्र देना होगा। शपथ पत्र गलत पाए जाने पर भूमि पर राज्य सरकार का कब्जा हो जाएगा। एक परिवार के अन्य सदस्यों को भूमि खरीद की अनुमति नहीं होगी। भूमि की लूट-खसोट रोकने के लिए खरीद प्रक्रिया की निगरानी पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

हरिद्वार एवं ऊधम सिंह नगर जिलों को छोड़कर शेष 11 जिलों में कृषि व बागवानी के लिए भूमि नहीं खरीदी जा सकेगी। इन दो जिलों में भी अनुमति प्राप्त कर भूमि खरीदने वाले को राज्य में अन्य किसी भी जिले में भूमि लेने के लिए राज्य सरकार से अनुमति लेनी होगी। पूर्व अनुमति के बगैर भूमि खरीदी गई तो यह भूमि सरकार में निहित हो जाएगी। पर्वतीय जिलों में कृषि एवं बागवानी के लिए लीज पर भूमि लेने का रास्ता खुला रखा गया है।

# बदहवास हालत में मिली छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट सामान्य, दो साल से चल रहा डिप्रेशन का इलाज

**देहरादून, एजेंसी।**
एक छात्रा पीपल मंडी में एक कांप्लेक्स के पास बदहवास हालत में मिली थी। पुलिस ने उसे उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया। शुरुआती पूछताछ में उसने अपने साथ दुष्कर्म होने की बात पुलिस को बताई थी। लेकिन, बार-बार वह अपने बयान भी बदल रही थी।

पीपल मंडी में बदहवास हालत में मिली छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। छात्रा के परिजनों ने लिखित रूप से पुलिस को कार्रवाई न करने को कहा है। बताया है कि उनकी पुत्री का डेढ़ साल से डिप्रेशन का इलाज चल रहा है। इसके संबंध में उन्होंने इलाज के पर्चे भी पुलिस को सौंपे हैं। अब भी उसका फिजिक्स का पेपर अच्छा न होने से वह ज्यादा डिप्रेशन में आ गई थी।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर एक छात्रा पीपल मंडी में एक कांप्लेक्स के पास बदहवास हालत में मिली थी। पुलिस ने उसे उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए दून अस्पताल में भर्ती कराया। शुरुआती पूछताछ में उसने अपने साथ दुष्कर्म होने की बात पुलिस को बताई थी। लेकिन, बार-बार वह अपने बयान भी बदल रही थी।

इस पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए घटनास्थल और उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज




चेक की गई। पता चला कि युवती खुद ही पीपल मंडी में एक कांप्लेक्स में अपने स्कूटर से गई थी। वहां से काफी देर बाद निकली। जबकि, उसने शुरुआत में कहा था कि दो युवक उसे स्कूटर पर बीच में बैठाकर ले गए थे और एक स्कूल के पास उसके साथ गलत काम किया। सीसीटीवी फुटेज में ऐसी किसी घटना की तस्दीक नहीं हुई।

छात्रा के परिजनों को बुलाकर उनके सामने भी जानकारी की गई। उन्होंने पुलिस को लिखकर दिया है कि उनकी पुत्री करीब डेढ़ साल से डिप्रेशन का शिकार है। उसका एक निजी अस्पताल में इलाज भी चल रहा है। इलाज के पर्चे भी पुलिस को दिए गए हैं। ऐसे में उन्होंने किसी प्रकार की कार्रवाई करने से इन्कार किया है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसका फिजिक्स का पेपर ठीक नहीं हुआ था। इसके कारण वह ज्यादा चिंतित हुई और उसने यह कहानी बना दी।

## रोजगार दिलाने वाली कंपनी से 48 लाख रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी

**देहरादून, एजेंसी।** कर्मचारियों को रोजगार दिलाने वाली कंपनी के संचालक से दूसरी कंपनी के संचालकों ने लाखों की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने 150 कर्मचारियों को रोजगार दिलाने का झांसा देकर 48.27 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुए पीड़ित राकेश कुमार मिश्रा निवासी चंदन नगर ने बताया कि उसकी कंपनी एम-एस अपेक्स जॉब सोल्यूशन इडंस्ट्रीयल कर्मचारियों की नियुक्ति का काम करती है। उनके पूर्व परिचित दीपक राणा व लवकुश तिवारी ने उन्हें बताया कि एक निजी कंपनी रॉय स्पोर्ट्सवियर सेक्टर पांच हरियाणा को 150 कर्मचारियों की आवश्यकता है। इसके बाद उस कंपनी की संचालक सुषमा शर्मा और उसके दो अन्य साथी उनके दफ्तर पहुंचे। सुषमा ने कर्मचारियों की भर्ती के लिए एक एग्रीमेंट किया। अनुबंध के तहत महिला की कंपनी में काम कर रहे 94 कर्मचारियों का भुगतान पीड़ित की कंपनी को करना था। इस पर उन्होंने जनवरी 2024 को 39 लाख से ज्यादा ट्रांसफर कर दिए। अनुबंध के अनुसार कंपनी को 48.27 लाख रुपये लौटाने थे। इसके लिए उन्होंने पोस्ट डेटेड चेक भी दिए थे। इन्हें फरवरी 2024 में बैंक में लगाने के लिए कहा गया, लेकिन पीड़ित ने चेक लगाया तो पता चला कि कंपनी ने जिस खाते का चेक दिया है, वह पहले से ही फ्रीज है।

# ग्रुप-5 समाचार

www.group5news.com/epaper

Visit us at: www.group5news.com/epaper




## सम्पादकीय

# कामयाबी का जनोत्सव

सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल-कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने-जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस-अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे। त्याग-संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी-पत्री के स्वतः स्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं।



सैयद अहमर हसनैन

भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग-परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी-विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। वीरवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था। इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ- तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है। दिल्ली रेलवे स्टेशन का हादसा इसका ज्वलंत उदाहरण है। महाकुंभ के सफल आयोजन ने बताया है कि देश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देश में महाकाल कोरिडोर व काशी कोरिडोर की तर्ज पर चारों कुंभ स्थलों पर संरचना निर्माण की दिशा में सोचा जाना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों की शुरुआत कर दी है। बहरहाल, महाकुंभ को सामाजिक समरसता के उत्सव के रूप में भी याद किया जाएगा, जहां जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा की वर्जनाएं टूटती नजर आई। महत्वपूर्ण यह भी कि तीर्थयात्री तमाम कष्टों को सहते हुए सनातन संस्कृति में अटूट आस्था दिखाते रहे। महाकुंभ के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का झाडू लेकर सफाई में जुटना और सफाईकर्मियों के बीच अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भोजन करना एक प्रशंसनीय प्रयास हैं। वहीं कुंभ आयोजन की रीढ़ रहे पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, रोडवेज कर्मियों, सफाईकर्मियों को बोनस, छुट्टी और स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देना एक अनुकरणीय पहल है।

## शून्य भेदभाव दिवस पर विशेष

# शून्य भेदभाव अभियान मिसाल नहीं, मशाल बनें



ललित गर्ग

**इक्कीसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। इसी तरह लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं को अक्सर वेतन में अंतर, सीमित करियर उन्नति और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित कर देती हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और क्षमता सीमित हो जाती है। उम्र के आधार पर भेदभाव युवा और बुजुर्ग दोनों को प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों एवं समाजों में भेदभाव के बारे में चिंताजनक आंकड़े मिलते है...**

**दुनिया में भेदभाव की ऊंची-ऊंची दीवारों पर अमानवीयता, छूआछूत, अन्याय, शोषण, उत्पीड़न के काले अध्याय लिखे हैं, इनके खिलाफ़ लड़ाई के लिए बहुआयामी, उदार एवं मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो मूल कारणों एवं जड़ों पर प्रहार करते हुए सामाजिक-राजनैतिक मानदंडों को चुनौती दे और पहचान के विभिन्न आयामों में समावेशिता और समानता को बढ़ावा दे। भेदभाव के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है, जो कोई प्रतीकात्मक उत्सव नहीं है, बल्कि सीमाओं, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समानता की एक शक्तिशाली घोषणा है, इसे मिसाल नहीं, मशाल बनाना होगा। यह निष्पक्षता, समानता और सभी के लिए सम्मान के लिए लड़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शून्य भेदभाव दिवस-2025 की थीम है 'हम एक साथ खड़े हैं।' इसके द्वारा जातिवाद, रंगवाद, नस्लवाद, भाषावाद आदि विषमता एवं विसंगतिमूलक व्यवस्थाओं एवं सोच की जड़े हिलाई गयी है। दुनियाभर में इस क्रांतिकारी अभियान का मुक्तभाव से स्वागत हो रहा है।**

इक्कीसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। इसी तरह लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं को अक्सर वेतन में अंतर, सीमित करियर उन्नति और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित कर देती हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और क्षमता सीमित हो जाती है। उम्र के आधार पर भेदभाव युवा और बुजुर्ग दोनों को प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों एवं समाजों में भेदभाव के बारे में चिंताजनक आंकड़े मिलते है। भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देता है, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे शून्य भेदभाव दिवस आंदोलन ने गति पकड़ी, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है। महात्मा गांधी ने भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव रखी। अगर गांधी ने अछूतोद्धार आन्दोलन नहीं चलाया होता, उनके कल्याण के लिए संघर्ष नहीं किया होता, उनकी बस्ती मे उनके साथ जाकर नहीं रहे होते तो ये हरिजन आज हीन एवं दीन ही बने रहते। जब गांधी के गुजरात का प्रमुख शहर, हीरों का विश्वभर में निर्यात करने वाला सूरत गन्दगी से सड़कर प्लेग से जूझ रहा था, तब देश के सबसे बड़े प्रान्त उत्तर प्रदेश में आन्दोलनकारियों पर गोली चलाई गई। जिसने राजघाट में सोयी उस आत्मा को पीड़ा से भर दिया। गांधी ने एक मुट्ठी भर नमक उठाया और करोड़ों लोगों ने मुट्ठियां तान दी थीं। चर्खे पर खादी का धागा काता और विदेशी कपड़ों की होली हर चौराहे पर जला दी। करो या मरो का नारा दिया और कितने ही वकील, डॉक्टर, अध्यापक, व्यापारी अपना पेशा छोड़कर मैदान में कूद पड़े। ऐसा चरित्र आज कहां? उनका व्यक्तित्व सुन्दर चमड़ी का नहीं था,



उनकी छवि विदेशी कपड़ों से नहीं थी, उनके विचार आयात किए हुए नहीं थे। एक दुबला, पतला, लंगोटीधारी, जो भारत की धरती के लोगों के हृदय की भाषा बोलता था और इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को मिटाता चला गया। आज तो नेता समस्याओं को सड़ा रहे हैं समाधान नहीं दे रहे हैं। लोगों का विश्वास टूट रहा है। भेदभाव के खिलाफ लड़ाई गांधी जैसे अनेक विश्व व्यक्तित्वों के अथक प्रयासों से प्रेरित हैं, जिनकी न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता ने वैश्विक मंच पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने, हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए आवाज़ उठाने और बदलाव को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसी ही एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं नेल्सन मंडेला, जिनकी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद को खत्म करने के लिए आजीवन प्रतिबद्धता उत्पीड़न के खिलाफ़ लचीलेपन का प्रतीक है। लड़कियों की शिक्षा के लिए निडर योद्धा मलाला यूसुफजई तालिबान द्वारा हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरीं। सभी के लिए शिक्षा के प्रति मलाला के अटूट समर्पण और लैंगिक समानता के लिए उनके अथक प्रयास ने उन्हें 17 साल की उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार दिलाया, जिससे वह इतिहास में सबसे कम उम्र की पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से एक बन गई। हार्वे मिल्क ने पहले खुले तौर पर समलैंगिक सार्वजनिक अधिकारी के रूप में कैलिफोर्निया में समलैंगिकों के अधिकारों की व्यापक दृश्यता और स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त किया।

# घातक है ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती प्रवृत्ति

## बच्चों को मोबाइल की लत



रोहित माहेश्वरी

**पिछले महीने लखनऊ में एक बीडीएस छात्र ने आत्महत्या का खौफनाक कदम उठाने से पहले अपने दोस्तों को ऑनलाइन गेम खेलने के लिए नोटिफिकेशन भेजा था। वहीं, लखनऊ के दूसरे मामले में ऑनलाइन गेम की लत के शिकार दसवीं के छात्र ने मोबाइल गेम में नुकसान के बाद आत्महत्या कर ली। घर में छोटे बच्चे हैं, तो फिर आपने भी गौर किया होगा कि वे जल्द ही मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हो जाते हैं। जब तक पैरेंट्स बच्चों को मोबाइल न दे, तब तक यह संभव भी नहीं है। कहीं न कहीं इसकी शुरुआत अभिभावक ही करते हैं। लेकिन जब एक बार बच्चों को मोबाइल की लत लग जाती है, तो फिर मोबाइल फोन न देने पर गुस्सा करना, रोना, चीखना और चिल्लाना आम बात हो जाती है। बच्चों को बिजी रखने के लिए खुद ही अभिभावक फोन पर गेम्स और वीडियो चलाकर दे देते हैं। हालांकि शौकिया तौर पर कुछ देर गेम खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब यह शौक एक बुरी लत में बदल जाता है, जिसे गेमिंग की लत या फिर गेमिंग डिसआर्डर भी कहते हैं। गूगल प्ले स्टोर और एपल के एप स्टोर पर कई गेम ऐप्स मौजूद हैं, जो आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। कई बार इसे शौकिया खेलने के लिए डाउनलोड करते हैं, लेकिन यह बहुत जल्दी लत में तब्दील हो जाती है...**

**एक समय वह भी था जब बच्चों को घर से बाहर खेलने जाने के लिए मना किया जाता था। दिनभर घर से बाहर रहकर खेलने के लिए उन्हें डांट भी पड़ती थी लेकिन अब समय बदल गया है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चे खेलने के लिए घर से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऑनलाइन वीडियो गेम और स्मार्टफोन है। वीडियो गेम खेलने वाले स्मार्टफोन सात-आठ हजार रुपये तक में आसानी से मिल रहे हैं। वहीं गूगल प्ले-स्टोर पर मुफ्त मोबाइल गेम भी मिल जाते हैं। दरअसल, ऑनलाइन वीडियो गेमिंग का बाजार बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है इसी के साथ बढ़ रहा है इसका दुष्परिणाम। कई वीडियो गेम्स बच्चों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो रहे हैं। ब्लू व्हेल जैसे गेम्स की वजह से कई मौतें भी हो चुकी हैं। आइए जानते हैं कुछ वीडियो गेम्स के बारे में जो बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं, उन्हें हिंसक बना रहे हैं और यहां तक की जान देने के लिए भी उकसा रहे हैं।**

ऑनलाइन गेम से पनप रहे जानलेवा खतरों को लेकर दुनियाभर में चिंता जताई जा रही है। ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बच्चों को बचाने के लिए कई देश इस समय अलर्ट मोड पर हैं। ब्राजील, चीन, वेनेजुएला, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ऐसे गेम्स पर प्रतिबंध है, जो हिंसक प्रवृत्ति पैदा करते हैं। चीन में 18 साल से कम उम्र वालों को शुक्रवार, शनिवार, रविवार या फिर सार्वजनिक छुट्टी के दिन सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम की अनुमति है। सख्त नियमों के बावजूद ब्राजील के एक किशोर ने ऑनलाइन चैलेंज पूरा करने के लिए खुद को बटरफ्लाई फ्लूड का इंजेक्शन लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले महीने लखनऊ में एक बीडीएस छात्र ने आत्महत्या का खौफनाक कदम उठाने से पहले अपने दोस्तों को ऑनलाइन गेम खेलने के लिए नोटिफिकेशन भेजा था। वहीं, लखनऊ के दूसरे मामले में ऑनलाइन गेम की लत के शिकार दसवीं के छात्र ने मोबाइल गेम में नुकसान के बाद आत्महत्या कर ली। घर में छोटे बच्चे हैं, तो फिर आपने भी गौर किया होगा कि वे जल्द ही मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हो जाते हैं। जब तक पैरेंट्स बच्चों को मोबाइल न दे, तब तक यह संभव भी नहीं है। कहीं न कहीं इसकी शुरुआत अभिभावक ही करते हैं। लेकिन जब एक बार बच्चों को मोबाइल की लत लग जाती है, तो फिर मोबाइल फोन न देने पर गुस्सा करना, रोना, चीखना और चिल्लाना आम बात हो जाती है। बच्चों को बिजी रखने के लिए खुद ही अभिभावक फोन पर गेम्स और वीडियो चलाकर दे देते हैं। हालांकि शौकिया तौर पर कुछ देर गेम खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब यह शौक एक बुरी लत में बदल जाता है, जिसे गेमिंग की लत या फिर गेमिंग डिसआर्डर भी कहते हैं। गूगल प्ले स्टोर और एपल के एप स्टोर पर कई गेम ऐप्स मौजूद हैं, जो आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। कई बार इसे शौकिया खेलने के लिए डाउनलोड करते हैं, लेकिन यह बहुत जल्दी लत में तब्दील हो जाती है। ऑनलाइन या वीडियो गेम की लत नशे से भी बुरी है। खासकर पबजी जैसे गेम बच्चों को हिंसक भी बना रहे हैं। गेमिंग की लत को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीमारी यानी गेमिंग डिसआर्डर के रूप में चिन्हित किया है। खासकर बढ़ते बच्चों में गेमिंग की लत उनके आगे बढ़ने में बहुत बड़ी बाधा है। गेमिंग के दौरान अलग-अलग लेवल पार करना बच्चे अपनी उपलब्धि मानते हैं। ऐसे



में बिना सोचे-समझे वह गेम खेलते चला जाता है। एक्साइटमेंट के लिए वह कुछ भी कर गुजरने से हिचकता नहीं है। यह खेल मानसिक रूप से भी कमजोर बनाता है। खिलाड़ी असल दुनिया से दूर एक वर्चुअल यानी आभासी दुनिया में होता है। कई बार तो गेम में जीतने पर रिवार्ड की सुविधा भी होती है। देखा जाए, तो यह एक तरह से बच्चों को उकसाने का तरीका ही है। ऑनलाइन गेम चैलेंज को लेकर बच्चों से जुड़ीं ये तो कुछ ही घटनाएं हैं। इससे पहले भी ब्लू वेल चैलेंज, द पास आउट चैलेंज, द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज, द फायर चैलेंज और द कटिंग चैलेंज जैसे ऑनलाइन गेम दुनियाभर में हजारों बच्चों की जान ले चुके हैं। ब्लू वेल चैलेंज से दुनियाभर में 130 लोग और द पास आउट चैलेंज में एक हजार बच्चों की मौत खुद अपना गला दबाने या साथी का गला दबाने से हो चुकी है। द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज खेलते समय तमाम बच्चे इसलिए अपंग हो गए क्योंकि उन्होंने अपने पैर माइनस 25 डिग्री बर्फ में 15 मिनट तक रखे थे। इसी तरह द फायर चैलेंज में बच्चे अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाते हैं और द कटिंग चैलेंज में अपने शरीर में घाव कर टास्क पूरा करने के लिए वीडियो अपलोड करते हैं। यदि बच्चे की दिनचर्या में बदलाव नजर आए। उसका पूरा कामकाज पबजी के इर्द-गिर्द ही दिखाई देने लगे तो समझिए वह इस खेल की गिरफ्त में जा रहा है। उसका स्वभाव आक्रामक और गुस्सैल हो सकता है। पबजी खेलने से रोकने पर वह हिंसक हो उठता है या गाली-गलौज भी कर सकता है। इस खेल की लत में आया बच्चा आमतौर पर गुमसुम दिखाई देता है। उसकी याददाश्त में कमी आना, बात बिगड़ने के संकेत हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार बच्चों के मां-बाप इस आदत पर लगाम लगाने में खुद को असहाय पा रहे हैं। यह सिर्फ खर्च की बात नहीं है, बल्कि बच्चों के दिमाग पर जो इस खेल का असर हो रहा है, वह आगे जाकर जानलेवा हो सकता है। यदि पेरेंट्स इसे सामान्य मान रहे हैं, तो ये उनकी भूल है। आपत्तिजनक व हिंसक कंटेंट के कारण 15 देश अलग-अलग तरह के ऑनलाइन गेम्स पर पाबंदी लगा चुके हैं। वेनेजुएला 2009 में ही वीडियो गेम्स बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने पर रोक लगा चुका है। ब्राजील बहुत ज्यादा हिंसा वाले गेम बंद किए। चीन 18 साल से कम उम्र वालों को सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टी के दिन अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम खेलने की इजाजत है। ऑस्ट्रेलिया में हिंसक, आपत्तिजनक व विवादित कंटेंट वाले ऑनलाइन गेम्स की अनुमति नहीं है। जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, जर्मनी, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई, ईरान और पाकिस्तान भी कई पाबंदियां लगा चुके हैं। वहीं, भारत अभी तक ऑनलाइन गेम्स को लेकर कोई सख्त कानून नहीं बना पाया है। हालांकि, भारत पबजी जैसे कई चाइनीज ऑनलाइन गेम्स पर दो साल पहले ही पाबंदी लगा चुका है, लेकिन अब भी ये गेम उपलब्ध हो रहे हैं।

## ट्रंप की तानाशाही

# यूक्रेन के दुर्लभ खनिज पर अमेरिकी गिद्ध दृष्टि

**पूरी दुनिया की निगाहें इस समय व्हाइट हाउस में होने वाली एक डील पर होंगी, जिसे एक देश पर थोपा जाना है। अमेरिका जिन देशों को आर्थिक मदद देता है, उसे किस रूप में वसूलता है, यह देखने के लिए भारत के लोग भी तैयार हो जाएं। यूक्रेनकी लीडरशिप के लिए आगे कुआं-पीछे खाई वाली स्थिति है। जेलेंस्की पुतिन से बचने के वास्ते अमेरिका से मदद की अपेक्षा कर रहे थे, ट्रंप ने भूखे हिंसक जंगल के राजा की तरह 'मेमने' को दबोच लिया। ट्रंप ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, 'मैंने सुना है कि वह शुक्रवार को आ रहे हैं। निश्चित रूप से, अगर वह चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। ट्रम्प ने कहा, कि यह डील एक ट्रिलियन डॉलर तक की हो सकती है, इससे अमेरिकी करदाताओं को उनका पैसा वापस मिल जाएगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था, कि अमेरिका और यूक्रेन ने महत्वपूर्ण खनिजों के सौदे के मसौदे पर सहमति जताई है, जिसकी कीमत लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है। यह सौदा यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की द्वारा पहले के मसौदे को अस्वीकार करने के एक सप्ताह बाद हुआ है।**

ट्रम्प ने मंगलवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि ज़ेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन आकर एक 'बहुत बड़ी डील' पर हस्ताक्षर करना चाहते हैं। बुधवार शाम को, ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह अमेरिका के साथ सहयोग के लिए एक आर्थिक ढांचा है, जिसमें अभी तक कोई अमेरिकी सुरक्षा गारंटी शामिल नहीं है। पिछले हफ़्ते ज़ेलेंस्की ने एक पुराने ड्राफ्ट को अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि इसमें यूक्रेनके लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में विवरण नहीं था। ट्रंप अब भी बदले नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा, 'मैं बहुत ज़्यादा सुरक्षा गारंटी नहीं देने जा रहा हूं। हम यूरोप से ऐसा करवाने जा रहे हैं।' नोक-झोंक में ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की को 'तानाशाह' तक कह डाला था। सोमवार को, ज़ेलेंस्की ने कहा था कि मैं शांति के लिए इस्तीफ़ा देने के लिए तैयार हूं। ज़ेलेंस्की ने मांग की, कि यूक्रेनको अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता दी जानी चाहिए। लेकिन, वाशिंगटन ने नाटो का सदस्य बनने की मांग को 'अवास्तविक' करार दिया है। अमेरिका की गिद्ध दृष्टि यूक्रेन की दुर्लभ खनिज संपदा पर है। दुर्लभ मृदा खनिज वैश्विक स्तर पर पृथ्वी के गर्भ में पाए जाने वाले 17 भारी धातुओं का एक समूह है। नियोडिमियम, लैंथेनम, सेरियम, प्रेजोडियम, यिट्रियम, टेरबियम और यूरोपियम जैसे कुछ दुर्लभ मृदा तत्वों का उपयोग कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, टेलीविज़न, मोबाइल स्क्रीन और कैमरा लेंस जैसे उच्च तकनीक वाले उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। वर्तमान में, ऐसे दुर्लभ खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक चीन है, जो दुनिया की आपूर्ति का कम से कम 60 प्रतिशत निकालता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2024 में अमेरिका अपनी 80 प्रतिशत दुर्लभ खनिजों की जरूरतों के लिए चीन, मलेशिया, जापान और एस्टोनिया पर निर्भर था। कीव के साथ दुर्लभ खनिजों का सौदा करने के पीछे की मंशा, अमेरिका को बड़ी तकनीक का अधिकेंद्र बनाना है। अपने अभियान के दौरान, ट्रम्प ने एक अन्य करीबी सहयोगी ताइवान पर अमेरिका के चिप व्यवसाय को चुराने का भी आरोप लगाया था। टैरिफ की धमकियों के बीच, ताइवान ने अमेरिका में निवेश बढ़ाने का वादा किया। इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा था, कि हम यूक्रेन को वाशिंगटन द्वारा भेजे गए लगभग 375.8 बिलियन डॉलर की वापसी चाहते हैं। कीव को भेजी गई सहायता के बारे में ट्रम्प के अनुमान अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के विपरीत हैं। 'यूक्रेन ओवरसाइट' के अनुसार, 30 सितंबर, 2024 तक अमेरिका ने यूक्रेन की सहायता के लिए कुल 183 बिलियन डॉलर भेजे थे, जो यूक्रेन को भेजी गई सहायता को रिकॉर्ड करने के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा बनाई गई एक वेबसाइट है। जिस स्टाइल में ट्रंप यह सब कर रहे हैं, उसका दुनिया भर में विरोध होना शुरू हो गया है। 'सेंटर फॉर यूरोप एशिया स्टडीज' की निदेशक और 'शिकागो काउंसिल ऑन ग्लोबल अफेयर्स' की सीनियर फेलो थेरेसा फॉलन ने कहा, 'ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसा करके अंतर्राष्ट्रीय नीति के सभी मानदंडों को तोड़ दिया है, और वह इतना लेन-देन करके अमेरिका की बहुत सी सॉफ्ट पावर खो रहे हैं।' फॉलन ने फिर कहा, 'लेन-देन करना ठीक है, लेकिन यह तो जबरन वसूली है।' यूक्रेन के पास 34 पदार्थों में से 22 मिनरल्स हैं जिन्हें यूरोपीय संघ 'महत्वपूर्ण कच्चे माल' के रूप में परिभाषित करता है। दुनियाभर में 110 मिलियन टन दुर्लभ खनिज हैं। **(एजेंसी)**

## गीता के श्लोक

**विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम्।**
**पात्रत्वाद्धनमाप्नोति धानाद्धर्मं ततः सुखम्॥**

**भावार्थ :** विद्या विनय का उपहार देती है, विनय पात्रता को प्राप्त कराती है। पात्रता से धार्मिकता प्राप्त होती है, और धार्मिकता से सुख प्राप्त होता है।

1. **विवरण:** यह श्लोक बताता है कि विद्या न केवल ज्ञान देती है, बल्कि यह हमें विनय और पात्रता की प्राप्ति कराती है। विनय और पात्रता की प्राप्ति से हम धार्मिकता को प्राप्त करते हैं और इससे हमें सुख मिलता है।
2. **विवरण:** यह श्लोक हमें बताता है कि विद्या के समान कुछ नहीं होता। विद्या हमें बन्धु और सुहृद् की भावना प्रदान करती है, जो और कोई सम्पत्ति नहीं कर सकती। इसके साथ ही, विद्या हमें असली सुख प्रदान करती है, जो किसी भी धन की तुलना में महत्वपूर्ण है।

## जिज्ञासा — संतुलन कला

एक बार संत सुकुमालनंदी जी मनुष्य के स्वभाव पर चर्चा कर रहे थे कि स्वभाव का संतुलन ही जीवन की मधुरता है। मगर एक शिष्य का कहना था कि क्रोध, बेचैनी, दुख, पराजय आदि से जूझते हुए कैसे संतुलन संभव है। तब संत ने समझाया कि कच्चे आम का स्वभाव खट्टा होता है, गुड़ मीठा होता है, मेथी कड़वी होती है, मिर्च तीखी होती है, और नमक की प्रकृति लवणता लिए होती है। फिर भी, जब ये सब मिलते हैं, एक जायकेदार अचार बनते हैं, तो हर किसी को पसंद आता है। यही संदेश हमें जीवन से भी लेना चाहिए—हर व्यक्ति का स्वभाव अलग होता है, लेकिन यदि हम सबके साथ सामंजस्य बैठाना सीख लें, तो जीवन भी स्वादिष्ट और मधुर हो जाएगा। इसलिए संतुलन ही जीवनभर की सबसे बड़ी कला है।

## आज का राशिफल



**मेष:** कम प्रयास से काम बनेंगे। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे।

**वृषभ:** मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने काम से काम रखें। दूसरों के विश्वास में न आएं।

**मिथुन:** लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अचानक लाभ होगा। धन संबंधी कार्यों में विलंब से चिंता हो सकती है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। कार्य के विस्तार की योजना बनेगी।

**कर्क :** चोट व रोग से हानि संभव है। कुसंगति से हानि होगी। विवाद न करें। फालतू खर्च बढ़ेंगे। आवास संबंधी समस्या का समाधान संभव है। आवेश में कोई कार्य नहीं करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**सिंह:** शारीरिक कष्ट संभव है। सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा। अधूरे काम समय पर सफलता से होने पर उत्साह बढ़ेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। निवेश शुभ रहेगा।

**कन्या:** दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भोग-विलास में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। स्थायी संपत्ति के मामले उलझेंगे। कार्य में मित्रों की मदद मिलेगी।

**तुला:** कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। परिवार एवं समाज में आपके कामों को महत्व एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृश्चिक :** चोरी, चोट व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धनार्जन होगा। भागदौड़, बाधाओं व सतर्कता के बाद सफलता मिलेगी। पारिवारिक सुख, संतोष बढ़ेगा। उपहार मिलने के योग हैं। अधिक व्यय न करें। खर्चों में कमी करें। नौकरी में चैन रहेगा।

**धनु:** पुराना रोग उभर सकता है। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी बाधा दूर होगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। कार्य में भागीदार सहयोग करेंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। दांपत्य जीवन में गलतफहमी आ सकती है।

**मकर:** घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। आपका सामाजिक क्षेत्र बढ़ेगा। विपरीत परिस्थितियों का सफलता से सामना कर सकेंगे। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुंभ :** शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी नए कार्य में भाग लेने के योग हैं। विद्वानों के साथ रहने का अवसर मिलेगा। व्यापार में भागीदार सहयोग करेंगे।

**मीन:** आज आपको घर-परिवार की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम न लें। अचानक यात्रा के भी अच्छे फल मिलेंगे। आमदनी में वृद्धि होगी। प्रसिद्धि एवं सम्मान में इजाफा होगा। नौकरी में उन्नति के योग हैं। लाभदायक सौदे होंगे।

## आज का पंचांग

1 मार्च को आज फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि और शनिवार का दिन है। द्वितीया तिथि आज रात 12 बजकर 10 मिनट तक रहेगी। आज शाम 4 बजकर 25 मिनट तक साध्य योग रहेगा। साथ ही आज दोपहर पहले 11 बजकर 23 मिनट तक पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र रहेगा, उसके बाद उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र लग जायेगा। इसके अलावा आज फूलेरा दूज है।

1 मार्च 2025 का शुभ मुहूर्त

फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि- 1 मार्च 2025 रात 12 बजकर 10 मिनट तक रहेगी, उसके बाद तृतीया तिथि लग जाएगी

साध्य योग- 1 मार्च 2025 को शाम 4 बजकर 25 मिनट तक

पूर्वा भाद्रपद- 1 मार्च 2025 को दोपहर पहले 11 बजकर 23 मिनट तक

अभिजीत मुहूर्त (शुभ मुहूर्त)- दोपहर 12:10:41 से 12:56:56 तक

व्रत-त्योहार- आज के दिन फुलेरा दूज का त्योहार मनाया जाएगा और राधा-कृष्ण की पूजा की जाएगी।

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 6:46 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:20 बजे

# कभी हो गए थे दिवालिया, पत्नी की सैलरी से हुआ गुजारा... किस्मत ने फिर दिया मौका तो बने अकूत दौलत के मालिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** योगेश मेहता की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। उन्होंने जिंदगी में जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखे हैं। दिवालियापन से लेकर अरबों डॉलर के बिजनेस तक का उनका सफर प्रेरणादायक है। पत्नी के सहयोग और दुबई में नए सिरे से कारोबार की शुरुआत करने की उनकी क्षमता ने उन्हें कामयाबी दिलाई। वह संघर्ष करने से कभी पीछे नहीं हटे। इसकी बदौलत ही उन्होंने सबकुछ गंवाने के बाद दोबारा अरबों का साम्राज्य खड़ा कर दिया। वह पेट्रोकेम मिडिल ईस्ट के संस्थापक और सीईओ हैं। उनकी गिनती केमिकल डिस्ट्रीब्यूशन इंडस्ट्री के बड़े नामों में होती है। आइए, यहां योगेश मेहता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए

योगेश मेहता पेट्रोकेम मिडिल ईस्ट के संस्थापक और सीईओ हैं। केमिकल डिस्ट्रीब्यूशन उद्योग की वह जानी-मानी हस्ती हैं। मुंबई के नेशनल कॉलेज बांद्रा से केमिस्ट्री में बीएससी करने के बाद उन्होंने अपने पिता की केमिकल फैक्ट्री में काम शुरू किया। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से 2003 में उन्होंने एक्जीक्यूटिव एमबीए भी किया।

# निसान के सीईओ की होगी छुट्टी?

### होंडा डील फेल होने के बाद कंपनी कर रही नया प्लान!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निसान मोटर कंपनी अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को बदलने की तैयारी कर रही है। कंपनी की कमजोर वित्तीय स्थिति और होंडा के साथ विलय डील के टूटने के बाद यह फैसला लिया जा सकता है।

**होंडा से डील फेल, अब सीईओ की कुर्सी खतरे में!-** निसान के डायरेक्टर नए सीईओ की तलाश कर रहे हैं। मौजूदा सीईओ माकोतो उचिदा, जो पिछले 22 सालों से कंपनी में हैं, साल 2019 से सीईओ के पद पर हैं। हालांकि, निसान की आर्थिक हालत खराब होने के कारण अब उनके हटने की अटकलें तेज हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सूत्रों ने पहचान न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है, क्योंकि विचार-विमर्श निजी है। निसान ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उचिदा ने हाल ही में कहा था कि अगर उनसे पद छोड़ने के लिए कहा जाता है, तो वह तैयार हैं। लेकिन वह निसान की हालत सुधारने के बाद ही ऐसा करना चाहेंगे। उन्होंने निवेशकों को यह भी बताया कि मार्च में खत्म होने वाले वित्तीय वर्ष में कंपनी को 80 अरब येन (536 मिलियन डॉलर) का नुकसान हो सकता है। जबकि 9 महीने पहले कंपनी को 380 अरब येन का मुनाफा होने की उम्मीद थी।

**होंडा और निसान के बीच डील क्यों फेल हुई?-** पिछले साल उचिदा ने होंडा के साथ गठजोड़ करने की योजना बनाई थी। दोनों कंपनियों ने संयुक्त होल्डिंग कंपनी बनाने के लिए एक समझौता किया था, लेकिन शर्तों पर सहमति नहीं बनने के कारण यह डील रद्द हो गई। हालांकि, होंडा और निसान अब भी मित्सुबिशी मोटर्स के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक-व्हीकल बैटरियों और सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट पर काम करेंगे।

### निसान की आर्थिक स्थिति क्यों बिगड़ी?

निसान पर अगले साल बड़ी कर्ज राशि चुकाने का दबाव है, और तीनों बड़ी क्रेडिट एजेंसियों ने इसकी रेटिंग को जंक कैटेगरी में डाल दिया है। कंपनी को उपभोक्ताओं को आकर्षित करने में मुश्किल हो रही है क्योंकि उसके वाहन पुराने मॉडल पर आधारित हैं। इसके चलते उसे बड़े डिस्काउंट और प्रमोशन्स देने पड़ रहे हैं, जिससे उसका घाटा बढ़ता जा रहा है। बीते नवंबर में कंपनी ने 9,000 कर्मचारियों की छंटनी और 20 प्रतिशत उत्पादन क्षमता कम करने की योजना का एलान किया था।

### निसान को नया पार्टनर मिल सकता है?

निसान की सबसे बड़ी शेयरहोल्डर और पुरानी साझेदार रेनो एसए ने होंडा के साथ डील खत्म करने के फैसले का समर्थन किया। रेनो के सीईओ लुका डे मेओ ने यह भी कहा कि भविष्य में चीन की झेजियांग गीली होल्डिंग ग्रुप कंपनी शायद निसान की तुलना से बेहतर पार्टनर हो सकती है।

इसी बीच, आईफोन बनाने वाली कंपनी हॉन हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री कंपनी जिसे स्न्नश×ष्थठ्ठ (फॉक्सकॉन) के नाम से जाना जाता है, ने दिसंबर में निसान में हिस्सेदारी खरीदने की पेशकश की थी और अब रेनो के 36 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए भी तैयार है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रिक-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग में अपनी जगह बनाना चाहती है और इसके लिए पार्टनर की तलाश कर रही है।

इसके अलावा, अमेरिकी निजी इक्विटी फर्म केकेआर एंड कंपनी ने निसान में निवेश करने पर विचार कर रही है, जिससे कंपनी की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। जैसा कि ब्लूमबर्ग न्यूज ने इस महीने की शुरुआत में मामले से परिचित लोगों के हवाले से बताया था।

## डेटानेट इंडिया ने इंडियास्टेटक्विज़.कॉम के लॉन्च के साथ 25 साल पूरे किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत तथा इसके राज्यों, जिलों और चुनावी क्षेत्रों पर सामाजिक-आर्थिक सांख्यिकीय डेटा प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डेटानेट इंडिया ने क्विज प्रतियोगिताओं और ओलंपियाड के लिए समर्पित मंच इंडिया स्टेट क्विज़ डाट काम के लॉन्च के साथ पोर्टफोलियो में वृद्धि करके अपनी स्थापना के 25वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस नई पहल का उद्देश्य भारत के सामाजिक-आर्थिक और चुनावी परिदृश्य के बारे में सार्वजनिक जुड़ाव और जागरूकता बढ़ाना है।




पिछले 25 सालों से डेटानेट इंडिया अपने मुख्य पोर्टल इंडिया स्टेट क्विज़ डाट काम के माध्यम से प्रामाणिक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा के लिए एक वेबसाइट के रूप में अपनी विश्वसनीयता स्थापित कर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कंपनी समाज को ज्ञान प्राप्त करने, विश्लेषणात्मक रूप से सोचने और राष्ट्रीय विकास का हिस्सा बनने में मदद करने के लिए इंटरैक्टिव क्विज-आधारित शिक्षा शुरू कर रही है। इसके लॉन्च के हिस्से के रूप में, इंडिया स्टेट क्विज डाट काम भारतीय अर्थव्यवस्था- आर्थिक सर्वेक्षण 2024-2025 और केंद्रीय बजट 2025-2026 के विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता भारत में स्नातक और उससे ऊपर के छात्रों के लिए खुली है और उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में अधिक जानने का एक रोचक मंच प्रदान करती है। इस क्विज़ में भागीदारी निःशुल्क है।

## नेस्ले इंडिया ने महाकुंभ 2025 में रचा सौहार्द और एकजुटता का माहौल

**मुंबई, एजेंसी।** नेस्ले इंडिया महाकुंभ में बहुत सारी मजेदार चीजें करने के लिए तैयार है, जिनसे लोगों को अच्छा लगेगा, उन्हें आराम मिलेगा और सब एक-दूसरे से मिल-जुल पाएंगे। इसमें मैगी और किटकैट जैसे उनके मशहूर ब्रांड भी होंगे, और वो हर आगंतुक के अनुभव को और भी खास बना देंगे। दुनिया के इतने बड़े मेले में, नेस्ले चाहता है कि सब लोग एक साथ आएं, थोड़ी देर आराम करें और खुशी के पल बिताएं। इसकी सभी गतिविधियों में एक प्रमुख गतिविधि है मैगी महाकुंभ कैम्पेन ''2 मिनट अपनों के लिये'', जिसमें लोगों को साथ लाने के लिये मैगी की भूमिका के बारे में बताया गया है। मैगी ने इसके लिये खास ब्रैंडेड ज़ोन्स और डेडिकेटेड सेल्फी पॉइंट्स स्थापित किये हैं, जहाँ आगंतुक गरमा-गरम मैगी का मजा लेते हुए अपने ''मैगी मोमेंट्स'' को संजो सकते हैं। अपनी सामुदायिक पहल के तहत नेस्ले इंडिया ने सफाई कर्मचारियों को 12000 कंबल वितरित किये और 2-मिनट मैगी मील्स भी परोसी। महाकुंभ को संभव बनाने वाले इन लोगों को कंपनी ने गर्माहट का अहसास और पोषण प्रदान किया।

इन पहलों पर अपनी बात रखते हुए, नेस्ले इंडिया में प्रीपेयर्ड डिशेज और कुकिंग एड की डायरेक्टर रूपाली रत्तन ने कहा, ''इस महाकुंभ में नेस्ले मैगी ने अपने कैम्पेन '2 मिनट्स अपनों के लिये' से लोगों को एकजुट किया है। मैगी चार दशकों से ज्यादा समय से भारतीय परिवारों का हिस्सा बना हुआ है और हमेशा से एकजुटता का प्रतीक रहा है। इस कैम्पेन के माध्यम से मैगी ने मैगी कॉर्नर्स स्थापित किये हैं, जोकि कुंभ में आने वाले लोगों को आराम देते हैं।

# गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस ने इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड्स 2024 में हासिल किये कई पुरस्कार

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप की व्यावसायिक इकाई, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस को इसके आठ अग्रणी उत्पादों के लिए प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार नवोन्मेष, बेहतर कार्यक्षमता और अत्याधुनिक डिज़ाइन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।



पुरस्कार हासिल करने वाले उत्पादों में होम डेकोर हैंडल- एचडीएच 01, एचडीएच 02, एचडीएच 03, एचडीएच 06, एचडीएच 07 और एचडीएच 10- के साथ-साथ स्लाइडिंग डोर के लिए वार्डरोब साइड लॉक और कैटस होटल इंटरकनेक्टेड लॉक शामिल हैं। ये उत्पाद आधुनिक भारतीय घरों की ज़रूरतों को पूरा करने से जुड़े नए दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो बेहतर उपयोगिता, मज़बूती और खूबसूरती प्रदान करते हैं। वे नए दौर के घरों में में सहज एकीकरण सुनिश्चित करते हुए नए उद्योग मानक स्थापित करते हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख, श्री श्याम मोटवानी ने कहा- नवोन्मेष और डिज़ाइन उत्कृष्टता, लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस की बुनियाद है। हर उत्पाद के डिज़ाइन पर बेहद ध्यान दिया जाता है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है कि हर समाधान आर्किटेक्चर और डिज़ाइन के ताज़ातरीन रुझानों के अनुरूप होने के साथ-साथ व्यावहारिक रूप से भी बेहद उपयोगी हो। हर साल प्रतिष्ठित इंडिया डिज़ाइन मार्क अवार्ड्स जीतना घर की सुरक्षा, कार्यक्षमता और खूबसूरती के लिहाज़ से नए उद्योग मानक स्थापित करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। भारत के पहले मेड इन इंडिया आईओटी9 डिजिटल लॉक की शुरुआत करने से लेकर आर्किटेक्चरल फिटिंग और सिस्टम में अपने पोर्टफोलियो को नया रूप देने तक, हम सुरक्षा और डिजाइन की सीमाओं को आगे बढ़ाते रहते हैं। साल दर साल यह मान्यता प्राप्त करना उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण का प्रमाण है। यह हमें आगे बढ़ने और ऐसे समाधान बनाने के लिए प्रेरित करता है जो न केवल ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करें बल्कि इससे भी बढ़कर, जिससे घर स्मार्ट, सुरक्षित और अधिक स्टाइलिश बनें।

# एआई की मदद से जीडीपी में 25-30 अरब डॉलर का योगदान देगा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र

### उपचार के बेहतर होंगे परिणाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल से 2025 तक भारत की जीडीपी में 25-30 अरब डॉलर का योगदान करेगी। साथ ही, इससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, डायग्नोस्टिक्स और उपचार के परिणाम बेहतर होंगे। डेलॉय ने एक रिपोर्ट में कहा, भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एआई अपनाने की दर बढ़कर 40 फीसदी फीसदी से अधिक हो गई है। इसके साथ ही यह एफएमसीजी (30 फीसदी) और विनिर्माण (25 फीसदी) जैसे क्षेत्रों से आगे निकल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिया एआई मिशन और डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट-2023 जैसी सरकार समर्थित पहल डिजिटल रूप से सशक्त स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्लेटफॉर्म तैयार कर रही है।

**भारत में वैश्विक लीडर बनने की क्षमता-** रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की सर्जिकल खपत और डिस्पोजेबल निर्यात 2022-23 में बढ़कर 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह आंकड़ा वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल बाजार में भारत की बढ़ती क्षमता और उपस्थिति को दर्शाता है। हालांकि, अपनी पूरी क्षमता के लिए स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को नियामकीय, श्रमबल प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे की सीमाओं जैसी चुनौतियों से पार पाना होगा। लक्षित निवेश और केंद्रित नीतिगत प्रगति के साथ भारत एआई संचालित स्वास्थ्य देखभाल में वैश्विक लीडर बन सकता है।

# सैमसंग ने प्रीमियम डिज़ाइन और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के साथ स्मार्टफोन सर्विस सेंटर्स में किया बड़ा बदलाव

### फिर से डिज़ाइन किए गए सर्विस सेंटर्स में आरामदायक लाउंज-स्टाइल में बैठने की व्यवस्था, बिल्ट-इन वायरलेस चार्जिंग और प्रोडक्ट सपोर्ट के लिए डेडीकेटेड कियोस्क होंगे

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नए सिरे से डिजाइन करके अपने स्मार्टफोन कस्टमर सर्विस अनुभव को बेहतर बनाया है। इस बदलाव का मकसद है कि लोगों को सर्विस भी आसानी से मिले और नए फोन खरीदने में भी मदद मिले। सैमसंग हमेशा से अच्छी सर्विस देने के लिए जाना जाता है, और यह कदम उनकी इस कोशिश को और भी मजबूत करता है।




सैमसंग ने अपने सर्विस सेंटर्स को नया रूप दिया है ताकि लोगों को हर तरह से अच्छी सुविधा मिल सके। नए डिज़ाइन किए गए सेंटरों में, सैमसंग के युवा ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, नई डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। यहाँ न सिर्फ अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट देखने को मिलेंगे, बल्कि आधुनिक डायग्नोस्टिक टूल्स तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देंगे। इन टूल्स से फ़ोन की खराबी का भी सटीकता से पता लगाया जा सकेगा, जिससे समस्या का सही समाधान हो सके। अपग्रेड किए गए ये सेंटर पारंपरिक लेआउट से अलग हैं। इनमें आलीशान सोफा-स्टाइल सीटिंग की सुविधा है। यहां इनबिल्ट वायरलेस चार्जिंग स्टेशन हैं, जो लाउंज जैसा माहौल बनाते हैं।

रीइमेजिन्ड एक्सेसरी वॉल पर सैमसंग के वियरेबल्स की विस्तृत रेंज दिखाई गई है, जबकि अल्ट्रा-लार्ज डिजिटल स्क्रीन पर नए प्रोडक्ट इनोवेशन दिखाए गए हैं, जो आगंतुकों को एक शानदार अनुभव प्रदान करते हैं।

सैमसंग इंडिया में कस्टमर सैटिस्फैक्शन के वाइस प्रेसिडेंट सुनील कुटिन्हा ने कहा, पिछले दशकों में हमने अपने मौजूदा ग्राहकों को सपोर्ट देने के लिए सर्विस सेंटर्स के एक मजबूत नेटवर्क का विस्तार किया है जो हमारे सेल्स पार्टनर्स की जरूरतों के मुताबिक है।

# अवीनो बेबी ने सेंसेटिव स्किन केयर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

### लॉन्च की शिशु के चेहरे के लिए विशेष रूप से तैयार डेली मॉइस्चर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिशु की त्वचा स्वाभाविक रूप से नाजुक होती है, जिसे कोमल देखभाल और गहरी नमी की आवश्यकता होती है ताकि वह स्वस्थ, मुलायम और सुरक्षित बनी रहे। इसी को ध्यान में रखते हुए, अवीनो बेबी ने अपने उत्पादों की श्रृंखला में विस्तार करते हुए नई डेली मॉइस्चर हाइड्रेटिंग फेशियल जेल क्रीम लॉन्च की है।

यह फेशियल जेल क्रीम त्वचा में तुरंत समा जाती है और 24 घंटे तक नमी बनाए रखती है, वह भी बिना किसी चिपचिपाहट के। इसमें मौजूद ट्रिपल ओट एक्सट्रैक्ट और एवोकाडो ऑयल त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं, उसे सुकून पहुंचाते हैं और नाजुक चेहरे की त्वचा की कोमलता बनाए रखते हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित यह कोमल फॉर्मूला आपके नन्हें की त्वचा को हर दिन नमी और सुरक्षा का खास अहसास देता है। शिशु की त्वचा बड़ों की त्वचा की तुलना में पानी को तेजी से अवशोषित करती है, लेकिन उतनी ही तेजी से इसे खो भी देती है, क्योंकि उनकी त्वचा की सुरक्षा परत अभी विकसित हो रही होती है और नमी बनाए रखने में उतनी प्रभावी नहीं होती। शिशु के चेहरे की त्वचा शरीर के बाकी हिस्सों की तुलना में अधिक हाइड्रेटेड रहती है, लेकिन चूंकि यह पतली और बहुत नाजुक होती है, इसलिए इसमें नमी तेजी से कम हो सकती है। इसी कारण माता-पिता आमतौर पर शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में शिशु के चेहरे को अधिक मॉइस्चराइज करने पर ध्यान देते हैं। बेबी एक्जिमा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, लेकिन शिशुओं के चेहरे पर इसका असर सबसे अधिक देखा जाता है। चूंकि चेहरे की त्वचा बेहद नाजुक होती है, इसलिए एक्जिमा से पीड़ित शिशुओं को आमतौर पर गालों, ठुड्डी और मुंह के आसपास दाने होने की समस्या होती है। भारत की शुष्क जलवायु के कारण शिशुओं का चेहरा बाहरी वातावरण और प्रदूषकों के संपर्क में अधिक रहता है, जिससे इसकी खास देखभाल जरूरी हो जाती है। चेहरे की कोमलता और नाजुकता के कारण इसे अतिरिक्त नमी और सुरक्षा की जरूरत होती है।

# आकांक्षी भारत के जोश को दर्शाती है कोटक की नई ब्रांड फिलॉसफी - 'हौसला है तो हो जाएगा'

kotak
Kotak Mahindra Bank

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंकने आज अपनी नई ग्रुप ब्रांड फिलॉसफी'हौसला है तो हो जाएगा'लॉन्च की है। यह सिर्फ एक विचारधारा नहीं, बल्कि कोटक के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह नई और दमदार ब्रांड फिलॉसफी कोटक की उस प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जिसके तहत वह सिर्फ एक बैंक बनकर नहीं, बल्कि आकांक्षी भारतीयों के लिए एक भरोसेमंद वित्तीय संस्थान बनने का लक्ष्य रखता है। इस विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिएकोटकएक बड़े स्तर पर मल्टी-चैनल मार्केटिंग कैंपेन शुरू कर रहा है, जो टेलीविजन, डिजिटल, प्रिंट, आउटडोर और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलेगा। इसका उद्देश्यभारतीयों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए बड़े कदम उठाने के लिए प्रेरित करनाहै। रोहित भसीन, प्रेसिडेंट - हेड अफ्लुएंट, एनआरआई, बिजनेस बैंकिंग और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कोटक महिंद्रा बैंकने कहा,'हौसला है तो हो जाएगा' सिर्फ एक ब्रांड फिलॉसफी नहीं, बल्कि कोटक के एक बड़े बदलाव की शुरुआत है।

### बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम

आज के समय मेंआकांक्षा ही प्रगति की असली करंसीबन चुकी है। इसी सोच के साथकोटकअपने विभिन्न व्यवसायों को एक साझा विचारधारा से जोड़ रहा है। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए है, जो बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं, बड़े लक्ष्य तय करते हैं और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं।

शुरुआत से हीकोटकइन सिद्धांतों पर काम कर रहा है और अपने ग्राहकों कोबड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए आत्मविश्वास से भरा रहनेकी प्रेरणा देता रहा है।'हौसला है तो हो जाएगा'इसी विश्वास को और मजबूत करता है।

अफ्रीकी बल्लेबाज ने किया ऐलान

# यह मेरा आखिरी आइसीसी टूर्नामेंट है

**कराची।** कराची में इंग्लैंड के खिलाफ अपने अहम मुकाबले से पहले दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने कहा कि मौजूदा टूर्नामेंट संभवत : उनके क्रिकेट करियर का आखिरी बड़ा आइसीसी टूर्नामेंट होगा। शनिवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में प्रतियोगिता के अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में प्रोटियाज का मुकाबला जोस बटलर की अगुआई वाली टीम से होगा। वैन डेर डुसेन ने कहा, यह निश्चित रूप से एक संभावना है कि यह मेरा आखिरी आइसीसी टूर्नामेंट हो। मैं यह किसी पूर्वधारणा के साथ नहीं कह रहा हूं कि मैं इसे खत्म कर दूंगा या प्रबंधन मेरे करियर को खत्म कर देगा। यह सिर्फ वास्तविकता है। इसके अलावा अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि उनके लिए अपने देश के लिए खेलना हमेशा उनका सबसे बड़ा और



एकमात्र लक्ष्य रहा है। वैन डेर डूसन ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा प्रोटियाज के लिए खेलना रहा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं, क्या आप इसके बाद लीग खेलेंगे? मुझे नहीं पता। मुझे नहीं पता कि प्रोटियाज के लिए नहीं खेलने की संभावना खत्म हो जाएगी या नहीं, मुझमें लीग में खेलने की भूख बनी रहेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा से मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र लक्ष्य रहा है, इसलिए अगर यह लक्ष्य पूरा नहीं होता है, तो मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूंगा। अगर मुझे दूसरा अनुबंध दिया जाता है, तो मैं निश्चित रूप से इसे स्वीकार करूंगा और उस अवधि के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने टीम के युवा बल्लेबाजों (ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी ज़ोरज़ी और मैथ्यू ब्रीट्ज़के) की प्रशंसा की जो वर्तमान में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनके साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छी बात है कि इतने सारे युवा खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो वाकई अच्छा खेल रहे हैं। ट्रिस्टन स्टब्स या टोनी डी जोरजी जैसे खिलाड़ी किनारे पर बैठे हैं। अगर आप घरेलू ढांचे में भी जाएं, तो मैथ्यू ब्रीट्जके आए और उन्होंने 150 रन बनाए। आप इससे भी पीछे जा सकते हैं; लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने वन-डे कप में वेस्टर्न प्रोविंस के खिलाफ शतक बनाया। रयान [रिकेल्टन] वास्तव में अभी शुरुआत कर रहे हैं, इसलिए बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं।

मजाक में बोले वसीम जाफर

## भारत को अबू धाबी और शारजाह में खेलना चाहिए था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने मजाक में कहा कि भारत को अबू धाबी और शारजाह में खेलना चाहिए था और शायद चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में एक ही स्थान पर खेलने के आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए किसी दूसरे होटल में ठहरना चाहिए था। भारत एकमात्र ऐसी टीम है जिसने अपने सभी मैच एक ही मैदान, दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले हैं।



पाकिस्तान के मुख्य कोच आकिब जावेद, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और कई अन्य लोगों का मानना ??है कि भारत के पास बहुत बड़ा फायदा था क्योंकि उन्हें पूरे टूर्नामेंट में बेस बदलने की जरूरत नहीं पड़ी। जाफर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण भारत के पास कोई विकल्प नहीं था।

जाफर ने कहा, आईसीसी को शारजाह में एक मैच और अबू धाबी में एक मैच आयोजित करना चाहिए था और शायद उन्हें दूसरे होटल में चेक इन करने की अनुमति देनी चाहिए थी। तब शायद यह मुद्दा नहीं उठता। भारत राजनीतिक कारणों और सरकार की भागीदारी के कारण पाकिस्तान नहीं जाना चाहता है - हर देश के पास यह विकल्प है।



प्राग मास्टर्स 2025

# प्रज्ञानंद ने फिर से बाजी ड्रॉ खेली अरविंद ने कीमर को हराया

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज़् के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे जबकि अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की।अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। उनके बाद गिरि, लीम, दाई वान, डेविड, कीमर और प्रज्ञानानंद का नंबर आता है। एडिज और वेई यी अपने दो मैचों में आधे-आधे अंक के साथ अंतिम स्थान पर हैं।



# डोपिंग प्रतिबंध के कारण सिनर का लॉरियस नामांकन रद्द

**पेरिस, एजेंसी।** लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी ने घोषणा की है कि वह 2025 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर का नामांकन वापस ले रही है।

यह निर्णय हाल ही में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा इतालवी खिलाड़ी पर लगाए गए तीन महीने के निलंबन के बाद लिया गया है। नामांकन पैनल को भेजे गए ईमेल में अकादमी ने बताया कि मामले से जुड़ी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, निलंबन ने सिनर के नामांकन को अयोग्य बना दिया। लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है। हमने इस मामले में संबंधित वैश्विक निकायों के निर्णयों का अनुसरण किया है और - यद्यपि हम इसमें सम्मिलित परिस्थितियों को देखते हैं - हमारा मानना है कि तीन महीने का प्रतिबंध नामांकन को अयोग्य बनाता है। जानिक और उनकी टीम को सूचित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में, वाडा ने खुलासा किया कि मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद सिनर ने एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया था।

चैम्पियंस ट्रॉफी : इंडिया-न्यूजीलैंड

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया का रेस्ट फॉर्मूला

## रोहित करेंगे आराम, ऋषभ पंत को मिलेगा चांस!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है. भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की थी. फिर उसने पाकिस्तान को भी छह विकेट से हराया. लगातार दो जीत दर्ज करके भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है. भारतीय टीम अपना सेमीफाइनल 4 मार्च को दुबई में खेलेगी. हालांकि उसका मुकाबला किस टीम से होगा, ये 2 मार्च (रविवार) को ही तय हो पाएगा.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में रोहित रहेंगे बाहर?

2 मार्च को भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपना आखिरी ग्रुप मुकाबला खेलने जा रही है. सेमीफाइनल से पहले ये मुकाबला भारतीय टीम के लिए किसी प्रैक्टिस मैच से कम नहीं होगा. इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम में बदलाव भी देखने को मिल सकता है. अनुसार शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में कप्तानी कर सकते हैं. जबकि रोहित शर्मा रेस्ट लेने का फैसला कर सकते हैं. रोहित को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में




हैमस्ट्रिंग की समस्या से जूझते देखा गया था. ऐसे में रोहित सेमीफाइनल से पहले अपनी चोट को और बढ़ाना नहीं चाहेंगे. शुभमन गिल अस्वस्थ होने के चलते बुधवार को प्रैक्टिस के लिए नहीं उतरे थे. हालांकि गुरुवार को शुभमन नेट्स पर लौटे और नेट्स में काफी समय तक बल्लेबाजी की.

अगर रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से बाहर रहते हैं, तो ऋषभ पंत या वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग-11 में शामिल किया जा सकता है. ऋषभ को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी एक भी मैच खेलने का मौका नहीं था. फिर ऋषभ चैम्पियंस ट्रॉफी में दोनों मुकाबलों से बाहर रहे. ऋषभ ने बुधवार और गुरुवार को नेट पर काफी समय बल्लेबाजी की. दूसरी ओर सुंदर को भी अपनी बारी का इंतजार है. भारतीय टीम के पास बैकअप ओपनर नहीं है, ऐसे में रोहित शर्मा के बाहर होने पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में शुभमन गिल और केएल राहुल ओपनिंग करते दिख सकते हैं. केएल राहुल ने वनडे इंटरनेशनल में पिछले दो-तीन सालों में मध्य क्रम में ही बैटिंग की है, लेकिन रोहित के बाहर होने की स्थिति में बैटिंग ऑर्डर में बदलाव दिखेगा.

**भारतीय स्क्वॉड:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर.

क्रिकेट फैंस के लिए गुड न्यूड

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद जल्द 3 बार भिड़ेंगी भारत-पाकिस्तान की टीम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना हुआ. भारतीय टीम ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन पाकिस्तान का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है. बहरहाल, क्रिकेट फैंस के जेहन में सवाल है कि अब भारत और पाकिस्तान की टीमें कब आमने-सामने होंगी? अगर आप भारत-पाकिस्तान मैच के फैन हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है. दरअसल, आपको एक बार फिर जल्द भारत-पाकिस्तान की भिड़त देखने को मिल सकती है.

### अब भारत और पाकिस्तान की भिड़त कब होगी?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एशियन क्रिकेट काउंसिल ने एशिया कप पर मुहर लगा दी है. इस टूर्नामेंट का आयोजन सितंबर में हो सकता है. वहीं, एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका को मिल सकती है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एशिया की मेजबानी श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को मिल सकती है. साथ ही टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. ऐसा माना जा रहा है कि एशिया कप में भारत-पाकिस्तान समेत अन्य 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा. भारत और पाकिस्तान सेम ग्रुप में होंगे. अगर ऐसा हुआ तो भारत और पाकिस्तान की टीमें टूर्नामेंट में 3 बार आमने-सामने हो सकती हैं.

# रेस्ट-डे पर अकेले प्रैक्टिस करने पहुंचे गिल

- अस्वस्थ होने के कारण एक दिन पहले नहीं किया था अभ्यास, 2 मार्च को भारत-न्यूजीलैंड मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल गुरुवार को अकेले द्युष्ट अकादमी में प्रैक्टिस के लिए पहुंचे। टीम इंडिया का गुरुवार को रेस्ट-डे था, इसलिए वे अकेले प्रैक्टिस किए। इससे पहले, बुधवार को गिल टीम के साथ प्रैक्टिस सेशन में शामिल नहीं हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वे अस्वस्थ थे। हालांकि, गुरुवार दोपहर को गिल ने दो घंटे से ज्यादा समय तक अभ्यास किया। उनके साथ टीम के दो थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट रघु और नुवान के साथ असिस्टेंट कोच अभिषेन नायर भी मौजूद थे। मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का अगला मैच रविवार (2 मार्च) को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।



गुरुवार को भारतीय टीम के लिए रेस्ट-डे था। पूरी टीम बुधवार रात को लगभग तीन घंटे प्रैक्टिस की थी। इस दिन गिल मैदान पर नहीं पहुंचे थे। इसके अलावा हैमस्ट्रिंग में चोट से जूझ रहे रोहित शर्मा ने बैटिंग सेशन में हिस्सा नहीं लिया था। रोहित बुधवार को प्रैक्टिस सेशन के दौरान ग्राउंड में आए लेकिन प्रैक्टिस में हिस्सा नहीं लिया।

# बाबर आजम का बाप है विराट कोहली...

लाहौर में पत्रकार के सवाल पर बच्चे का जवाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तकरीबन 29 साल बाद पाकिस्तान को किसी आईसीसी टूर्नामेंट्स की मेजबानी मिली. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है. लेकिन टूर्नामेंट शुरू होने के महद 5 दिनों बाद पाकिस्तान का सफर समाप्त हो गया. मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तान को न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. जबकि बांग्लादेश और पाकिस्तान का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया. बहरहाल, चैंपियंस ट्रॉफी में घटिया प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान टीम की लगातार फजीहत हो रही है. वहीं, बाबर आजम सबसे ज्यादा आलोचकों के निशाने पर हैं.

## पृथ्वी शॉ पर आरोप लगाने वाली इंफ्लूएंसर को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने कहा - आपके खिलाफ सबूत हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और इंफ्लुएंसर सपना गिल के मामले में नया मोड़ आया है। बॉम्बे कोर्ट ने सपना गिल को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने गिल की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पृथ्वी शॉ द्वारा लगाए गए केस को रद्द करने की अपील की थी। गिल के खिलाफ मामले में कोर्ट चार्जशीट को रिव्यू करेगा।

**हाई कोर्ट ने केस रद्द करने से किया इनकार-** कोर्ट ने कहा, 'न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और एस.एम. मोदक ने पाया कि एफआईआर में स्पष्ट रूप से कुछ अपराध का संकेत मिलता है और आपके





खिलाफ कुछ सामग्री है। न्यायमूर्ति कोतवाल ने गिल के वकील को निचली अदालत में आरोपमुक्ति याचिका दायर करने पर विचार करने की सलाह दी। अदालत ने कहा, हम इसे रद्द नहीं करेंगे।

**दो साल पुराना है मामला-** सपना गिल और पृथ्वी शॉ का मामला दो साल पुराना है। साल 2023 फरवरी में में सपना गिल की मुंबई के एक होटल में पृथ्वी शॉ के साथ सेल्फी लेने को लेकर बहस हुई। इसके बाद पृथ्वी की गाड़ी पर हमला किया गया। हमले के सिलसिले में कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वे फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। मामले में जमानत मिलने के बाद गिल ने पृथ्वी शॉ और उनके दोस्त आशीष यादव और अन्य के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत लेकर अंधेरी के हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया था।

**पृथ्वी शॉ के दोस्त ने सपना के खिलाफ दायर किया था केस-** इसके अलावा पृथ्वी शॉ के दोस्त आशीष सुरेंद्र यादव ने गिल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### नशीला ड्रिंक पिलाकर किया रेप, वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद जिले में एक शर्मनाक वारदात सामने आई है। एक आदमी ने महिला को नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर बेहोश कर दिया। फिर उसके साथ रेप कर वीडियो बना लिया। उसके बाद ब्लैकमेल कर बार-बार रेप करता रहा। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एक आदमी को 20 साल की एक महिला को नशीला पदार्थ मिलाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाने और बाद में रेप कर वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने लोनी बॉर्डर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी गुड्डू मलिक उसका पुराना परिचित है। करीब आठ-नौ महीने पहले उसे घुमाने ले गया था। अंकुर विहार के सहायक पुलिस आयुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया कि घुमने के दौरान उसने उसे नशीली गोलियां मिलाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिससे वह बेहोश हो गई। सिंह ने बताया कि महिला की हालत का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ रेप किया और इसका वीडियो भी बना लिया। अधिकारी ने कहा कि मलिक ने बाद में उसे वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर बार-बार उसके साथ रेप किया और उसे ब्लैकमेल करना जारी रखा। एसीपी ने कहा कि उसकी धमकियों के बावजूद जब वीडियो आखिरकार लीक हो गया, तो महिला ने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। सिंह ने बताया कि जांच शुरू की गई, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### जदयू आगामी चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी: प्रशांत किशोर

**पटना, एजेंसी।** राजनीतिक रणनीतिकार से कार्यकर्ता बने प्रशांत किशोर ने गुरुवार को भविष्यवाणी की कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) आगामी चुनावों में एक भी सीट हासिल करने में विफल रहेगी, उन्होंने कहा कि अनुभवी नेता शारीरिक रूप से थके हुए और मानसिक रूप से सेवानिवृत्त हैं। यह टिप्पणी इस साल के अंत में होने वाले बहुप्रतीक्षित बिहार विधानसभा चुनावों की अगुवाई में आई है। प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के भी पहली बार इन चुनावों में उतरने की संभावना है। बिहार चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रशांत किशोर ने कहा कि किसी भी हालत में जदयू का कोई भी उम्मीदवार नहीं जीतना चाहिए। नीतीश कुमार ने बिहार में एक नया चलन शुरू किया है कि अगर उनकी पार्टी के 5-10 उम्मीदवार भी जीत जाएं, तो भी वह गठबंधन बनाएंगे और सत्ता में आएंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार शारीरिक रूप से थक चुके हैं और मानसिक रूप से रिटायर हो चुके हैं और अगर उन्हें अब भी बीजेपी का समर्थन हासिल है तो इसका मतलब साफ है कि बीजेपी बिहार में सरकार का हिस्सा बने रहना चाहती है। पीके ने कहा कि इस सरकार का कार्यकाल खत्म होने से 6 महीने पहले 7 नए मंत्रियों को शपथ दिलाने का सीधा सा मतलब है कि ये जाने से पहले जनता को लूटना चाहते हैं। नीतीश कुमार 2013 में भाजपा से अलग हो गए थे, लेकिन 2015 से 2017 तक कुछ समय के लिए राजद के साथ गठबंधन करने के बाद चार साल बाद वापस लौटे।

### रमजान के मौके पर संभल मस्जिद की होगी सफाई

**इलाहाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल स्थित जामा मस्जिद की साफ सफाई कराने का शुक्रवार को निर्देश दिया। हालांकि अदालत ने मस्जिद की पुताई और पेंटिंग के लिए कोई आदेश पारित नहीं किया। पुताई और सफाई की अनुमति मांगने वाली एक याचिका पर यह आदेश पारित किया और सुनवाई की अगली तिथि चार मार्च, 2025 तय की। शुक्रवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तो एएसआई द्वारा एक रिपोर्ट पेश की गई जिसमें कहा गया कि मस्जिद की पेंटिंग सेरामिक पेंट से हुई है। और वर्तमान में पुताई कराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एस एफ ए नकवी ने कहा कि वे केवल मस्जिद की पुताई और सफाई कराना चाहते हैं। इस पर अदालत ने एएसआई को परिसर में धूल और घास की सफाई कराने को कहा।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक: 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई, एजेंसी।**
न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक की तिजोरी से 122 करोड़ रुपये के गबन के मामले में वांछित आरोपी उन्नाथन अरुणाचलम उर्फ अरुण भाई के बेटे मनोहर अरुणाचलम (33) को गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि मनोहर पर अपने पिता को भागने में मदद करने का आरोप है और उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। दूसरी ओर, मनोहर के पिता उन्नाथन अरुणाचलम पर मुख्य आरोपी और बैंक के पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता से 40 करोड़ रुपये लेने का आरोप है। मनोहर ने कथित तौर पर 2019 में मेहता से 15 करोड़ रुपये लिए थे और अपने पिता को भागने और पुलिस की नजर से दूर रखने में मदद करने के लिए एक अन्य व्यक्ति से भी संपर्क किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन की जांच कर रही आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने धोखाधड़ी से प्रभावित बैंक का अलग-अलग समय पर ऑडिट करने वाली आधा दर्जन फर्मों के प्रतिनिधियों को तलब किया है। एक अधिकारी ने बताया कि ये वित्तीय सेवा फर्म 2019-2024 के दौरान वैधानिक, समवर्ती या आंतरिक ऑडिट में शामिल थीं, जिस अवधि में कथित गबन हुआ था। चूंकि ऋणदाता का प्रारंभिक ऑडिट मेसर्स संजय राणे एसोसिएट्स द्वारा किया गया था, इसलिए फर्म के एक भागीदार अभिजीत देशमुख से ईओडब्ल्यू पिछले चार दिनों से पूछताछ कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि अब जांच एजेंसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी फर्म के एक अन्य भागीदार संजय राणे को अपना बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है।

**122 करोड़ रुपये की हेराफेरी कैसे की गई?:** उन्होंने बताया कि संजय राणे एसोसिएट्स के अलावा ईओडब्ल्यू ने मेसर्स यूजी देवी एंड कंपनी, मेसर्स गांधी एंड एसोसिएट्स एलएलपी, मेसर्स शिंदे-नायक एंड एसोसिएट्स, मेसर्स जैन त्रिपाठी एंड कंपनी और मेसर्स एसआई मोगुल एंड कंपनी को भी तलब किया है। अधिकारी ने बताया कि इन फर्मों के प्रतिनिधियों को बुधवार से ही बयान दर्ज करने के लिए बुलाया गया है। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो ईओडब्ल्यू बैंक के वित्तीय रिकॉर्ड की फोरेंसिक ऑडिट की मांग करेगा ताकि पता लगाया जा सके कि 122 करोड़ रुपये की हेराफेरी कैसे की गई।

अधिकारी ने बताया कि बैंक के पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोआन, जो कथित धोखाधड़ी के लिए अब तक गिरफ्तार किए गए तीन लोगों में से एक हैं, ने बैंक की सभी ऑडिट रिपोर्ट और बैलेंस शीट पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि भोआन साजिश का हिस्सा थे क्योंकि उन्हें पता था कि बैंक की तिजोरियों में कितनी नकदी है।

# महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के दफ्तर पर हमले की पाकिस्तान की साजिश? मुंबई पुलिस को मिली धमकी

**मुंबई, एजेंसी।**
मुंबई ट्रैफिक पुलिस को व्हाट्सएप पर एक संदेश मिला है, जिसमें भेजने वाले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय पर हमले की योजना की बात कही है। वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह संदेश एक पाकिस्तानी फोन नंबर से वर्ली ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को भेजा गया था, जिससे सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

यातायात पुलिस को बुधवार दोपहर को एक पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सएप पर यह धमकी भरा संदेश मिला। संदेश भेजने वाले ने खुद को मलिक शाहबाज हुमायूं राजा देव बताया है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि भेजने वाला भारतीय है या विदेशी।

यह ताजा धमकी एक अन्य ईमेल के बाद आई है, जिसने मुंबई पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा है। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाकर बम की धमकी दी गई थी। शिंदे के वाहन को उड़ाने की धमकी देने वाला ईमेल गोरेगांव और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन, मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) और मंत्रालय सहित कई आधिकारिक खातों को भेजा गया था। अधिकारियों ने धमकी का जवाब देने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। गोरेगांव पुलिस ने पूछताछ के लिए एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जबकि मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा समानांतर जांच में आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी हुई।



पूछताछ के दौरान, संदिग्ध ने कथित तौर पर ईमेल भेजने की बात कबूल की, लेकिन जांचकर्ता अब संदेश की सटीक उत्पत्ति और इस कृत्य के पीछे किसी भी संभावित मकसद का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं। मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए, भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत तुरंत एक प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें आपराधिक धमकी के लिए धारा 351 (3) और 351 (4) और सार्वजनिक शरारत के लिए बयानों के लिए धारा 353 (2) शामिल हैं। धमकी की डिजिटल प्रकृति को संबोधित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अतिरिक्त प्रावधान भी लागू किए गए। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पिछले महीने भी इसी तरह की बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद 27 वर्षीय संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया था।

# तो रिजल्ट भी फिर केजरीवाल जैसे ही आएंगे, अब उमर अब्दुल्ला ने कसा तंज

**कश्मीर , एजेंसी।**
जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक बार फिर आम आदमी पार्टी पर तंज कसा है। उन्होंने केंद्र सरकार के साथ बगैर टकराव के काम करने पर पूछे सवाल पर कहा कि तो फिर केजरीवाल जैसे नतीजों के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जम्मू और कश्मीर की जनता की भलाई के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी अब्दुल्ला ने इंडिया गठबंधन की एकता पर सवाल उठाए थे।





इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज कार्यक्रम में पहुंचे सीएम अब्दुल्ला ने कहा, ...भाजपा के कामों से हम असहमत हैं और ऐसा करना हम जारी रखेंगे। हमने राजनीतिक रूप से भाजपा का विरोध किया है और आगे करते रहेंगे। हम इंडिया ब्लॉक के सदस्य हैं और जब तक यह रहेगा, तब तक इसका हिस्सा रहेंगे। लेकिन यहां हम जम्मू और कश्मीर की जनता की भलाई के लिए जम्मू और कश्मीर की सरकार और केंद्र सरकार के साथ काम करने पर बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, और मुझे लगता है कि इस पद पर रहते हुए मुझे जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए करना होगा। अगर लोगों को लगता है कि मेरे तरीके में कुछ गलत है, तो उन्हें फैसला सुनाने का समय मिलेगा। और अगर वह चाहते हैं कि जम्मू और कश्मीर का केंद्र सरकार के साथ टकराव रहे और केजरीवाल जैसी स्थिति में पहुंच जाएं, तो आपको केजरीवाल जैसे नतीजों के लिए भी तैयार रहना होगा। सीएम अब्दुल्ला ने कहा, यह सुलह का सवाल नहीं है। कुछ चीजें जो भारत सरकार कर रही है, उनका हम विरोध करते हैं। जैसे वक्फ बिल को लेकर संसद में जो रहा है, हम उसके खिलाफ हैं, लेकिन अगर केंद्र सरकार जम्मू और कश्मीर में हमारे काम का समर्थन कर रही है और परेशानी पैदा नहीं कर रही या फंड देने से इनकार नहीं कर रही, तो हमारा उनसे झगड़ा करना बेवकूफी होगी।

# नींद जरूरी है; ड्यूटी पर सोते पकड़े गए कॉन्स्टेबल को हाईकोर्ट ने दी राहत

**बेंगलूरू , एजेंसी।** ड्यूटी के बीच सोने के कारण सस्पेंड हुए एक कॉन्स्टेबल को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहत दी है। अदालत का कहना है कि नींद और काम और जीवन में संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। दरअसल कर्नाटक स्टेट ट्रांसपोर्ट के कॉन्स्टेबल के कुछ वीडियो वायरल हो गए थे, जिसमें वह ड्यूटी पर सोते नजर आ रहे हैं। उन्होंने निलंबन के खिलाफ अदालत का रुख किया था। याचिका पर जस्टिस एम नागप्रसन्न सुनवाई कर रही थे। उन्होंने कहा कि जब कॉन्स्टेबल को लंबे समय तक तय से ज्यादा काम कराया गया, तो ऐसे में उसे झपकी लेने के लिए दोषी नहीं माना जा सकता है। खबर है कि स्टाफ की कमी के कारण कॉन्स्टेबल 8 के बजाए 16 घंटे की शिफ्ट कर रहे थे। कोर्ट ने उन्हें राहत दी है और सेवा में वापस लौटने के आदेश दिए हैं। साथ ही निलंबन की अवधि की सैलरी देने के भी आदेश दिए गए हैं। जस्टिस नागप्रसन्न ने कहा, अगर किसी व्यक्ति को उसकी क्षमता से ज्यादा काम करने के लिए कह दिया जाए, तो कई बार शरीर को नींद की जरूरत पड़ती है। क्योंकि आज के समय में नींद और वर्क लाइफ बैलेंस बहुत जरूरी है। आज एक कॉन्स्टेबल है, कल कोई भी हो सकता है। इंसान को नींद से वंचित रखा जाएगा, तो वह कहीं भी सो जाएगा।

कोर्ट ने यह भी कहा, अगर याचिकाकर्ता तब ड्यूटी के दौरान सो जाता, जब उन्हें एक ही शिफ्ट में काम करना होता तो यह गलत होता। इस मामले में याचिकाकर्ता को बगैर ब्रेक के 60 दिनों तक 24 घंटे में से 16 घंटे काम कराया गया...। साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 24 के प्रकाश में सभी को आराम का अधिकार है, जिसमें काम करने की सीमा और छुट्टियां शामिल हैं। कोर्ट ने कॉन्स्टेबल के निलंबन के आदेश को रद्द कर दिया है।

33 साल के चंद्रशेखर को जुलाई 2024 में सस्पेंड कर दिया गया था। वह अप्रैल 2024 में ड्यूटी के दौरान सोते पाए गए थे और उनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद कल्याण कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने उन्हें निलंबित कर दिया था। अब कॉन्स्टेबल ने कोर्ट को बताया है कि उनसे डबल शिफ्ट में काम कराया जा रहा था, जिसके चलते वह थक गए थे।

# परिसीमन प्रक्रिया पर अमित शाह के दावे पर विश्वास नहीं किया जा सकता: सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि, परिसीमन प्रक्रिया पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किए गए दावे पर विश्वास नहीं किया जा सकता है. गृह मंत्री शाह ने कहा था कि जनगणना के आधार पर किए जाने वाले परिसीमन में दक्षिणी राज्यों को एक भी संसदीय सीट का नुकसान नहीं होगा. सिद्धरमैया ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि उन्होंने दक्षिणी राज्यों में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से यह बयान दिया है.

सीएम सिद्धारमैया की यह टिप्पणी शाह द्वारा दक्षिणी राज्यों को यह आश्वासन दिए जाने के एक दिन बाद आई है .उन्होंने एक बयान में कहा, गृह मंत्री की अस्पष्ट टिप्पणियों को देखते हुए ऐसा लगता है कि या तो उनके पास उचित जानकारी का अभाव है या फिर कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश सहित दक्षिणी राज्यों को नुकसान पहुंचाने की जानबूझकर मंशा है.

सिद्धारमैया ने कहा कि अगर केंद्र सरकार वास्तव में दक्षिणी राज्यों के लिए निष्पक्षता सुनिश्चित करना चाहती है, तो गृह मंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि परिसीमन नई जनसंख्या अनुपात या लोकसभा सीटों की वर्तमान संख्या के आधार पर होगा.



उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि यदि नवीनतम जनसंख्या अनुपात के आधार पर परिसीमन किया जाता है, तो यह दक्षिणी राज्यों के साथ घोर अन्याय होगा. इस तरह के अन्याय को रोकने के लिए, संवैधानिक संशोधनों के बाद 1971 की जनगणना को आधार बनाकर पिछले परिसीमन अभ्यास किए गए थे. उनके अनुसार, पिछले 50 वर्षों में, दक्षिणी राज्यों ने विकास के मामले में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए जनसंख्या वृद्धि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया है.

उन्होंने कहा कि,, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे उत्तरी राज्य जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में विफल रहे हैं और विकास में पिछड़ रहे हैं. परिणामस्वरूप, यदि परिसीमन नवीनतम जनगणना के आधार पर किया जाता है, तो कर्नाटक सहित दक्षिणी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में कमी या स्थिरता देखी जा सकती है, जबकि उत्तरी राज्यों को अधिक सीटें मिलेंगी. किसी भी परिदृश्य में, दक्षिणी राज्यों को नुकसान उठाना पड़ेगा. उन्होंने सवाल किया कि, क्या गृह मंत्री को इसकी जानकारी नहीं है?

सीएम ने कहा कि इन अध्ययनों के अनुसार, यदि परिसीमन केवल नवीनतम जनगणना (2021 या 2031) पर आधारित है, तो कर्नाटक में लोकसभा सीटों की संख्या 28 से घटकर 26 हो जाएगी. इसी तरह, आंध्र प्रदेश की सीटें 42 से घटकर 34, केरल की 20 से घटकर 12 और तमिलनाडु की 39 से घटकर 31 हो जाएंगी. सिद्धारमैया ने आश्चर्य जताते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 80 से बढ़कर 91, बिहार की 40 से बढ़कर 50 और मध्य प्रदेश की 29 से बढ़कर 33 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि परिसीमन प्रक्रिया में कर्नाटक सहित दक्षिणी राज्यों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाना है, तो 1971 की जनगणना को आधार बनाया जाना चाहिए या केवल जनसंख्या के आंकड़ों पर निर्भर किए बिना, आनुपातिक रूप से लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए. हालांकि, परिसीमन के लिए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिखाए गए असाधारण उत्साह को देखते हुए, ऐसा लगता है कि असली इरादा दक्षिणी राज्यों के लोगों को उनकी पार्टी के प्रभुत्व का विरोध करने के लिए दंडित करना है, सीएम ने आरोप लगाया।

# गुरुग्राम की किस सड़क पर निर्माण, कहां से बदलना पड़ेगा रास्ता; गूगल मैप पर मिलेगी सारी जानकारी

**गुरुग्राम , एजेंसी।**
मिलेनियम सिटी गुरुग्राम की सड़कों पर गूगल मैप का इस्तेमाल कर गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए अच्छी खबर है। सड़कों पर होने वाले निर्माण और रास्ते बदले जाने की जानकारी उन्हें पहले ही मिल जाएगी। इससे वे जाम में फंसने से बच जाएंगे। ट्रैफिक पुलिस ने गूगल मैप के साथ करार किया है। इसको लेकर ट्रायल भी शुरू कर दिया गया है।

चालकों को वाहन चलाने के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से मैप पर अलर्ट दिखेगा। इसके अलावा बोलकर भी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा डायवर्जन और निर्माण वाले रास्ते की तरफ गूगल मैप वाहन चालकों को लेकर नहीं जाएगा। डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की तरफ से सड़कों पर होने वाले डायवर्जन, निर्माण और रास्ते बंद होने की जानकारी अब एक दिन पहले गूगल मैप को दी जाएगी। गूगल मैप दूसरे वैकल्पिक रास्तों के बारे में भी सुझाव देगा। डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने बताया कि शहरवासियों के सुरक्षित सफर के लिए गूगल के साथ मिलकर व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ताकि राहगीर सुरक्षित सफर कर अपने गंतव्य तक पहुंच सके। गूगल मैप पर अलर्ट मिलने से लोगों को जाम के झाम में भी नहीं फंसना पड़ेगा। वह समय से अपने घर पर पहुंच सकेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए गूगल मैप पर नई व्यवस्था की गई है।



एक निजी संस्था की रिपोर्ट के अनुसार गुरुग्राम में 24 घंटे के अंदर पांच लाख के लगभग वाहन चालक गूगल मैप का इस्तेमाल अपने गंतव्य तक जाने के लिए करते हैं। इनमें अपने गंतव्य तक जाने के लिए बेहतर रूट और पहुंचने में कम समय लगे, सर्च कर इसकी भी जानकारी हासिल करते हैं। वहीं गुरुग्राम में सबसे ज्यादा मैप का इस्तेमाल डिलीवरी ब्वॉय के द्वारा खाने, ग्रोसरी सहित अन्य सामान घर तक डिलीवरी करने में इस्तेमाल होता है। इसके साथ-साथ कैब और बाइक राइडर भी लोगों को पिक-अप और ड्राप करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार गुरुग्राम में रोजाना चार लाख के लगभग वाहन दिल्ली, रोहतक, झज्जर, फरीदाबाद, पलवल, नूंह,रेवाड़ी और जयपुर से आते हैं। डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज ने कहा, गूगल मैप पर सड़कों पर होने वाले डायवर्जन, एडवाइजरी और निर्माण के बारे में जानकारी मिलेगी। गूगल के साथ करार हो गया है। रोजाना गूगल को इनके बारे में जानकारी साझा की जाएगी।

## हिंडन एयरपोर्ट से पहली बार बड़े विमान भरेंगे उड़ान, 1 मार्च को गोवा, बेंगलुरु और कोलकाता की फ्लाइट

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से शनिवार से गोवा, बेंगलुरु और कोलकाता की उड़ान शुरू हो रही है। पहली बार इस एयरपोर्ट से बड़ा विमान उड़ान भरेगा, जिसके लिए एयरलाइंस कंपनी और एयरपोर्ट प्राधिकरण तैयारी में जुटा है। गोवा के लिए 80 फीसदी और बेंगलुरु और कोलकाता के लिए 55-60 फीसदी टिकट बुक हो चुके हैं। हिंडन एयरपोर्ट से इस समय लुधियाना, बठिंडा, आदमपुर, किशनगढ़ और नांदेड़ के लिए उड़ान सेवा है। एक मार्च से बेंगलुरु, गोवा और कोलकाता की उड़ान शुरू हो रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस इसे शुरू कर रही है। यह उड़ान रोजाना हिंडन से तीनों शहरों के लिए और वापसी में हिंडन के लिए मिलेगी। जनवरी के अंतिम सप्ताह में कंपनी ने ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी थी। गोवा की लगभग 80 फीसदी सीट बुक हुई हैं, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता की भी 60 फीसदी तक टिकट बुक हो चुके हैं।

अब तक गोवा के लिए सर्वाधिक बुकिंग हुई है,क्योंकि 50-60 सीट सांसद अतुल गर्ग ने बुक कराई है। वह विधायकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ गोवा जाएंगे। पहली बार व्यावसायिक विमान के उड़ान भरने के कारण हिंडन एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई जा रही है। हिंडन एयरपोर्ट के निदेशक उमेश यादव ने बताया कि उड़ान की तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

संक्षिप्त समाचार

## नालंदा में 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

● पुलिस ने जहानाबाद से किया गिरफ्तार, हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रोडक्ट से भरे ट्रक को लूटा था



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की नुरसराय पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए नूरसराय थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी राकेश कुमार उर्फ कंजला उर्फ कैला (27) को गिरफ्तार किया गया है। जो जहानाबाद जिला कल्पा थाना क्षेत्र के बुधन टाली का रहने वाला है। पुलिस ने जहानाबाद से ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि आरोपी एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से 25,000 रुपये का इनाम घोषित था। यह गिरफ्तारी नूरसराय थाना में दर्ज एक कांड से जुड़े मामले में की गई है।

**माल लदे ट्रक को बनाया था निशाना :** इस मामले की शुरुआत 6 सितंबर 2024 को हुई थी, जब रात करीब 9: 15 बजे अज्ञात अपराधियों ने हिंदुस्तान यूनिलीवर कम्पनी का माल लदा ट्रक को लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें मनोज कुमार उर्फ अमित कुमार, संतोष कुमार, और विकेश कुमार शामिल थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, राकेश कुमार का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ जहानाबाद महिला थाना में भी एक मामला दर्ज है, जिसमें विभिन्न धाराओं के साथ स्ट/स्ज्ञ एक्ट के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। गिरफ्तारी में नूरसराय थाना के थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, एसआई रमेश पासवान, सब-इंस्पेक्टर रज्जू कुमार, रिजर्व गार्ड के राकेश कुमार, और कांस्टेबल अनिल पासवान की टीम शामिल थी।

## आमने-सामने भिड़े दो ट्रक, दोनों चालक घायल

### झाझा–लक्ष्मीपुर मार्ग पर बीच सड़क पर पलटे वाहन, 2 घंटे तक लगा जाम



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के लक्ष्मीपुर-झाझा मुख्य मार्ग पर गुरुवार की देर रात सौनदीपी मोड़ के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दोनों ट्रक सड़क पर पलट गए। इससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही लक्ष्मीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से जेसीबी की सहायता से जाम को हटाने का काम शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दुर्घटनाग्रस्त ट्रकों को हटाया गया और यातायात बहाल हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बीच सड़क पर वाहन पलटने से लगा जाम:** लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने बताया कि दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई थी। जिसमें वाहन के दोनों चालक गंभीर से घायल हो गया था। दोनों का इलाज के लिए लक्ष्मीपुर अस्पताल लाया गया। जबकि ट्रक सड़क पर पलटने से कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हुआ था। जिसे जिसे भी और स्थानीय लोगों की मदद से हटा दिया गया और सुचारू रूप से आवागमन चालू कर दिया गया।

# बिहार पुलिस सप्ताह का समापन, सीएम नीतीश ने कई पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**पटना, एजेंसी।** बिहार पुलिस सप्ताह 22 फरवरी से शुरू हुआ था जिसका समापन गुरुवार 27 फरवरी को पटना के मिथिलेश स्टेडियम हो गया. जिसमें मुख्य अतिथि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए. वहीं, इसमें मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी और अच्छे कार्य करने वाले आम लोग तथा स्कूली बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

### सीएम नीतीश कुमार ने किया सम्मानित

बिहार पुलिस सप्ताह के मौके पर 1992 बैच के बिहार कैडर के पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार अंबेडकर को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक, वहीं अपर पुलिस महानिदेशक आर मलारविझी को भी राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक और रिटायर्ड पुलिस निरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग सुनीता कुमारी को भी राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक से अलंकृत किया गया है.

### प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत

मुख्यमंत्री के द्वारा पुलिस सप्ताह के समापन समस्तीपुर के रहने वाले भुल्लू साहनी को उनके साहसिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया. वे जन्म से ही दोनों आँख से 90त्न दिव्यांग हैं. इनके द्वारा 20 से 22 वर्षों से पानी में डूबते लोगों को बचाने का कार्य किया जाता है. इनके द्वारा अभी तक लगभग 27 लोगों को डूबने से बचाया गया है और नदी और तालाब में डूबे हुए 13 लोगों के शव को निकल गया है.

### साइबर सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता

अमित कुमार चौधरी बेरंगीनिया जिला संत सीतामढ़ी के रहने वाले हैं. अमित ने थाना में एक अभियुक्त को हथियार के साथ गिरफ्तार करने में



पुलिस का सहयोग किया गया था. जिसको लेकर इन्हें भी मुख्यमंत्री के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया. वहीं पुलिस सप्ताह के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 5 पटना स्थित मिथिलेश स्टेडियम में साइबर सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था.

### राजीव नगर थाना का सातवां स्थान

वहीं 2024 में गृह मंत्रालय द्वारा वार्षिक रैंकिंग आफ पुलिस स्टेशन में पटना के राजीव नगर थाना का सातवां स्थान दिया गया था. जिसको लेकर रामानुज राम पुलिस और निरीक्षक तत्कालीन थानाध्यक्ष को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया.

## चैनपुर कैमूर के बिहारी यादव सम्मानित

चैनपुर कैमूर के बिहारी यादव ने 16 सितंबर को वॉटरफॉल में अचानक पानी बढ़ जाने के कारण 11 पर्यटकों को पानी में फंसे गये थे. वे 11 पर्यटकों को पानी में फंसे होने की सूचना पर नदी में कूदकर रस्सी के सहारे सभी को सुरक्षित बाहर निकल गया. इसे इस साहसिक कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया है.

## वैशाली के विक्रमजीत को मिला पुरस्कार

विक्रमजीत कुमार आदर्श नगर थाना सराय जिला वैशाली के रहने वाले हैं. इनके द्वारा अज्ञात वाहन से एक मोटरसाइकिल को धक्का मार कर गंभीर रूप से जख्मी होने की स्थिति में तुरंत थाना को सूचित करते हुए घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाकर उसकी जान बचाई थी. जिसके कारण इन्हें भी प्रशस्ति पत्र दिया गया.



## पूरे बिहार में जमीन सर्वे का सर्वर चालू, अब दस्तावेज अपलोड करने में नहीं होगी परेशानी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के सभी जिलों में जमीन सर्वे का सर्वर चालू हो गया है। जमीन सर्वे में अब किसी जिले के लोग स्वघोषणा के तहत अपना दस्तावेज या वंशावली अपलोड कर सकते हैं, इसमें कोई समस्या नहीं आएगी। सारण समेत सभी 9 प्रमंडलों के सर्वर ने काम करना शुरू कर दिया है।

9वां और अंतिम सर्वर सारण प्रमंडल का ही था, जिसने पूरी तरह से काम शुरू कर दिया है। साथ ही दस्तावेजों को संग्रह करने की समस्या का अंत हो गया है।

सर्वे निदेशालय की तकनीकी शाखा के अनुसार, निदेशालय की वेबसाइट के पेज पर यूजर्स को जिले के रूप में नया विकल्प मिलेगा, जिसका चयन करने पर उनके आवेदन उनके जिले से संबंधित प्रमंडल के लिए आरक्षित सर्वर में जाकर संग्रहित हो जाएंगे। सभी प्रमंडलों का आंतरिक लिंक अलग-अलग कर दिया गया है। यह व्यवस्था इसलिए की गई है कि डिजिटाइज्ड एवं स्कैंड डेटा को सहेज कर रखने में परेशानी नहीं हो। इस मामले को लेकर भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को शास्त्री नगर स्थित सर्वे भवन से ऑनलाइन माध्यम से सभी 38 जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों से बात की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से यह जाना कि अब सर्वर अलग-अलग कर देने के बाद भी जमीन सर्वे से संबंधित क्या कोई तकनीकी समस्या बची हुई है। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि अब कोई समस्या नहीं है और इससे डेटा अपलोड एवं डिजिटाइजेशन के कार्य में तेजी आएगी।

हालांकि, कई जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों ने अपलोड हुए दस्तावेजों के नहीं दिखने की शिकायत की। इन समस्याओं का समाधान 24 घंटे में करने का भरोसा उन्होंने दिलाया। ऑफलाइन मोड पर शिविरों में प्राप्त सभी दस्तावेजों को एक सप्ताह में ऑनलाइन करने का आदेश दिया गया है।

# पटना सासाराम ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस-वे को मंजूरी जल्द, 5 जिलों को होगा फायदा

**पटना, एजेंसी।** छ्बिहार की राजधानी पटना से भोजपुर होते हुए सासाराम तक ग्रीनफील्ड फोरलेन एक्सप्रेस-वे का निर्माण जल्द शुरू होगा। केंद्रीय वित्त कमेटी की सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) से मंजूरी मिलते ही इसका निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के पहले ही निर्माण के लिए राशि जारी होने की उम्मीद है। संभावना है कि मार्च महीने में कमेटी इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण की मंजूरी दे देगी। 3209 करोड़ से 120 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड (नई सड़क) फोरलेन का निर्माण होना है, इससे 5 जिले के लोगों को फायदा होगा। मालूम हो कि इस फोरलेन एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए 27 सितंबर को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत केंद्र सरकार से स्वीकृति मिली थी। एनएचएआई ने निविदा जारी कर दी है। निर्माण को 6 मार्च तक ठेकेदार आवेदन कर सकते हैं।



### पटना से सासाराम जाने में होगी सुविधा

पटना-आरा-सासाराम एनएच-119ए के निर्माण के लिए सोन नदी पर फोरलेन पुल बनेगा। यह सड़क आरा शहर के बाहर से होकर गुजरेगी। भोजपुर के दक्षिण हिस्से की ओर से पटना जाने के लिए वाहन बिना आरा शहर से गुजरे ही पटना की ओर आएंगे। वहीं, सासाराम से पटना तक आने में समय की बचत होगी।

### पांच जिलों को होगी सुविधा

पटना से आरा होते हुए सासाराम तक सड़क बनने से पटना, अरवल, भोजपुर, रोहतास एवं सासाराम की सड़क जुड़ जाएगी। वहीं विशेष कर नौबतपुर, अरवल, सहार, पीरो, हसन बाजार, संझौली और नोखा के लोगों को लाभ होगा। पटना से भोजपुर, अरवल, रोहतास, सासाराम होते हुए वाराणसी जाने में भी सुविधा होगी। सड़क का निर्माण दो पैकेज में होना है। पहले पैकेज में सासाराम से आरा के बीच लगभग 75 किलोमीटर का निर्माण होगा। दूसरे पैकेज में लगभग 45 किलोमीटर सड़क का निर्माण आरा से पटना के बीच होगा। इसके लिए 760 करोड़ से 550 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। वहीं, सोन नदी पर लगभग 3 किलोमीटर लंबे फोरलेन पुल का भी निर्माण होगा। इस सड़क को भारत सरकार की ओर से एनएच 119ए का दर्जा दिया गया है।

### पटना के सदीसोपुर के समीप से शुरू होगा एक्सप्रेस-वे

पटना के कन्हौली से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित सदीसोपुर के समीप स्थित एनएच-131जी से यह एक्सप्रेस-वे बनना है। इसके बाद पटना के घोड़ाटाप के समीप दक्षिण की ओर से सोन नदी के ऊपर पुल का निर्माण किया जाएगा। यह सोन नदी के पश्चिम से आरा के असनी होते हुए गड़हनी में दक्षिण की तरफ से सासाराम के आगे सुअरा होते हुए एनएच-19 यानी वाराणसी जाने वाली सड़क से जुड़ेगा।

# भोजपुर में हथियारबंद अपराधियों ने मछुआरे को मारी गोली

### लूट का विरोध करने पर मारी गोली, गंभीर हालत में सदर अस्पताल से पटना रेफर



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बरजा गंगा नदी में गुरुवार की रात मछली लूटने आए हथियारबंद अपराधियों ने एक मछुआरे मैनेजर मलाह (50) को गोली मार दी। जख्मी अधेड़ को गोली दाहिने साइड गाल में लगी है जो गर्दन के पीछे आकर फंसी है। जख्मी हालत में मछुआरे ने किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर नदी की किनारे स्थानीय लोगों के पास पहुंचकर मदद मांगी। फिर स्थानीय लोगों इस घटना की जानकारी परिजनों को दी और उसके बाद जख्मी हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मछुआरे को पटना रेफर कर दिया गया है। हालांकि परिजन आनन-फानन में आरा शहर स्थित आरा इमरजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर हर्षवर्धन की टीम की देखरेख में इलाज कराया जा रहा है।

**मछली और जाल को लूटकर भाग रहे थे बदमाश :** जख्मी मछुआरा कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव निवासी स्व राम किशुन चौधरी के बेटे मैनेजर मलाह है। इधर घटना की जानकारी देते हुए जख्मी मछुआरे ने बताया कि वो अपने साथी दशई मलाह के साथ बरजा गांव स्थित गंगा नदी में नाव से मछली मारने गए थे। हर रोज मछली मारने के बाद सुबह में बेचने जाते है। गुरुवार की रात दोनों बीच गंगा नदी में मछली मार रहे थे । तभी आठ की संख्या में हथियार लेकर आए बदमाशों ने हथियार के बल पर करीब दस किलों मछली और जाल को लूटकर भाग रहे थे। तभी हमलोगों ने इसका विरोध किया तो एक अपराधी ने पिस्टल निकालकर गोली मार दी। गोली में मेरे गाल पर लगी है। जैसे-तैसे गंगा नदी में कुदकर जान बचाई और इस घटना की जानकारी स्थानीय के लोगों के मदद से परिजनों को दी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी दस किलों मछली लेकर वहां से आराम से फरार हो गए। वही ऑन ड्यूटी डॉक्टर हर्षवर्धन ने बताया जख्मी के चेहरे पर गोली लगने से ज्यादा खून रिसाव हो गया है। इमरजेंसी वार्ड में जख्मी का ऑपरेशन कर बुलेट को निकाल दिया गया,हालांकि अभी मरीज की स्थिति ठीक है। उसे ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। वही पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि जख्मी मछली मारने गए थे,इसी दौरान घटना घटी है। कुछ लोगों का नाम सामने आ रहा है। जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## नालंदा में 3 मार्च को लगेगा रोजगार कैंप: 2,500 रिक्तियों पर की जाएगी बहाली

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नालंदा जिले में 3 मार्च को एक विशेष नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह मेला संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय नालंदा बिहारशरीफ (बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय कैम्पस के निकट) में आयोजित किया जाएगा। इस एक दिवसीय आयोजन में देश की प्रमुख कंपनियां सहभागिता करेंगी, जिनमें स्क्र्स्न, होटल ममता इंटरनेशनल, लेनोवो ग्रुप, ग्रीन मैक्स सिस्टम, अरवन इन्फोसॉफ्ट, निमसन हर्बल, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन, क्वेस कॉर्प लिमिटेड, टाटा मोटर्स और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख हैं। इनके अलावा कई स्थानीय और बाहरी निजी कंपनियां भी इस मेले में भाग लेंगी। मेले में आने वाली कंपनियां रिटेल, हेल्थकेयर, अकाउंटिंग, डिलीवरी सर्विसेज, हॉस्पिटैलिटी और सिक्योरिटी सर्विसेज जैसे विविध क्षेत्रों में करीब 2,500 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चलाएंगी। यह मेला नालंदा के बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। जिला नियोजन अधिकारी अंकित राज ने बताया, ÷इस मेले का उद्देश्य है कि नालंदा और आसपास के क्षेत्रों के युवा प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार पाने का अवसर प्राप्त कर सकें। साथ ही, उन्हें विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी मिलेगा।÷ प्रशासन ने सभी युवाओं, विशेषकर युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में इस मेले में भाग लेने का आग्रह किया है। आवेदकों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति और फोटो कॉपी साथ लेकर आएं।

# विक्रमशिला खंडहर संवरेगा, हरिहरनाथ कॉरिडोर बनेगा, बिहार का केंद्र को प्रस्ताव

**पटना, एजेंसी।** बिहार की प्राचीन धरोहरों का विकास तेज कर दिया गया है। इसी के तहत विक्रमशिला प्राचीन विश्वविद्यालय खंडहर और हरिहर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की तैयारी है। बिहार सरकार ने इसके लिए चैलेंज बेस्ड डिस्टिनेशन योजना के तहत केंद्र को प्रस्ताव भेजा है। इसमें हरिहर क्षेत्र (सोनपुर) में हाट बनाने की भी योजना है। वहीं, बाबा हरिहरनाथ क्षेत्र को काशी कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने की योजना है। इसके अध्ययन की जिम्मेदारी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के मुख्य परामर्शी एचसीपी डिजाइन प्लानिंग एंड मैनेजेंट प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद को सौंपी गई है। बता दें कि नारायणी नदी (गंडक) के किनारे बसे हरिहर क्षेत्र सोनपुर का पशु मेला विश्व प्रसिद्ध है। धार्मिक मान्यता है कि यहीं गज-ग्राह की लड़ाई हुई थी, जिसमें भगवान विष्णु ने गज की जान बचाई थी। कार्तिक माह में पशु मेला के समय दुनियाभर के पर्यटक यहां पहुंचते हैं। कॉरिडोर बनने और क्षेत्र का विकास होने से मेला अवधि के बाद भी यहां पर्यटकों का आना जारी रहेगा। राज्य सरकार ने सोनपुर हाट के लिए 24.41 करोड़ और विक्रमशिला प्राचीन





विश्वविद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए 22.40 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। सोनपुर कॉरिडोर की रिपोर्ट आ जाने के बाद वहां की डीपीआर तैयार होगी।

**मेला एप बनेगा, बाबा हरिहरनाथ के वर्चुअल दर्शन होंगे :** देश-विदेश के पर्यटकों की जानकारी के लिए सोनपुर मेला ऐप भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा एआर-वीआर सुविधा विकसित की जानी है। बाबा हरिहरनाथ की वर्चुअल दर्शन कराने की भी योजना है। सोनपुर हाट के अलावा भव्य प्रवेश द्वार बनाने की योजना है। हाट से घाट तक की सड़क, पार्किंग, जनसुविधा विकसित की जाएगी। ग्रीन टूरिज्म को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा। सौर ऊर्जा और कचरा प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां के गाइड, होटल संचालक, फुड वेंडर, टूर ऑपरेटर आदि को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**विक्रमशिला में बनेगी प्रदर्शनी गैलरी :** केंद्र को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार भागलपुर जिले में स्थित विक्रमशिला प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहर के आसपास पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रदर्शनी गैलरी बनाकर यहां रिप्लिका लगाई जाएंगी। रिसोर्स सेंटर, विजिटर सेंटर और जनसुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा परिसर में पौधरोपण की भी योजना है। प्राचीन विश्वविद्यालय का महत्व बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का सहारा लिया जाएगा। इसके लिए अलग से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किए जाएंगे। यहां के गाइड, टूर ऑपरेटरों को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**महिषी का भी होगा विकास :** पर्यटन विभाग ने सहरसा के मंडन मिश्र धाम महिषी को भी पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित करने की योजना बनाई है। इस पर 14 करोड़ 23 लाख रुपये खर्च होंगे। आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के शास्त्रत्तर्थ के साक्षी इस स्थल पर दोनों महापुरुषों के दर्शन होंगे। मंडन मिश्र की पत्नी भारती ने ही शास्त्रत्तर्थ में आदि शंकराचार्य को पराजित किया था। यहां प्रवेश द्वार, पार्किंग और अन्य जनसुविधा विकसित की जाएंगी। मुख्य भवन का जीर्णोद्धार, घाट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा नैनो बबल टेक्नोलॉजी से तालाब का सौंदर्यीकरण होगा।

गोधरा ट्रेन घटना की 23वीं बरसी पर

# एकता कपूर ने की द साबरमती रिपोर्ट पर बात



साल 2002 के दुखद गोधरा ट्रेन हादसे की 23वीं बरसी पर फिल्म निर्माता एकता कपूर ने द साबरमती रिपोर्ट के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कुछ कहानियां सिर्फ फिल्मों से ज्यादा होती हैं। फिल्म की यात्रा पर विचार करते हुए, एकता ने कहा, कुछ कहानियां सिर्फ फिल्मों से ज्यादा बढ़कर होती हैं, वे जिम्मेदारियां होती हैं।

साबरमती रिपोर्ट एक ऐसा ही प्रयास है, जहां हमने सच्चाई को सामने लाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया है कि हम इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ संभालें। साबरमती रिपोर्ट में एक जिद्दी पत्रकार की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा कि यह फिल्म सिर्फ एक घटना के बारे में नहीं है। यह देश और लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में हैं। कैसे इतने सारे लोगों ने प्रभावित परिवारों के बारे में सोचे बिना इस त्रासदी का इस्तेमाल अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया। उन्होंने आगे कहा, यह हमारा 9/11 है। ऐसी शक्तिशाली कहानी का हिस्सा बनना वाकई एक विनम्र अनुभव रहा है।

प्रधानमंत्री का समर्थन और पूरे देश से मिली प्रतिक्रिया ने मुझे महसूस कराया कि समाज को प्रतिबिंबित करने वाली सिनेमा के लिए अभी भी जगह है। बता दें कि दूरदर्शी धीरज सरना द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राशि खन्ना और रिधि डोगरा ने भी दमदार अभिनय किया है। यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में हुए अग्निकांड पर आधारित है। द साबरमती रिपोर्ट एक पत्रकार की कहानी है, जो गुजरात में 2002 में गोधरा में ट्रेन में आग लगाने की घटना की जांच करता है। सालों बाद, एक और रिपोर्टर को उसकी छिपी हुई रिपोर्ट का पता चलता है।

वे शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़ी एक साजिश का पर्दाफाश करते हैं, जो सच्चाई की तलाश में धमकियों का सामना करते हैं। द साबरमती रिपोर्ट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेताओं से प्रशंसा मिली।

# इंटर रिलीजन मैरिज के बाद प्रियामणि हुई थीं ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार?



**प्रियमणि** और मुस्तफा राज की सगाई 2016 में हुई थी और एक साल बाद उन्होंने 2017 में बेंगलुरु में शादी कर ली थी। मुस्तफा के साथ अपनी इंटर रिलीजन शादी के बाद झेली गई नकारात्मकता के बारे में खुलकर बातचीत की है। साउथ अभिनेत्री प्रियामणि ने 2017 में फिल्म मेकर मुस्तफा राज से शादी की थी। उनके लिए यह मौका जश्न मनाने का था, लेकिन उनकी इंटर रिलीजन मैरिज ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गईं। हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर लव जिहाद के नाम पर मजाक ने उन्हें कितना परेशान किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, जब मैंने अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की तो मैं बस इस खुशी के पल को उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि किस वजह से बेवजह नफरत फैलनी शुरू हो गई और लव जिहाद के आरोप लगने लगे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जब कल हमारे बच्चे होंगे तो वे ISIS में शामिल हो जाएंगे।

प्रियामणि ने आगे कहा, मैं समझती हूं कि मैं मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हूं। लेकिन आप किसी ऐसे व्यक्ति पर हमला क्यों करना चाहते हैं, जो इन चीजों का हिस्सा ही नहीं है? शुरुआत के 2 से 3 दिनों तक यह मुझ पर भारी पड़ा क्योंकि मुझे बहुत सारे संदेश मिलते रहे।

गोविंदा की को-स्टार आयरा बंसल

# ऊर्फी जावेद के शो में करेंगी सगाई



**गोविंदा** और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल आदर्श जीवनसाथी की तलाश के लिए ऊर्फी जावेद के नए रियलिटी शो एंगेज्ड -रोका या धोखा में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई हैं। अभिनेत्री आयरा बंसल जिन्होंने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में तो की हैं। साथ ही उन्होंने म्यूजिक वीडियो और रैंप मॉडलिंग भी की है और भारत, मध्य पूर्व और उत्तरी अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए वॉक किया है।

लेकिन पहली बार वह किसी रियलिटी शो में भाग ले रही हैं। एंगेज्ड एक नए तरीके का रियलिटी शो है। जब मुझसे इसके लिए संपर्क किया गया, तो मेरे दिमाग में केवल यही चल रहा था कि मैंने अभिनय और मॉडलिंग की है, लेकिन रियलिटी शो कुछ नया है जो मैंने अभी तक नहीं किया है, इसलिए मैंने इस अवसर का लाभ उठाया। और जीवन साथी तो कब, कहाँ और कैसे मिल जाए ये सब भगवान के हाथ में होता है .आयरा ने शो का हिस्सा बनने की वजह बताते हुए कहा। एंगेज्ड - रोका या धोखा सिर्फ़ डेटिंग शो नहीं है बल्कि यह एक ऐसा शो है जहाँ आप अपना सच्चा जीवनसाथी पा सकते हैं। शो में प्रतिभागियों को एक जोड़े के रूप में अलग-अलग टास्क जीतने होते हैं, जिससे उन्हें एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने, समझने और विश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है। शो को ऊर्फी जावेद और हर्ष गुजराल होस्ट कर रहे हैं और यह वर्तमान में जियो सिनेमा और हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।

# सलमान खान की सिकन्दर का धमाकेदार टीजर जारी



ईद पर दर्शकों को मिलेगी ईदी

**बीते** साल से चर्चाओं में रही सलमान खान की ईद के मौके पर प्रदर्शित होने वाली फिल्म सिकन्दर का बहुप्रतीक्षित टीजर आज साजिद नाडियाडवाला के जन्म दिन पर जारी हो गया है। टीजर ने जारी होते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया है और इंटरनेट की दुनिया में वायरल हो गया है। जारी होने के एक घंटे में ही इसे यूट्यूब पर 8,38,630 व्यूज मिल चुके थे। टीजर में धमाकेदार एक्शन का वादा किया गया है। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना भी हैं। सलमान खान की आने वाली एक्शन थ्रिलर फिल्म सिकंदर का नया टीजर गुरुवार को रिलीज किया गया, जिसमें सुपरस्टार की मुख्य भूमिका की झलक देखने को मिली। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक धमाकेदार मनोरंजन वाली फिल्म होने का वादा करती है। इसमें रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी अहम भूमिका में हैं और यह 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर की शुरुआत सलमान द्वारा अपने नाम के पीछे की कहानी सुनाने से होती है। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है, वह घोषणा करते हैं कि वह समाज को साफ करने के लिए यहां आए हैं। टीजर हिंदी-फिल्मी स्टाइल की डायलॉगबाजी से भरपूर है और इसमें रश्मिका मंदाना और अभिनेता सत्यराज का भी परिचय कराया गया है। टीजर रिलीज से पहले फिल्म के निर्माताओं ने प्रशंसकों को एक रोमांचक अपडेट दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, इंतजार लगभग खत्म हो गया है। कुछ दिन पहले, निर्माताओं ने निर्माता साजिद नाडियाडवाला के 58वें जन्मदिन के अवसर पर सलमान खान की विशेषता वाला एक नया पोस्टर भी जारी किया था। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, सभी अद्भुत प्रशंसकों के लिए, आपका धैर्य हमारे लिए बहुत मायने रखता है। सिकंदर को मिले प्यार के बाद, साजिदनाडियाडवाला के जन्मदिन पर एक छोटा सा उपहार! सिकंदर में सलमान को एक दमदार लेकिन करिश्माई अवतार में दिखाया जाएगा और इसे साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक माना जा रहा है। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और मुंबई में बड़े पैमाने पर की गई है। सिकंदर में सलमान फिर से निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ काम कर रहे हैं, जो किक और मुझसे शादी करोगी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं।

# जहीर संग इंटर-कास्ट मैरिज पर बोलीं सोनाक्षी दो दिल प्यार में थे... एक-दूजे का धर्म नहीं देखा



**अभिनेत्री** सोनाक्षी सिन्हा ने बीते वर्ष जून में जहीर इकबाल से शादी रचाई। यह इंटर-कास्ट शादी थी, लिहाजा दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी का फैसला किया। इसे लेकर हाल ही में सोनाक्षी ने बात की है।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अपनी शादीशुदा जिंदगी में बेहद खुश हैं। फैंस की पसंदीदा जोड़ी में शामिल सोना और जहीर ने बीते वर्ष जून में शादी रचाई। दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की। इसके बाद रिसेप्शन पार्टी का आयोजन किया। परिवार और बेहद करीबी दोस्त ही इनकी शादी में शामिल हुए। हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी इंटर-कास्ट मैरिज पर बात की।

सोनाक्षी और जहीर की शादी काफी सादगीभरे समारोह में हुई। सोनाक्षी और जहीर क्योंकि अलग-अलग धर्मों से ताल्लुक रखते हैं, लिहाजा इनकी शादी काफी चर्चा में रही। हाल ही में सोनाक्षी ने हॉटरफ्लाई के साथ एक इंटरव्यू में जहीर के साथ स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी करने के बारे में बात की। अलग-अलग धर्मों से ताल्लुक रखने को लेकर उन्होंने कहा, जहीर और मैं धर्म को नहीं देख रहे थे। यहां दो लोग हैं, जो एक-दूसरे से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं, अब ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?

### वो दिवाली पूजा में बैठता है, मैं उसके नियाज में

सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा, वह मुझ पर अपना धर्म नहीं थोप रहा है। मैं उस पर अपना धर्म नहीं थोप रही हूं। हम बैठकर इस बारे में बात नहीं करते हैं। हम एक-दूसरे की संस्कृति की तारीफ करते हैं और उसे समझते हैं। वे अपने घर में कुछ परंपराओं का पालन करते हैं। मैं अपने घर में कुछ परंपराओं को फॉलो करती हूं। उन्होंने ने यह भी बताया कि वे एक-दूसरे के धर्म का सम्मान कैसे करते हैं? सोनाक्षी ने कहा, जहीर मेरे साथ दिवाली पूजा में आकर बैठता है। और मैं उनके नियाज में जाकर बैठती हूं। यही बात मायने रखती है! मैं उनका और उनकी संस्कृति का सम्मान करती हूं और वे मेरा और मेरी संस्कृति का सम्मान करते हैं। उनके पूरे परिवार और मुझे लगता है कि ऐसा ही होना चाहिए।

### इस फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी और जहीर फिल्म डबल एक्सएल में साथ काम कर चुके हैं। सोनाक्षी और जहीर इकबाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर कपल गोल्स देते दिखते हैं। सोनाक्षी के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है.

साभार एजेंसी



# भगवान शिव का किरदार निभाकर अक्षय ने खुद को बताया भाग्यशाली

**आगामी** फिल्म 'कन्नप्पा' में अभिनेता अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे। इस अवसर पर वह अपने पिता को भी याद करते हैं। साथ ही बताते हैं कि कैसे उनके पिता ने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी।

सिने परदों पर अभिनेता अक्षय कुमार ने पहले भी भगवानों की भूमिका अदा की है। इस बार वह आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले हैं। इसे लेकर वह एक कार्यक्रम में अपने अनुभवों को साझा करते हैं। इसमें वह बताते हैं कि उनके पिता को भी एकबार शिव की भूमिका करने के लिए कहा गया था। आइए जानते हैं कि आखिर अक्षय कुमार ने क्या कहा..

### जब पिता ने निभाई शिव की भूमिका

मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान अक्षय कुमार ने बताया कि जब उनके पिता का ट्रांसफर मुंबई में हुआ था। उसी वक्त एक आदमी उनके पास आता है और पूछता है एक्टिंग करोगे? यह सुनकर पिता जी चौंक जाते हैं। फिर वह उन्हें सेट तक ले जाता है, जहां उनको भगवान शिव की पोशाक पहना दी जाती है। अक्षय कुमार बताते हैं कि उनके पिता 6.1 फिट लंबे थे। हालांकि, उनका रोल मात्र 5-10 सेकेंड का ही था। लेकिन आज उनके बेटे यानी अक्षय कुमार को भी भगवान शिव की भूमिका निभाने का अवसर मिल रहा है।

### जब अक्षय ने खुद को भाग्यशाली बताया

अभिनेता अक्षय कुमार ने बताया कि 2012 में आई ओह मॉय गॉड फिल्म में उनको भगवान श्रीकृष्ण की भूमका निभाने का अवसर मिला था। फिर साल 2023 में इस फिल्म की दूसरी भाग रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी।

अब वह आगामी तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है।



सान्या मल्होत्रा की जीत का सिलसिला जारी

# कटहल, मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट फिर से ओटीटी पर कर रही हैं ट्रेंड!

**मिसेज** की अभूतपूर्व सफलता के बाद, सान्या मल्होत्रा एक सच्ची सुपरस्टार के रूप में चमक रही हैं। अब, कटहल मीनाक्षी सुंदरेश्वर और पगलैट के साथ ट्रेंड कर रहा है, तीनों फिल्में ओटीटी पर टॉप 10 में फिर से प्रवेश कर चुकी हैं। फिर से ट्रेंड करना उनके प्रदर्शन के प्रति दर्शकों के अटूट प्यार को उजागर करता है और आज सबसे अधिक मांग वाले अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करता है। मिसेज को उनके सशक्त अभिनय के लिए व्यापक प्रशंसा मिलने के साथ, दर्शक उनकी पिछली फिल्मों को फिर से देख रहे हैं, उनकी बहुमुखी प्रतिभा और स्टार पावर का जश्न मना रहे हैं। मीनाक्षी सुंदरेश्वर के दिल को छू लेने वाले आकर्षण से लेकर पगलैट की भावनात्मक गहराई और कटहल की विचित्र प्रतिभा तक, सान्या ने सभी शैलियों में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा है। जैसे कि उनकी फिल्में एक बार फिर ओटीटी चार्ट पर हावी हो रही हैं, सान्या मल्होत्रा ??की लगातार सफलता साबित करती है कि वह सिर्फ एक कलाकार नहीं बल्कि दर्शकों की सच्ची पसंदीदा अभिनेत्री हैं, जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे बैंकेबल सितारों में से एक बनाती है। उनके प्रदर्शन को लेकर चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है, और प्रशंसक उनके अगले प्रोजेक्ट, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ बेनाम परियोजना में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। सान्या मल्होत्रा निर्विवाद रूप से एक बड़ी स्टार-पॉवर है।

### राजामौली की फिल्म में बढ़ा प्रियंका का रोल



**प्रियंका** चोपड़ा जोनस को फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने अपनी जंगल एडवेंचर ड्रामा फिल्म ऑफर की थी। इस फिल्म में प्रियंका के साथ महेश बाबू भी लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। जहां पहले प्रियंका चोपड़ा जोनस इस रोल को नहीं करना चाह रही थीं क्योंकि उनके मुताबिक यह बहुत छोटा था, अब राजामौली ने उनके रोल को उनके अनुसार बढ़ा दिया है। बताया जा रहा है कि राजामौली ने प्रियंका की ग्लोबल आइकन इमजे को ध्यान में रखकर फिर से उनका रोल लिखा है ताकि उनकी मौजूदगी जस्टिफाई हो सके। प्रियंका, राजामौली की नई फिल्म करने के लिए केवल इस शर्त पर सहमत हुईं कि उनकी मौजूदगी को सही ठहराने के लिए महिला नायक की भूमिका को बढ़ाया जाए। इस फिल्म के लिए प्रियंका ने 35 करोड़ रुपए लिए हैं। इस फिल्म के लिए प्रियंका ने 35 करोड़ रुपए की फीस ली है।

# वरिष्ठ सैन्य अफसरों को बर्खास्त करने के ट्रंप के फैसले की पूर्व रक्षा मंत्रियों ने आलोचना की

» वाशिंगटन, भाषा।

पांच पूर्व रक्षा मंत्रियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष और कई अन्य वरिष्ठ सैन्य अफसरों को बर्खास्त करने के मामले में कांग्रेस से तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया है। एसोसिएटेड प्रेस के पास उपलब्ध एक पत्र से यह जानकारी सामने आई। पांचों व्यक्तियों - जिन्होंने पिछले तीन दशकों से रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया है - ने कहा कि येबर्खास्तगी चिंताजनक हैं, इसने प्रशासन की सेना का राजनीतिकरण करने की इच्छा के बारे में परेशान करने वाले प्रश्न उठाए हैं और राष्ट्रपति की शक्ति पर कानूनी सीमाएं हटा दी हैं। पिछले हफ्ते के अंत में ट्रंप ने वायुसेना के जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर को ज्वाइंट चीफ्स के अध्यक्ष पद से हटा दिया।



इसके बाद रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने नौसेना संचालन प्रमुख एडमिरल लिसा फ्रेंचेटी, वायुसेना के उप प्रमुख जनरल जिम स्लाइफ और सैन्य सेवाओं के लिए जज एडवोकेट जनरल को हटा दिया। हेगसेथ ने ब्राउन की बर्खास्तगी का बचाव करते हुए कहा कि अन्य राष्ट्रपतियों ने भी सैन्यकर्मियों में बदलाव किए थे और ट्रंप को अपनी टीम चुनने का अधिकार है। विलियम पेरी, लियोन पेनेटा, चक हेगल, जिम मैटिस और लॉयड ऑस्टिन द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि बर्खास्तगी का कोई वास्तविक औचित्य नहीं है, क्योंकि इनमें से कई अधिकारियों को पूर्व में भी ट्रंप द्वारा ही नामित किया गया था। इसमें कहा गया कि उनका करियर अनुकरणीय रहा है, जिसमें परिचालन और युद्ध का अनुभव भी शामिल है। पत्र में कहा गया है, हम, बहुत से अमेरिकियों की तरह - जिनमें अनेक सैनिक भी शामिल हैं - इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इन अधिकारियों को विशुद्ध रूप से पक्षपातपूर्ण कारणों से हटाया जा रहा है। उन्होंने पत्र में कहा, हम कांग्रेस के सदस्यों से कोई उपकार करने के लिए नहीं कह रहे हैंअ हम उनसे अपना काम करने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बीच, सीनेटरों को पेंटागन (अमेरिकी रक्षा मंत्रालय) के किसी भी नए नामांकन की पुष्टि करने से इनकार कर देना चाहिए, जिसमें सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन (का नामांकन) भी शामिल हैं, जिनके बारे में ट्रंप ने कहा है कि उन्हें अगला ज्वाइंट चीफ अध्यक्ष होना चाहिए।

## अंतर-सरकारी वार्ता का पूर्ण अधिवेशन

# भारत ने यूएनएससी में पारदर्शिता की कमी को रेखांकित किया

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की सहायक संस्थाओं के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए भारत ने कहा है कि आतंकवादी संगठनों को काली सूची में डालने के अनुरोधों को अस्वीकार करने या स्थगित करने के विवरण सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं और इनकी जानकारी चुनिंदा देशों को होती है जो छद्म वीटो के समान है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने बृहस्पतिवार को यहां अंतर-सरकारी वार्ता पूर्ण अधिवेशन - कार्य पद्धतियों पर सामूहिक बहस कार्यक्रम के दौरान 15 देशों की सुरक्षा परिषद और इसकी कार्य पद्धतियों में तत्काल सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया।



उन्होंने अपने संबोधन में यूएनएससी की सहायक संस्थाओं के कामकाज में अधिक पारदर्शिता से लेकर शांति स्थापना जनादेश के कार्यान्वयन के विषय में बात की। हरीश ने कहा, संस्था में सुधारों की मांग जोरदार और स्पष्ट है। यह आह्वान ऐसे समय में अधिक महत्व रखता है जब दुनिया विभिन्न हिस्सों में मानवता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों-विशेष रूप से शांति एवं सुरक्षा के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र के सार्थक हस्तक्षेप करने की क्षमता के संबंध में आशंका व्यक्त कर रही है। परिषद की कार्य पद्धतियों के संबंध में विशिष्ट क्षेत्रों में तत्काल सुधार की मांग करते हुए हरीश ने कहा कि परिषद की सहायक संस्थाओं के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, सूचीबद्ध करने (आतंकवादी संगठनों को काली सूची में डालने) संबंधी निर्णय जब सार्वजनिक किए जाते हैं, तब सूचीबद्ध करने के अनुरोधों को अस्वीकार करने या तकनीकी रोक लगाने से संबंधित विवरण कुछ चुनिंदा लोगों के पास ही होते हैं। यह वास्तव में एक छद्म वीटो है। आतंकवादी संगठनों और व्यक्तियों को काली सूची में डालने के अनुरोधों को लेकर परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति समेत उसकी सहायक संस्थाओं की कार्यपद्धति पर भारत ने कई बार चिंता व्यक्त की है।

## अमेरिका में सैंकड़ों मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं को नौकरी से निकाला गया



**वाशिंगटन।** अमेरिका में सैकड़ों मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं और राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) के अन्य संघीय कर्मचारियों को बृहस्पतिवार को नौकरी से निकाल दिया गया। सांसदों और मौसम विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। जिन संघीय कर्मचारियों को नौकरी से नहीं निकाला गया, उन्होंने बताया कि निकाले गए कर्मचारियों में वे मौसम विज्ञानी भी शामिल थे, जो देश भर में राष्ट्रीय मौसम सेवा कार्यालयों में महत्वपूर्ण स्थानीय पूर्वानुमान लगाते हैं। एनओएए के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक क्रेग मैकलीन ने कहा कि एनओएए में कटौती दो चरण में हो रही है और पहले चरण में 500 जबकि दूसरे चरण में 800 कर्मचारियों की छंटनी की गई है। मैकलीन ने कहा कि उन्हें यह सूचना किसी ऐसे व्यक्ति से मिली है जिसे इस विषय में प्रत्यक्ष जानकारी है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में परिवीक्षाधीन (प्रोबेशनरी) कर्मचारियों की छंटनी की गई।

## बंद हो चुकी एजेंसी यूएसएआईडी के मुख्यालय से नम आंखों के साथ विदा हुए कर्मचारी

**वाशिंगटन।** यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के कर्मचारी बंद हो चुकी एजेंसी के मुख्यालय से बृहस्पतिवार को नम आंखों के साथ विदा हुए। संसद की मंजूरी से स्थापित की गई इस एजेंसी को बंद करने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर तेजी से अमल किया जा रहा है और यह प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस सप्ताह बड़े पैमाने पर भेजे गए नोटिसों के तहत दुनिया भर में मानवीय और विकास कार्यों के लिए यूएसएआईडी के 90 प्रतिशत से अधिक अनुबंध समाप्त किए जा रहे हैं। प्रशासन ने हाल के दिनों में यूएसएआईडी के अधिकतर कर्मचारियों को सूचित किया था कि उन्हें छुट्टी पर भेजा जा रहा है या नौकरी से निकाला जा रहा है। इसके बाद वाशिंगटन में स्थित मुख्यालय में काम करने वाले हजारों लोगों को संघीय अधिकारियों की निगरानी में अपने कार्यालय खाली करने के लिए 15 मिनट का समय दिया। इसके बाद कुछ कर्मचारी अपना सामान उठाते समय रो पड़े। जूलियन एल्फेन ने कहा, यह दिल तोड़ने वाला है। सैकड़ों सहकर्मियों की तरह, एल्फेन को भी सोमवार को औपचारिक नोटिस मिला कि उनकी बर्खास्तगी सरकार के सर्वोत्तम हित में है।

## मेक्सिको ने ड्रग माफिया कैरो क्विंटेरो और 28 अन्य को अमेरिका भेजा

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बढ़ते दबाव के बीच मेक्सिको ने मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह से जुड़े 29 लोगों को अमेरिका भेजा है, जिसमें ड्रग माफिया राफेल कैरो क्विंटेरो भी शामिल है। क्विंटेरो 1985 में अमेरिकी डीईए (ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन) के एक एजेंट की हत्या में शामिल था। मेक्सिको के शीर्ष अधिकारी इस समय वाशिंगटन में मौजूद हैं। वे कोशिश कर रहे हैं कि मेक्सिको के सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर रोक लग जाए, जिसपर मंगलवार से अमल होना है। मेक्सिको सरकार के अनुसार, बृहस्पतिवार को अमेरिका भेजे गए लोगों को मेक्सिको की जेलों से मेक्सिको सिटी के उत्तर में एक हवाई अड्डे पर लाया गया और विमान से अमेरिका के आठ शहरों में ले जाया गया। उनमें से छह मेक्सिको के पांच संगठित अपराध समूहों के सदस्य थे, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया था। दोनों देशों के अभियोजकों के अनुसार, बृहस्पतिवार को अमेरिका भेजे गए कैदियों पर नशीले पदार्थों की तस्करी और हत्या से संबंधित आरोप हैं।

## खैबर पख्तूनख्वा में एक मदरसे में विस्फोट से प्रमुख मौलाना सहित पांच लोगों की मौत, 20 व्यक्ति घायल



**पेशावर।** रमजान के महीने से पहले उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित एक मदरसे में जुमे की नमाज अदा करने के दौरान शक्तिशाली विस्फोट होने से प्रमुख मौलाना सहित पांच लोगों (नमाजियों) की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्य सचिव शाहब अली शाह ने बताया कि दारुल उलूम हक्कानिया नामक मदरसे में यह विस्फोट हुआ है, जिसमें जमीयत उलेमा इस्लाम (सामी समूह) के प्रमुख एवं नौशेरा जिले के अकोरा खट्टक स्थित मदरसा-ए-हक्कानिया की देखरेख करने वाले हमीदुल हक हक्कानी की मौत हो गई है। हमीदुल हक के पिता मौलाना समी उल हक की मौत हो जाने के बाद उन्हें जेयूआई (सामी समूह) का प्रमुख बनाया गया था। उनका जन्म 1968 में हुआ था। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) जुल्फिकार हमीद ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि इस हमले को आत्मघाती बम हमलावर के जरिए अंजाम दिया गया और हमीदुल हक ही निशाने पर थे। उन्होंने बताया, हमने हमीदुल हक को छह सुरक्षा गार्ड मुहैया कराए हुए थे। नौशेरा के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) अब्दुर रशीद ने बताया कि मदरसे में जुमे की नमाज अदा करने के दौरान यह विस्फोट हुआ। दारुल उलूम हक्कानिया मदरसा सुन्नी इस्लाम के हनफी देवबंदी विचार का प्रचार करता है। मौलाना अब्दुल हक ने भारत के दारुल उलूम देवबंद मदरसा की तर्ज पर ही उक्त मदरसे की स्थापना की थी। दारुल उलूम हक्कानिया मदरसे की शिक्षण पद्धति की विषय-वस्तु के कारण इसे जिहाद का विश्वविद्यालय कहा जाता है। तालिबान के पूर्व प्रमुख अख्तर मंसूर सहित आतंकी संगठन के कई प्रमुख सदस्यों ने इस मदरसे में पढ़ाई की है। बचाव दल ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। नौशेरा और पेशावर दोनों अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के नेताओं ने लोगों से घायलों के लिए रक्तदान करने की अपील की है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने इस दुखद घटना की निंदा की और हमले के सभी पहलुओं पर संबंधित अधिकारियों को एक व्यापक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। गंडापुर ने मदरसे पर किए गए इस हमले को निर्दोष लोगों की हत्या करने का अमानवीय कृत्य करार दिया।

# उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल परीक्षण का दावा किया

» सियोल (दक्षिण कोरिया), भाषा।

उत्तर कोरिया ने परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सामरिक रूप से अहम क्रूज मिसाइल के परीक्षण का शुक्रवार को दावा किया। इससे कुछ ही दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका से बढ़ते खतरे का जवाब देने का संकल्प लिया था। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर मिसाइल परीक्षणों की निगरानी की। यह उत्तर कोरिया का इस साल चौथा और अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दूसरा मिसाइल प्रक्षेपण कार्यक्रम है।



केसीएनए ने कहा कि इन प्रक्षेपणों का उद्देश्य हमारी सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन करने वाले और टकराव के माहौल को बढ़ावा देने वाले शत्रुओं को उत्तर कोरियाई सेना की जवाबी हमले की क्षमता और उसके परमाणु संचालन की तत्परता के बारे में सूचित करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने परीक्षण के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सेना को युद्ध तथा अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने पिछले शनिवार को आरोप लगाया था कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और उसके सहयोगी उत्तर कोरिया को निशाना बनाकर और गंभीर सैन्य उकसावे की कार्रवाई कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान : तीर्थयात्रा के लिए भारत में प्रवेश करने से पहले हिंदू युवक का अपहरण

» कराची, भाषा।



पाकिस्तान में एक हिंदू युवक को कुछ अज्ञात लोगों ने उस समय अगवा कर लिया जब वह और उसका परिवार भारत में तीर्थयात्रा के लिए वाघा सीमा पार करने वाले थे। युवक की बहन ने यह दावा करते हुए पाकिस्तान के सेना प्रमुख और सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की अपील की है। निर्मला ने बताया कि उनके भाई ओम प्रकाश कुमार को 21 फरवरी को लाहौर की ओर वाघा सीमा स्थित आव्रजन कार्यालय से अगवा कर लिया गया और वह अब भी लापता हैं। यह परिवार कराची से लगभग 230 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में दक्षिणी सिंध प्रांत के मीरपुरखास में रहता है।

सामाजिक कार्यकर्ता शिवा काछी द्वारा बृहस्पतिवार देर रात सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो संदेश में निर्मला ने बताया कि वह और उसका परिवार ओम प्रकाश समेत गंगा तीर्थयात्रा के लिए भारत जा रहे थे। पेशे से डॉक्टर निर्मला ने बताया कि जब वे सभी लोग आव्रजन काउंटर पर थे, तब सादे कपड़ों में कुछ लोग प्रकाश के पास आए और उनसे पूछताछ करने लगे। निर्मला ने बताया कि बाद में उन्होंने ओम प्रकाश का पासपोर्ट, वीजा फॉर्म और मोबाइल फोन ले लिया तथा उसे दूसरे कमरे में ले गए। निर्मला ने कहा, जब मैंने पूछताछ की और रोने लगी तो उनमें से एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैं अपने परिवार को वापस घर ले जाऊं। हम केवल इतना जानते हैं कि उसके बाद वे लोग मेरे भाई को किसी अज्ञात स्थान पर ले गए और वह अभी तक वापस नहीं आया है। इस घटना को एक हफ्ता बीत चुका है लेकिन सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# रूस और अमेरिका के राजनयिकों ने इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता की

» इस्तांबु, भाषा।

रूस और अमेरिका के राजनयिकों ने बृहस्पतिवार को तुर्किए के इस्तांबुल में मुलाकात करके अपने-अपने देशों में स्थित एक-दूसरे के दूतावासों के संचालन को सामान्य बनाने पर चर्चा की। दोनों देशों ने पिछले कुछ वर्षों में एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर और दोनों देशों के अधिकारियों के बीच सऊदी अरब में हुई बातचीत के बाद इस्तांबुल में ये वार्ताएं हुई हैं। संघीय सुरक्षा सेवा की बृहस्पतिवार को हुई बैठक के दौरान पुतिन ने ट्रंप प्रशासन की व्यावहारिकता और उनके यथार्थवादी दृष्टिकोण की सराहना की। पुतिन ने कहा, नए अमेरिकी प्रशासन के साथ हुए पहले संपर्क से कुछ आशाएं बढ़ी हैं।



संबंधों को बहाल करने और वैश्विक व्यवस्था में मौजूद रणनीतिक समस्याओं को धीरे-धीरे हल करने के उद्देश्य से काम करने के लिए पारस्परिक तत्परता है। अंकारा में स्थित अमेरिकी दूतावास के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि इस्तांबुल वार्ता में संबंधित राजनयिक मिशनों के संचालन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को कहा, अमेरिका ने बैंकिंग व अनुबंधित सेवाओं तक पहुंच और मॉस्को स्थित अमेरिकी दूतावास में कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में बात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय मिशन संचालन को स्थिर बनाने के लिए ठोस प्रारंभिक कदमों पर विचार-विमर्श किया। वार्ता के बाद मास्को ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, वार्ता छह घंटे से अधिक समय तक चली। रूसी संसद के उच्च सदन की स्पीकर वेलेंटिना मतविएन्को ने बृहस्पतिवार को तुर्किए की यात्रा के दौरान कहा कि अमेरिका-रूस वार्ता से हमारे राजनयिक मिशनों में कामकाज पूरी तरह बहाल करने में मदद मिलेगी। रूस द्वारा 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया को अवैध रूप से कब्जाने और 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद मॉस्को और वाशिंगटन के बीच संबंध शीत युद्ध के बाद से सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। पिछले सप्ताह हुई वार्ता में कोई भी यूक्रेनी अधिकारी उपस्थित नहीं था। क्रेमलिन ने कहा है कि यह बैठक अमेरिका के साथ संबंधों और वार्ता को बहाल करने के लिए थी।

## ट्रंप से मुलाकात में जेलेंस्की भविष्य में रूसी आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की सुरक्षा की गुहार लगाएंगे



**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे, जिसपर सबकी निगाहें टिकी हैं। इस मुलाकात में यह पता चलेगा कि ट्रंप भविष्य में रूस के आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन को अमेरिकी सहायता मुहैया कराने का वादा करेंगे या नहीं। वाशिंगटन यात्रा के दौरान जेलेंस्की का प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक आर्थिक समझौता कर सकता है, जिसका उद्देश्य युद्ध से तबाह हुए यूक्रेन के पुनर्निर्माण के लिए पैसा जुटाना है।इस संभावित समझौते को तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बरकरार हैं। दोनों नेताओं के बीच संभवत शुक्रवार को होने वाली वार्ता में इस मुद्दे पर बात हो सकती है। हालांकि ट्रंप ने अमेरिका की ओर से यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने को लेकर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

## काठमांडू शक्तिशाली भूकंप से दहला, चार लोग घायल

» काठमांडू , भाषा।

नेपाल में काठमांडू के निकट शुक्रवार तड़के शक्तिशाली भूकंप आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 मापी गई। इसके कारण काठमांडू समेत अन्य इलाकों में चार लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र काठमांडू से 65 किलोमीटर पूर्व में सिंधुपालचौक जिले के भैरवकुंड में था। यह भूकंप देर रात दो बजकर 51 मिनट पर आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 दर्ज की गई। भूकंप के बाद सिंधुपालचौक जिले के कुछ घरों में दरारें पड़ गईं।

अधिकारियों के अनुसार, काठमांडू घाटी के अलावा, दक्षिणी और पूर्वी नेपाल में भी लोगों ने भूकंप महसूस किया। भूकंप के कारण काठमांडू और आस-पास के इलाकों में कई लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के बाद काठमांडू में दो लोग घायल हो गए, जबकि चौतारा जेल का एक कैदी घायल हो गया क्योंकि वह भागने की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के तुरंत बाद सिंधुपालचौक जिले के एक गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति अपने घर से बाहर निकलने की कोशिश में घायल हो गया।

## हमास सात अक्टूबर 2023 को देश के इतिहास में सबसे घातक हमला करने में सक्षम था

# इजराइली सेना ने सात अक्टूबर के हमले में विफलता स्वीकार की, उग्रवादी संगठन की क्षमता को कम आंका

» तेल अवीव, भाषा।

इजराइली सेना द्वारा की गई जांच से यह पता चला है कि हमास सात अक्टूबर 2023 को देश के इतिहास में सबसे घातक हमला करने में सक्षम था क्योंकि इजराइली सेना ने उग्रवादी समूह के इरादों को गलत समझा और उसकी क्षमताओं को कम करके आंका। बृहस्पतिवार को जारी किए गए निष्कर्षों से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव पड़ सकता है कि वह हमले से पहले की राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया की पड़ताल के लिए व्यापक रूप से मांग की जा रही विस्तृत जांच शुरू करें, जिसके कारण गाजा में युद्ध शुरू हो गया। कई इजराइलियों का मानना है कि सात अक्टूबर की गलतियां सैन्य बलों से परे हैं, और वे हमले से पहले के वर्षों में निवारण और नियंत्रण की असफल रणनीति के लिए नेतन्याहू को दोषी मानते हैं।



इस रणनीति में कतर को गाजा में नकदी से भरे बैग भेजने की अनुमति देना तथा हमास के प्रतिद्वंद्वी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त फलस्तीनी प्राधिकरण को दरकिनार करना शामिल था। प्रधानमंत्री ने जिम्मेदारी नहीं ली है और कहा है कि वह युद्ध के बाद ही कठिन सवालों का जवाब देंगे, जो कि एक अस्थिर युद्धविराम के कारण लगभग छह सप्ताह से रुका हुआ है। सात अक्टूबर के हमले में मारे गए लगभग 1,200 लोगों और गाजा में बंधक बनाए गए 251 लोगों के परिवारों सहित जनता के दबाव के बावजूद, नेतन्याहू ने जांच आयोग की मांग का विरोध किया है। सेना के मुख्य निष्कर्ष यह हैं कि क्षेत्र की सबसे शक्तिशाली और परिष्कृत सेना ने हमास के इरादों को गलत समझा, उसकी क्षमताओं को कम करके आंका और वह एक प्रमुख यहूदी अवकाश के दिन सुबह-सुबह भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा किए गए आश्चर्यजनक हमले के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थी। बृहस्पतिवार को मीडिया के साथ साझा की गई टिप्पणी में, सेना के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि वह सेना की विफलताओं की जिम्मेदारी लेते हैं।

## गाजा में संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इजराइल और हमास के बीच वार्ता शुरू : मिस्र

**खान यूनिस (गाजा)।** मिस्र ने कहा है कि गाजा में संघर्ष विराम के अगले चरण को लेकर इजराइल और हमास के बीच वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हो चुकी है। समझौते का पहला चरण शनिवार को समाप्त होना है, उससे पहले दोनों पक्षों के बीच वार्ता आरंभ होने से समझौते पर मंडरा रहा खतरा फिलहाल टल गया है। मिस्र की सरकारी सूचना सेवा ने एक बयान में कहा कि इजराइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने काहिरा में संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर गहन चर्चाएं आरंभ कर दी हैं। बयान में कहा गया है, मध्यस्थ, गाजा में मानवीय सहायता की आपूर्ति बढ़ाने के रास्तों पर भी चर्चा कर रहे हैं। दूसरे दौर की वार्ता का उद्देश्य युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करना है, जिसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी, तथा क्षेत्र से सभी इजराइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है।

# बांग्लादेश में अशांति के बीच छात्रों के नेतृत्व में राजनीतिक पार्टी बनेगी

» ढाका, भाषा।

बांग्लादेश में पिछले साल हुए आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले छात्रों के नेतृत्व में देश में एक नए राजनीतिक दल का उदय होने जा रहा है। इस आंदोलन के कारण अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को उखाड़ फेंका गया था। मध्य ढाका के माणिक मिया एवेन्यू में जातीय नागरिक पार्टी या राष्ट्रीय नागरिक पार्टी (एनसीपी) की शुरुआत के लिए एक बड़ा मंच तैयार है, जिसका नेतृत्व भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन, जिसे स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) भी कहा जाता है, के प्रमुख नेता कर रहे हैं। छात्र आंदोलन ने बड़े पैमाने पर विद्रोह का नेतृत्व किया, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष पांच अगस्त को हसीना के 15 वर्षों से अधिक के शासन का अंत हुआ था। इस घटनाक्रम के तीन दिन बाद, मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्यभार संभाला, जो प्रभावी रूप से प्रधानमंत्री थे।



एनसीपी नेताओं ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्थापना समारोह में देश भर से छात्रों सहित लगभग तीन लाख लोग आएंगे। नई पार्टी के मीडिया प्रकोष्ठ के एक प्रवक्ता ने कहा, जुलाई-अगस्त के जन-विद्रोह में अपनी जान देने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों के साथ-साथ सभी 64 जिलों के लोग हमारे उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, हमने प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है। नई पार्टी की शुरुआत यूनुस के समर्थन से की जा रही है, जिन्होंने अगस्त 2024 में एसएडी के उम्मीदवार के रूप में मुख्य सलाहकार का पद संभाला था। एनसीपी नेताओं ने कहा कि यूनुस भी उनके स्थापना समारोह में आमंत्रित हैं। अन्य उच्च-स्तरीय आमंत्रित हस्तियों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जियाअ उनके पुत्र और कार्यवाहक बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमानअ बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीरअ जमात-ए-इस्लामी के अमीर शफीकुर रहमान और कई इस्लामी, दक्षिणपंथी और वामपंथी दलों और समूहों के नेता शामिल हैं।